CMYK

तापमान
अधिकतम :35⁰C
न्यूनतम: 22⁰C

सेंसेक्स निफ्टी
81,451.01
24,750.70

सोना चांदी
98,010
99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, रविवार 1 जून 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 299 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 4 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## राजीव कृष्णा बने उप्र के नए डीजीपी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा को उत्तर प्रदेश का नया कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। मौजूदा डीजीपी प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिला है।

राजीव कृष्णा वर्तमान में डीजी विजिलेंस के पद पर तैनात हैं। डीजीपी के चयन को लेकर अब तक संघ लोक सेवा आयोग को कोई प्रस्ताव भेजे जाने की पुष्टि नहीं है।



**■ प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिला**

डीजीपी के चयन के लिए राज्य सरकार ने पिछले वर्ष पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश के पुलिस -शेष पृष्ठ दो पर

## सीडीएस अनिल चौहान ने खोली पाक की पोल

**सिंगापुर।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के नुकसान को लेकर पाकिस्तान के दावों पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग के दौरान एक साक्षात्कार में उसकी पोल खोल दी है।

यहां ब्लूमबर्ग टीवी को दिए गए साक्षात्कार में जब उनसे पूछा गया कि क्या तनाव के दौरान पाकिस्तान ने भारत के राफेल समेत छह फाइटर जेट मार गिराए थे? तो उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया। इस सवाल का जवाब देते हुए सीडीएस अनिल



**■ शहबाज शरीफ के छह भारतीय जेट गिराने के दावे को बताया सरासर झूठ**

चौहान ने कहा कि जो अहम सवाल है वह यह नहीं है -शेष पृष्ठ दो पर

## विधायक अब्बास अंसारी को हेट स्पीच मामले में दो साल की सजा



**मऊ।** उप्र में मऊ जिले के सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक अब्बास अंसारी को हेट स्पीच मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार देते हुए दो साल की कैद और 11 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। शनिवार को एमपी-एमएलए कोर्ट न्यायाधीश डा. कृष्ण प्रताप सिंह ने सुबह ही स्व. मुख्तार अंसारी के विधायक पुत्र अब्बास अंसारी व उनके एक सहयोगी मंसूर अंसारी को हेट स्पीच मामले में दोषी करार दिया था। दोषी करार देने के साथ ही दोनों लोगों को पुलिस द्वारा अभिरक्षा में ले लिया गया। विभिन्न धाराओं में दोषी पाते हुए अब्बास अंसारी को दो साल की कैद व अलग-अलग धाराओं से जोड़े गए कुल रकम 11 हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई गई वहीं विधायक अब्बास अंसारी के इलेक्शन एजेंट व सहयोगी मंसूर अंसारी को 120बी के तहत छह माह की सजा और एक हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया गया।






## जम्मू-कश्मीर व गुजरात समेत छह राज्यों में मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन शील्ड के तहत शनिवार को देश के 6 राज्यों जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में मॉक ड्रिल हुई। शाम 5 बजे से रात 9 बजे के दौरान एयर स्ट्राइक, अटैक और ब्लैक आउट की ड्रिल को पूरा किया गया। सबसे पहले सभी 6 राज्यों के कई जिलों में एयर स्ट्राइक, बॉम्ब ब्लॉस्ट, फायरिंग, इमारत में आग लगने पर स्थिति से कैसे निपटा जाए, इसकी ड्रिल को पूरा किया गया। पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, फायर बिग्रेड और वॉलंटियर्स की टीमें इसमें शामिल हुईं। ड्रिल के दौरान इमारत में आग लगने पर लोगों को बाहर निकालने, घायलों को तुरंत रेस्क्यू कर मेडिकल हेल्प देने, एम्बुलेंस के जरिये उन्हें अस्पताल भेजने, इमारतों में लगी आग पर काबू पाने की ड्रिल को अंजाम दिया गया। इस दौरान बिना देर किए क्विक रिस्पॉन्स देने पर फोकस किया गया। रात 8 बजे से 9 बजे के बीच इन राज्यों में ब्लैकआउट रहा। सायरन बजने के साथ ही कई जिलों में 15 मिनट, कहीं 20 से 25 मिनट, तो कहीं 30 मिनट तक ब्लैक आउट रहा।

## अरुणाचल: भूस्खलन में सात लोगों की मौत

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी कामेंग जिले में शुक्रवार देर रात भारी बारिश के दौरान बाना और सेप्पा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-13 पर हुए भूस्खलन में सात लोगों की मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और यातायात बाधित हो गया। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-13 के बाना-सेप्पा खंड पर हुए भूस्खलन में सात लोगों को ले जा रहा एक वाहन बह गया और गहरी खाई में गिर गया। वाहन सेप्पा की ओर जा रहा था, तभी बारिश के कारण हुए

# देश के अंतिम नागरिक तक पहुंचे न्याय:CJI

### कहा: संकट के समय देश रहा एकजुट, इसका श्रेय संविधान को

प्रयागराज, वार्ता

**भारत के** मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई (जस्टिस बीआर गवई) ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका हो या कार्यपालिका, देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नवनिर्मित चैंबर्स व मल्टीलेवल पार्किंग बिल्डिंग के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि संविधान के 75 वर्षों के कालखंड में न्यायपालिका और कार्यपालिका ने ऐसे बहुत से कानून बनाए हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। जमींदारों से जमीन लेकर लोगों को दी गई है। खेती करने वालों को जमीन का मालिक बनाया गया। ऐसे बहुत से कानून हैं, जिसके तहत देश के वर्किंग क्लास और लेबर क्लास को सशक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने वकीलों के लिए इतनी बड़ी सुविधा के लिए फंड्स उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने भारत में एक सामाजिक न्याय की भावना से कार्य किया उनकी जयंती के अवसर पर आज इस भवन का उद्घाटन हो रहा है, यह हमारे लिए गौरव की बात है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जब 25 नवंबर 1949 को बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान का अंतिम ड्राफ्ट कॉन्स्टिट्यूशनल असेंबली के सामने रखा था, तब उन्होंने जो भाषण दिया वह हमारे देश को दिशा देने वाला था। उन्होंने उस समय एक चेतावनी दी थी कि जब तक हम सामाजिक और आर्थिक असमानता को दूर नहीं करेंगे तब तक इस देश में सही मायनों में जनतंत्र का निर्माण नहीं हो पाएगा। आज हम देखते हैं कि जो हमारे 75 साल की यात्रा रही उसमें हमारी कार्यपालिका और न्यायपालिका ने भारत में -शेष पृष्ठ दो पर



**■ न्यायपालिका और कार्यपालिका ने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया**

## सभी हाईकोर्ट के लिए आदर्श बना इलाहाबाद उच्च न्यायालय: गवई

**प्रयागराज।** सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई ने कहा कि देश के सभी हाईकोर्ट के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय आदर्श बना हुआ है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर में 680 करोड़ रुपये की लागत से तैयार मल्टीलेवल पार्किंग और अधिवक्ताओं के लिए तैयार वातानुकूलित चैंबर्स का शनिवार को उद्घाटन किया। उन्होंने अधिवक्ताओं के लिए 680 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले वातानुकूलित चैंबर्स और मल्टीलेवल पार्किंग के लिए सराहना की।

**■ न्यायालय परिसर में 680 करोड़ रुपये की लागत से तैयार मल्टीलेवल पार्किंग किया उद्घाटन**

## अब आतंकियों के जरिये प्रॉक्सी वॉर नहीं चलेगी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उसे साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अब आतंकवादियों के जरिये प्रॉक्सी वॉर (छद्म युद्ध) नहीं चलेगा और ऐसा होने पर उन्हें हम घर में घुसकर मारेंगे।

श्री मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की तीन सौवीं जयंती के अवसर पर यहां आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित किया। अपने लगभग 40 मिनट के भाषण में उन्होंने अपना संबोधन महिलाओं के शौर्य पर केंद्रित रखा। साथ ही हाल में संपन्न ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब आतंकवादियों के जरिये छद्म युद्ध नहीं चलेगा। ऐसा होने पर हम उन्हें घर में घुसकर मारेंगे। आतंकवादियों की जो भी मदद करेगा, उन्हें भारी कीमत चुकाना पड़ेगी। अब प्रत्येक भारतीय कह रहा है और उनकी भावनाओं के अनुरूप अब यदि वे गोली चलाएंगे, तो इसका जवाब गोले से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में पहलगाम में आतंकवादियों ने सिर्फ भारतीयों का ही खून नहीं बहाया। हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है। हमारे समाज को बांटने की कोशिश की है। आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है। ये चुनौती आतंकवादी और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है। इस हमले के बाद भारत की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादियों के खिलाफ देश का अब तक का सबसे बड़ा और सफल ऑपरेशन है। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान की सेना ने सोचा भी नहीं था, वहां आतंकी ठिकानों को हमारी सेना ने मिट्टी में मिला दिया। सैकड़ों किलोमीटर दूर तक। श्री मोदी ने कहा कि साथियों ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारी शक्ति के सामर्थ्य का भी प्रतीक बना है। बीएसएफ का ऑपरेशन में बड़ा रोल रहा है।



**■ आतंकियों की जो भी मदद करेगा, उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी: मोदी**




## संक्षिप्त समाचार

### हरदोई में कार खाई में पलटी, पांच मरे छह की हालत गंभीर

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के मझिला क्षेत्र में शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में पिता पुत्र समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम भुप्पा पुरवा मोड़ के पास तड़के करीब तीन बजे हुआ जब आलमनगर मार्ग पर भुप्पा पुरवा मोड़ पर तेज रफ्तार आर्टिका कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। उन्होंने बताया कि पाली थाना क्षेत्र के पटियानीम गांव निवासी नीरज की बारात कुसुमा गांव गई थी। विवाह समारोह के पश्चात बाराती घर वापस लौट रहे थे कि यह हादसा हो गया। हादसे में कार में जितेंद्र, आकाश, सिद्धार्थ, रामू, जौहरी और छह अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार के अंदर फंसे सभी घायलों को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने जितेंद्र, उसके पुत्र सिद्धार्थ, रामू, आकाश और जौहरी को मृत घोषित कर दिया, जबकि छह अन्य की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### खड़गे ने वन्यजीव विशेषज्ञ वाल्मीकि थापर के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रसिद्ध वन्यजीव विशेषज्ञ, लेखक एवं प्रकृति प्रेमी वाल्मीक थापर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। खड़गे ने कहा कि थापर के निधन के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। बाघ संरक्षण के अग्रणी अधिकारी रहे थापर भारत के सबसे सम्मानित वन्यजीव विशेषज्ञों में से एक थे। उन्हें वर्ष 2005 के बाघ टास्क फोर्स का सदस्य नियुक्त किया गया था। उनके परिवार, दोस्तों, वन्यजीव उत्साही और संरक्षण समुदाय के प्रति मेरी गहरी संवेदना। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भी थापर के निधन पर शोक जताया और कहा कि वन्यजीव संरक्षण क्षेत्र में खासकर, बाघ संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले वाल्मीक थापर का निधन देश के लिए बड़ी क्षति है। आज का रणथंभौर उनकी गहरी प्रतिबद्धता और अथक उत्साह का प्रमाण है।

### विजेंद्र गुप्ता ने तंबाकू मुक्त दिल्ली का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को युवाओं से आह्वान किया कि वह तंबाकू-मुक्त संस्कृति के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। विजेन्द्र गुप्ता ने 'वॉक फॉर लाइफ - क्विट टोबैको' पहल का नेतृत्व किया। यह कार्यक्रम दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन और राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रोहिणी में पदयात्रा आयोजित किया गया। इस जागरूकता अभियान में चिकित्सा विशेषज्ञों, सामाजिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों, छात्रों और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर गुप्ता ने तंबाकू सेवन से उत्पन्न खतरों के विरुद्ध एकजुट सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तंबाकू की लत एक ऐसी महामारी है जिसे रोका जा सकता है, लेकिन यह आज भी अनगिनत जिंदगियों को निगल रही है और परिवारों पर बोझ बन रही है।

# कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का भी बड़ा महत्व

**प्रयागराज, वार्ता**



- अधिवक्ता चैंबर्स और पार्किंग भवन के उद्घाटन समारोह में बोले मुख्यमंत्री योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई द्वारा शनिवार को हाईकोर्ट परिसर में 680 करोड़ से बने अधिवक्ता चैंबर्स और पार्किंग भवन के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने 2017 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आयोजित कार्यक्रम को याद करते हुए बताया कि तब 'उन्होंने' कहा था कि सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफ लॉ है। योगी ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का भी महत्व है। उन्होंने अधिवक्ताओं का दर्द बयां किया और कहा कि टूटे चैंबर व पेड़ के नीचे बैठने के साथ ही अधिवक्ता हर विपरीत परिस्थिति में कार्य करते हुए न्याय की जद्दोजेहद करते दिखते हैं।

उन्होंने थोड़ा मजाकिया लहजे में कहा कि अधिवक्ताओं के वातानुकुलित चैंबर उनके गुस्से को शांत करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक भारत के धर्म, ज्ञान व न्याय की भूमि के रूप में देश-दुनिया का ध्यान प्रयागराज आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन गौरवमयी है। आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती है। यह वर्ष भारत के संविधान को लागू होने का अमृत महोत्सव वर्ष भी है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज उत्तर प्रदेश में भारत के विरासत की भूमि है। मल्टीलेवल पार्किंग को लेकर उन्होंने कहा कि यह भी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग हो। योगी ने कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग बनती है, लेकिन कोई जाता नहीं है। बार-बार अर्बन बॉडीज से कहता हूं कि यह तभी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग होगा। उन्होंने बताया कि विकास प्राधिकरण ने छह वर्ष पहले गोरखपुर में मल्टीलेवल पार्किंग बनाई, वो चली नहीं। मैंने कहा कि इसके अंतिम दो फ्लोर में कॉमर्शियल स्पेस देकर इसे संचालित कीजिए। जैसे ही यह हुआ, आज पूरा कॉम्प्लेक्स फुल हो जाता है। जो लोग सड़कों पर वाहन खड़ा करते थे, वे कॉम्प्लेक्स में वाहन खड़ा करते हैं और वहां जाकर सुविधाओं का आनंद लेते हैं।

मुख्यमंत्री ने बेहतरीन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यहां मल्टीलेवल पार्किंग के साथ अधिवक्ता चैंबर्स, कैफेटेरिया, आधुनिक किचन, कॉन्फ्रेंस की भी सुविधा मिली है। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए यह नया मॉडल हो सकता है। उन्होंने कहा जब हम लोग आए थे, तो यूपी के 10 जिलों में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट नहीं थे। नक्शा कभी मुख्य न्यायाधीश तो कभी हम लोगों को पसंद नहीं आता था। फिर हमने कार्यदायी संस्थाओं से कहा ऐसा बनाओ, जो मॉडल हो। इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने के साथ उसमें पार्किंग व अधिवक्ता चैंबर्स बनाइए। जो प्रपोजल हमने दिया था, उसमें से सात जिलों को यहां से अप्रूवल मिल चुका है, उसके लिए 1700 करोड़ जारी कर चुके हैं। तीन अन्य जिलों के मामलों का भी न्यायालय से निस्तारण हो चुका है। उन्हें भी हम उन जिलों में दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स जब बनेगा तो वादकारी को न्यायिक कार्य से जुड़ी सभी सुविधाएं एक छत के नीचे ही मिलेंगी। अधिवक्ताओं के लिए चैंबर्स व कार पॉर्किंग भी होगी। न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास की सुविधा भी होगी। अच्छे कॉम्प्लेक्स के निर्माण में जो प्रयास प्रारंभ हुआ है, वह मॉडल बनेगा। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर जनपदीय न्यायालयों में अधिकाधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

# अखिलेश सामाजिक मुद्दों पर गंभीर नहीं: जयवीर

**मैनपुरी, वार्ता**



उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को मैनपुरी में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की घर-घर सिंदूर भेजने की कोई योजना नही है।

मीडिया में यह गलत तथ्य प्रचारित हो रहा है। सरकार द्वारा जो शादियां कराई जा रही हैं, उनमें जो सुहाग का सामान दिया जा रहा है, उसमें पहले से ही सिंदूर की डिबिया दी जाती थी, उसमें ही सुहाग का बॉक्स सिंदूर नाम से दिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने प्रेस वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सोशल मीडिया में जिस महिला भाजपा नेत्री के अश्लील वीडियो वायरल होने की बात कही जा रही है, वह महिला भाजपा में नहीं है, उसे 2022 में ही भाजपा से निष्कासित किया जा चुका है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का इस प्रकरण पर बयान देना स्पष्ट करता है कि अखिलेश यादव सामाजिक मुद्दों पर भी गम्भीर नहीं हैं उनका इस मुद्दे पर बयान देना उनके हल्केपन को स्पष्ट करता है। सिंह ने कहा प्रदेश सरकार की स्पष्ट नीति है कि भू-माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई हो। गरीबों और कमजोरों की जमीन पर जो कब्जा करेगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

# जम्मू-कश्मीर में कहीं बारिश, कहीं हिमपात

**श्रीनगर/जम्मू, वार्ता**



जम्मू-कश्मीर में पिछले 24 घंटों के दौरान मैदानी इलाकों में बारिश हुई, जबकि ऊंचे क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी हुई और मुगल रोड को वाहनों के लिए बंद कर दिया गया।

अधिकारियों ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के पीर की गली के साथ-साथ उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में गुरेज घाटी में तुलैल और राजदान टॉप के ऊंचे इलाकों में ताजा हिमपात हुआ। श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर जोजिला दर्रे में भी में ताजा बर्फबारी हुई। उन्होंने कहा कि जम्मू क्षेत्र में भद्रवाह और किश्तवाड़ में ऊंचे इलाकों में भी ताजा बर्फबारी दर्ज की गई। इस दौरान तापमान में गिरावट आई जो सामान्य से 3 से 4 डिग्री अधिक था। उन्होंने कहा कि जम्मू-श्रीनगर के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने आगामी सप्ताह में आठ जून तक हल्की से मध्यम स्तर की बारिश के साथ मौसम शुष्क रहने का अनुमान लगाया है।

विभाग के एक अधिकारी ने आज कहा कि पिछले 24 घंटों में अधिकांश स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई। उन्होंने कहा कि पुंछ, बारामूला, सांबा, जम्मू और कठुआ में तेज हवाओं के साथ बारिश दर्ज की गई। आज हल्की से मध्यम स्तर बारिश, ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी, अधिकांश स्थानों पर गरज के साथ मध्यम से भारी बारिश और कुछ स्थानों पर तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अधिकारी ने सप्ताह भर का पूर्वानुमान साझा करते हुए कहा कि एक-दो जून को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। चार-छह जून को मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा और कुछ स्थानों पर दोपहर के समय हल्की बारिश और बौछारें पड़ेंगी। सात-आठ जून को अपराहन के समय कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ संवेदनशील स्थानों पर भूस्खलन और मिट्टी धंसने की आशंका है और तेज बारिश से कुछ स्थानों पर अचानक बाढ़ आ सकती है।

## तेज आर्थिक प्रगति के बगैर विकसित भारत की बातें हवा हवाई: प्रियंका

# जीडीपी की विकास दर घटना चिंताजनक

**नई दिल्ली, वार्ता**



- आर्थिक विकास की रफ्तार कोरोना काल के आर्थिक विकास की दर से भी कम
- वायुसेना को चीन से ज्यादा मजबूत बनाने की सख्त जरूरत, एयर चीफ मार्शल के बयान का हवाला दिया

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटने पर चिंता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि जब तक देश में आर्थिक विकास की दर तेज नहीं होगी, तब तक विकसित भारत की बातें करने का कोई मतलब नहीं है।

सुश्री वाड्रा ने कहा कि सरकार ने आज आर्थिक विकास का जो आंकड़ा पेश किया है, उसके अनुसार देश की आर्थिक विकास दर 2024-25 में साढ़े छह प्रतिशत है। आर्थिक विकास की यह रफ्तार कोरोना काल के आर्थिक विकास की दर से भी कम है। जब तक आर्थिक विकास की रफ्तार तेज नहीं होगी तब तक देश की आर्थिक प्रगति की बात करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही। कोरोना काल के बाद यह सबसे सुस्त रफ्तार है।भाजपा सरकार आर्थिक मोर्चे पर लगातार असफल हो रही है। देश भर में उद्योग-धंधे सिमट रहे हैं। औद्योगिक उत्पादन आठ महीने के निचले स्तर पर है। पूरे देश में भयंकर बेरोजगारी है। नई नौकरियां पैदा नहीं हो रहीं। लोगों की आय घट रही है, आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है, इसलिए मांग और खपत भी घट रही है। तेज आर्थिक प्रगति के बगैर विकसित भारत की बातें हवा-हवाई हैं।

कांग्रेस प्रवक्त सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025 में देश की आर्थिक विकास की दर 6.5 प्रतिशत रही जो चार साल में सबसे कम है। विकसित भारत के लिए अगले 22 साल तक हर साल 8.2 प्रतिशत की विकास दर चाहिए। सरकार के लोग 7.4 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का हवाला देकर बरगलाएंगे, लेकिन सच यह नहीं है। पार्टी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर कहा 'अच्छे दिन' की बात करने वाले मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को डुबाने पर तुली है। आंकड़े इस बात की साफ गवाही दे रहे हैं। जीडीपी की विकास दर कम होने का मतलब है कि देश में उद्योग-धंधे मंद पड़े हैं, रोजगार के अवसर खत्म हो रहे हैं और नौकरियां कम हैं। वहीं कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि हाल में पाकिस्तान के खिलाफ हुई सैन्य कार्रवाई में वायुसेना ने अत्यंत सराहनीय और जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए आतंकवादी ठिकानों को सटीक निशाना बनाकर ध्वस्त किया, लेकिन चीन की तुलना में भारतीय वायुसेना को ज्यादा सशक्त बनाने की जरूरत है और इसके लिए अत्याधुनिक तकनीकी तथा उपकरण के इस्तेमाल पर सरकार को ध्यान देना पड़ेगा। तेलंगाना सरकार में मंत्री तथा वायुसेना में फाइटर पायलट रहे डा. उत्तम कुमार रेड्डी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में भारतयी वायुसेना ने भूमिका निभाई है और इस दौरान उसने जिस शौर्य का प्रदर्शन किया है, वह सरहानीय है और हमारी वायुसेना ने जिस तरह से असाधारण अभियान चलाकर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया है, उस पर कांग्रेस को गर्व है। उन्होंने वायुसेना प्रमुख ए पी सिंह के हालिया बयानों को उद्धृत करते हुए कहा कि उन्होंने वायुसेना सुधार के हिसाब से कई अत्यंत गंभीर और चिंताजनक मुद्दों को उठाया है। एयर चीफ मार्शल ने देश की वायु रक्षा से जुड़े जिन महत्वपूर्ण मुद्दों की तरफ इशारा किया है, सरकार को उस पर ध्यान देने की जरूरत है। उनका कहना था कि लड़ाकू विमानों और हथियारों की आपूर्ति में भारी देरी वायुसेना के लिए एक गंभीर समस्या है। भारत रक्षा प्रौद्योगिकी और रक्षा उत्पादन क्षेत्र में चीन से पीछे है हालांकि अच्छी बात यह है कि हमारे प्रशिक्षण मानक चीन के मुकाबले बहुत बेहतर हैं।

## सैन्य कार्रवाई के दौरान विमान गिरने की बात नकारना सरकार बंद करे: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी नेता राहुल गांधी के पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के दौरान हमारे लड़ाकू विमान गिरने की बात को भले ही सरकार नकारती रही है, लेकिन अब तो खुद रक्षा प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान तथा अन्य वायु सेना अधिकारी साफ इशारा कर चुके हैं कि पाकिस्तान के साथ कार्रवाई के दौरान हमारे विमान गिरे हैं, तो सरकार को इस बारे में स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। कांग्रेस की तेलंगाना सरकार में मंत्री, पूर्व सांसद तथा वायु सेना फाइटर पायलट रहे उत्तम कुमार रेड्डी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि लड़ाकू विमानों के गिरने की बात भले ही सरकार बराबर नकार रही है, लेकिन रक्षा प्रमुख तथा वायु सेना के अधिकारी इशारा कर चुके हैं कि विमान गिरे हैं, तो सरकार को इसे नकारना अब बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीडीएस ने खुद इसका जिक्र किया। इससे पहले एयर मार्शल भारती ने डीजीएमओ के साथ अपनी ब्रीफिंग में इसका अप्रत्यक्ष रूप से जिक्र किया था। उन्होंने खास तौर पर कहा कि लड़ाई में नुकसान होना आम बात है।

# स्वस्थ, स्वच्छ दिल्ली बनाने के लिए प्रतिबद्ध: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, वार्ता**



100 दिन सेवा के काम करने वाली सरकार के कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री का दावा

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को स्वच्छ, स्वस्थ और गरिमामयी बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

गुप्ता ने शनिवार को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में '100 दिन सेवा के, काम करने वाली सरकार' के एक कार्यक्रम में कहा कि मुझे बहुत दुख होता है, जब मैं उन लोगों के बारे में सोचती हूं, जो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठकर सुरक्षा बलों पर सवाल उठाते थे और देश के दुश्मनों से हाथ मिलाते थे। ऑपरेशन सिंदूर ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देती हूं। देश की सभी महिलाएं दुश्मन के इलाके में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए सशस्त्र बलों को सलाम करती हैं। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश का स्वाभिमान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें झुग्गियों को सिर्फ वोट बैंक समझती थी इसलिए उनके इलाके में कोई विकास का काम नहीं किया गया, लेकिन हमारी सरकार ने पहले बजट में ही झुग्गी वाले इलाके के विकास के लिए सात सौ करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। अब हर झुग्गी वाले इलाके में कोई न कोई काम शुरू हो गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को जब तक पक्का मकान नहीं मिल जाता तब तक वहीं रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा सम्मान के साथ उनकी हर आशाओं को पूरा करना उनका दायित्व है। उन्होंने महिलाओं को ढाई हज़ार देने का जो वादा किया गया था उसे योजनाबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। सभी योग्य पात्रों को इसका लाभ दिया जाएगा। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि पिछले दस साल में दिल्ली की जनता को जो जख्म मिले हैं उनको पांच साल में भरने की हमारी कोशिश होगी। उन्होंने कहा है कि पिछले 10 साल में दिल्ली की सत्ता में जो सरकार रही वह कूड़े के पहाड़ को एक इंच भी कम नहीं कर पाई। हमारी सरकार आने के बाद कूड़े के निष्पादन का काम तेज किया गया है। दिल्ली को ई-वेस्ट मुक्त बनाना केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी जिम्मेदारी है। सरकार ई-वेस्ट प्रबंधन को लेकर ठोस नीति और दीर्घकालिक समाधान के साथ आगे बढ़ रही है यही है हमारी सेवा और संकल्प का रास्ता है। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि पहले हर काम में भ्रष्टाचार होता था, लेकिन अब सरकार हर काम में पारदर्शिता लेकर आई है और भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिल्ली वालों को उनका हक नहीं मिला था, लेकिन हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में दिल्ली वालों को आयुष्मान योजना लागू करने का फैसला किया। पिछले 100 दिनों में आयुष्मान योजना में 3.5 लाख लोगों ने पंजीकरण करा लिया है जिसे 10 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए विस्तृत योजना बनाई है और उस पर काम किया जा रहा है। दिल्ली के सभी 250 वार्डों में प्रत्येक वार्ड चार-चार पानी छिड़काव के मशीनों को लगाया जाएगा। इसके अलावा ऊंची इमारतों पर भी एंटी-स्मॉग गन लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में यमुना केवल 48 किलोमीटर बहती है, लेकिन उसे साफ करने को पहले की सरकारों ने गंभीरता नहीं दिखाई।

# उठाव सुस्त रहने से जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और ये पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 9000-9100 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3600-3700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपये, मूंगफली तेल 17582 रुपये, सूरजमुखी तेल 16849 रुपये, सोया रिफाइंड 14871 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16190 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राजीव कृष्णा...** बल प्रमुख) चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024 को मंजूरी जरूर दी थी, पर उसके तहत अब तक समिति का गठन भी नहीं किया गया है। ऐसे में प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार न मिलने की दशा में डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को डीजीपी का सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा था। वह 1991 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव कृष्ण यूपी कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं, उन्होंने साल 1991 में पुलिस की नौकरी ज्वॉइन की थी। फिलहाल वे यूपी पुलिल में डीजी के पद पर विजिलेंस के रूप में काम करते हैं। आईएएस राजीव लखनऊ के रहने वाले हैं। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की हुई है। बता दें कि राजीव कृष्ण 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं जो कि मूल रूप से उत्तर प्रदेश के नोएडा के रहने वाले हैं। राजीव 26 जून 1969 को जन्मे थे। राजीव कृष्ण वर्तमान में सभी आईपीएस अधिकारियों में सीएम योगी के सबसे भरोसेमंद अफसर माने जाते हैं।

**सीडीएस अनिल....** कि हमारे लड़ाकू विमान गिरे, बल्कि यह है कि हमने उड़ान भरी ही क्यों? (पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने की ओर इशारा) अच्छी बात यह है कि हमने अपनी रणनीतिक गलती को समझा, उस गड़बड़ी को सुधारा और ठीक कर लिया। इसके बाद हमने दो दिन बाद उस रणनीति को फिर लागू किया और अपने सभी जेट्स को उड़ाया और लंबी दूरी तक निशाना बनाया। (पाकिस्तान के एयरबेसों को निशाना बनाने की घटना की ओर इशारा करते हुए)। जब उनसे पाकिस्तानी पीएम शहबाज के दावे को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे खारिज कर दिया। सीडीएस ने कहा कि बिल्कुल गलत, मैंने पहले ही कहा है कि यह अहम नहीं है कि हमारे लड़ाकू विमान गिरे या नहीं, अहम सवाल यह है कि इसके बाद हमने क्या किया। इससे पहले, भारतीय वायुसेना के डायरेक्टर जनरल ऑफ एयर ऑपरेशन्स एयर मार्शल एके भारती ने भी 11 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि लड़ाई में नुकसान होना सामान्य बात है, लेकिन हमारे सभी पायलट सुरक्षित घर लौटे। उन्होंने यह भी साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायुसेना ने पूरी ताकत से काम किया और दुश्मन को करारा जवाब दिया।

**देश के अंतिम...** समानता के साथ सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि मुख्यमंत्री ने भी कहा कि हमारे संविधान ने 75 वर्ष के कालखंड में देश को प्रगति की ओर मजबूती से आगे बढ़ाया है। जब संविधान बन रहा था, तब कहा गया कि संविधान बहुत ज्यादा फेडरल है। तब बाबा साहब ने जवाब दिया था कि यह ऐसा संविधान है, जो सामान्य और आपात दोनों ही स्थितियों में भारत को एक और मजबूत रखेगा। आज हम देखते हैं कि हमारे पड़ोस के देशों में क्या स्थितियां हैं और वहीं भारत आज 75 वर्षों के बाद न सिर्फ प्रगति की ओर बढ़ रहा है, बल्कि जब-जब देश पर संकट आया उस समय यह एक मजबूत और यूनाइट रहा है। इसका श्रेय किसी को देना चाहिए तो वह भारतीय संविधान को देना होगा। अपने संबोधन में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मुझे आनंद है कि भारत की उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनने के बाद पहले आधिकारिक कार्यक्रम में ही मुझे प्रयागराज की पुण्य भूमि पर आने का अवसर मिला है। प्रयागराज से हमारा बहुत नजदीक का रिश्ता रहा है। अभी मंच पर मेघवाल जी ने कहा कि योगी जी इस देश के सबसे पावरफुल और कर्मठ मुख्यमंत्री हैं। मैं कहना चाहूंगा कि इलाहाबाद की भूमि ही पावरफुल लोगों की है। विधिक क्षेत्र में इस भूमि का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाता है। स्वतंत्रता के पूर्व देश के जो चंद सबसे अच्छे वकील गिने जाते थे उसमें मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, तेज बहादुर सप्रू ऐसे अनेक कानूनी विद्वानों का नाम लिया जाता है।

# यूपी को मिला पहला फुटवियर पार्क

**कानपुर, वार्ता**



औद्योगिक विकास के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश को पहला फुटवियर पार्क कानपुर के रमईपुर में मिला है, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा विकसित किया जा रहा है। यह पार्क लगभग 131.69 एकड़ क्षेत्र में फैला होगा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त औद्योगिक वातावरण प्रदान करेगा।

यूपीसीडा की ओर से परियोजना के प्रथम चरण में कुल 75 औद्योगिक भूखंड विकसित किए जा रहे हैं। इनमें से 26 भूखंडों को अब 4600 रूपये प्रति वर्ग मीटर की दर से निवेश मित्र पोर्टल पर निवेशकों के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। निवेशकों के लिए आवेंदन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाया गया है। आवेदन के समय भूमि मूल्य का 5 प्रतिशत अग्रिम देना अनिवार्य होगा। आवंटन पत्र जारी होने के 60 दिनों के भीतर 20 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होगा, जबकि शेष 75 प्रतिशत राशि तीन वर्षों में समान वार्षिक किश्तों में 10 प्रतिशत ब्याज दर के साथ अदा की जा सकती है। समय पर पूर्ण भुगतान करने पर भूमि मूल्य में 2 प्रतिशत की छूट और एंकर यूनिट के रूप में निवेश करने पर 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। परियोजना की कुल अनुमानित लागत 80 करोड़ है। इसमें 83 एकड़ क्षेत्र में 75 औद्योगिक भूखंड, 5-46 एकड़ में दो वेयरहाउस भूखंड, पांच किलोमीटर लंबा द्वैध सड़क नेटवर्क, पांच टन प्रतिदिन की क्षमता वाला ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, 10 एमएलडी जल आपूर्ति के लिए भूमिगत स्रोत, 10 किलोमीटर लंबा आरसीसी स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज नेटवर्क और 220 केवी सबस्टेशन से 40 मेगावाट विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था शामिल है। यूपीसीडा इस परियोजना को 'प्लग एंड प्ले' मॉडल पर विकसित कर रहा है, जिसके तहत सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं पहले से तैयार कर निवेशकों को दी जाएंगी। इससे उद्योगों की स्थापना में समय और लागत की बचत होगी। यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने कहा कि यह पार्क उत्तर भारत में फुटवियर उद्योग के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित होगा और हजारों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य प्रदेश में निवेशकों को विश्वस्तरीय अधोसंरचना और उद्योग के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप



खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# राज्य में शुरू होगी 'आपदा सखी योजना', सीएम की घोषणा

## महिला सशक्तिकरण के साथ होगी आपदा प्रबंधन में सक्रिय भागीदारी: धामी

■ आपदा मित्र की तर्ज पर अब आपदा सखी योजना की तैयारी
■ मुख्यमंत्री मानसून पूर्व की तैयारियों की कार्यशाला में हुए शामिल ■ राज्य आपदा प्राधिकरण द्वारा आयोजित की गई कार्यशाला
■ आपदा से निपटने के लिए विभागों में समन्वय होना बेहद जरुरी: सीएम



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड में जल्दी ही मानसून आने वाला है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग मानसून पूर्व की तैयारियों में लगा है, ताकि संभावित चुनौतियों का सामना प्रभावी तरीके से किया जा सके। उसके तहत शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को निकट देहरादून स्थित एक होटल में उत्तराखंड राज्य आपदा प्राधिकरण द्वारा आयोजित कार्यशाला में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान आपदा मित्र योजना की तर्ज पर "आपदा सखी योजना" प्रारंभ किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा इस योजना के शुरू होने से महिला स्वयंसेवकों को आपदा से पूर्व चेता. वनी, प्राथमिक चिकित्सा, राहत एवं बचाव कार्यों, मनोवैज्ञानिक सहायता आदि के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में सहायक सिद्ध होने के साथ आपदा प्रबंधन में समाज की सक्रिय सहभागिता को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाएगी। उन्होंने कहा कि आपदा की दृष्टि से उत्तराखण्ड संवेदनशील राज्य है। हमें बीते वर्षों में आई प्राकृतिक आपदाओं से सबक लेते हुए काम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा प्राकृतिक आपदाओं को टाला नहीं जा सकता, लेकिन त्वरित प्रतिक्रिया, सतर्कता और समन्वित राहत एवं बचाव कार्यों से जन-धन की हानि को कम किया जा सकता है। इस दौरान प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और विशेषज्ञ मौजूद थे।

### आपदा के प्रभाव को करना है कम: आनंद वर्धन

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि यह कार्यशाला आगामी मानसून से पहले व्यवस्थाओं को सशक्त और प्रभावी बनाएगी। उत्तराखंड को कई प्रकार की आपदा का सामना करना पड़ता है। इस वर्ष मौसम विभाग ने मानसून के जल्द आने और सामान्य से अधिक होने का अनुमान लगाया है। हमें मानसून से पूर्व पुख्ता इंतजाम करके आपदा के प्रभाव को कम करना है। आपदा के दौरान संसाधनों का बेहतर उपयोग और तकनीकी संसाधनों का प्रयोग आपदा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है।

### आपदा प्रबंधन हुआ मजबूत: रोहेला

उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहेला ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से आपदा के दौरान होने वाले नुकसान को कम से कम किया गया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में सिल्क्यारा रेस्क्यू अभियान में हमने सफलता हासिल की है। रूद्रपुर में आई बाढ़ के दौरान भी मुख्यमंत्री ग्राउंड जीरो पर थे।

### 15 जून से सितंबर तक समय महत्वपूर्ण: राजेंद्र सिंह

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य राजेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय मौसम विभाग ने आगामी मानसून में उत्तराखंड के लिए सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। ऐसे में उत्तराखंड के लिए 15 जून से सितंबर तक आपदा की नजर से महत्वपूर्ण समय है। उत्तराखंड राज्य बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन, भूकंप की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। उन्होंने भूस्खलन के बचाव के लिए उत्तराखंड को एन.डी.एम.ए ने 140 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है।

### पूर्वानुमान एवं चेतावनी प्रणाली से जोखिम कम: सुमन

आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि कार्यशाला में मौसम पूर्वानुमान, बाढ़ पूर्वानुमान, ईडब्ल्यूएस की निगरानी और प्रसार, भूस्खलन पूर्व चेतावनी प्रणाली, भूस्कालन जोखिम न्यूनीकरण के लिए भू-जांच की आवश्यकता, संसाधन और परिचालन संबंधी तैयारी, ग्लेशियर निगरानी, मानसून में होने वाली बीमारियों से बचाव, मार्गों पर भूस्खलन एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज जैसे विभिन्न विषय महत्वपूर्ण हैं।

## आईपीएस रचिता जुयाल ने दिया इस्तीफा

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** उत्तराखंड की 2015 बैच की आईपीएस अधिकारी रचिता जुयाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के अनुसार निजी और पारिवारिक कारण का हवाला देते हुए आईपीएस रचिता जुयाल ने यह निर्णय लिया है।आईपीएस रचिता जुयाल ने शुक्रवार को मुख्य सचिव और डीजीपी को अपना इस्तीफा सौप दिया।अब इस पर शासन स्तर से फैसला लिया जाएगा इसके बाद उनकी फाइल भारत सरकार को भेजी जाएगी। आईपीएस रचिता जुयाल के द्वारा दिए गए इस्तीफे को अब जब शासन स्तर से केंद्र में भेजा जाएगा।जिसका अंतिम निर्णय केंद्र सरकार ही लगी। उत्तराखंड की रचिता जुयाल अपने शांत निष्पक्ष एवं सख्त कार्यप्रणाली के लिए जानी जाती है। वर्तमान में रचिता जुयाल एसपी विजिलेंस के पद पर तैनात है।पूर्व में राज्यपाल की एडीसी भी रह चुकी है।



## वाहन चोरी की घटनाओं का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

■ तीन वाहन बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** वाहन चोरी की अलग-अलग तीन् घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजो पकड़ गए वाहन चोरों के कब्जे से क्लेमेंन टाउन पुलिस ने तीन चोरी के वाहन बरामद किए। क्लेमेंन् टाउन थाना अध्यक्ष ने बताया की पकड़ गए वाहन चोर नशे की लत को पूरा करने के लिए वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

राजधानी में बढ़ते वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने पुलिस को चोरी की घटनाओं के खुलासे के आदेश दिए थे।जिसके चलते क्षेत्राधिकारी सदर अंकित कंडारी के नेतृत्व में क्लेमेंट टाउन थाना अध्यक्ष संदीप लौहान ने पुलिस टीम बनाकर चेकिंग अभियान शुरू किया। कुछ दिन पूर्व सुधीर चौहान की मोटरसाइकिल दून बिजनेस पार्क की पार्किंग से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। यही नहीं आईएसबीटी से भी दो बार चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। वाहन चोरी की घटनाओं के चलते पुलिस जब चेकिंग कर रही थी तभी उन्हें एक बिना नम्बर की स्पलेण्डर मोटरसाइकिल पर सवार दो संबंधित व्यक्ति आते हुए दिखाई पड़े। बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल के सम्बंध में सख्ती से पुलिस ने पूछताछ की तो उनके द्वारा उक्त वाहन को दून बिजनेस पार्क से चोरी किया जाना बताया तथा देहरादून में अलग-अलग स्थानो 2 अन्य दुपहिया वाहनों को चोरी कर आशारोडी के जगंलों में छिपाने की जानकारी दी। पुलिस ने पूछताछ के बाद अन्य दो वाहनों को भी बरामद किया। पकड़ गए वाहन चोर के नाम सचिन पुत्र पदम सिंह निवासी बानियावाला, थाना प्रेमनगर जनपद देहरादून, मूल पता बालाजी एन्कलेव बडोवाला थाना पटेलनगर व विशाल शर्मा पुत्र ऋषिपाल निवासी बायपास रोड नकुड थाना नकुड जनपद सहारनपुर बताए गए हैं।

## अहिल्याबाई होल्कर को 300वीं जन्म जयंती पर किया नमन

■ सनातन संस्कृति को अहिल्याबाई होल्कर ने एक सूत्र में पिरोया: धामी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** सनातन संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने वाली अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर सीएम आवास के मुख्य सेवक सदन में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में त्याग, सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति अहिल्याबाई होल्कर को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने करुणा, सेवा और धर्मनिष्ठा से भारतीय इतिहास में अद्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने शासन को केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि जनसे.वा, न्याय और धर्म की पुनर्स्थापना का साधन बनाया। उन्होंने काशी विश्वनाथ से लेकर सोमनाथ, द्वारका से लेकर रामेश्वरम, अयोध्या और मथुरा के साथ ही हमारी देवभूमि के बद्रीनाथ, केदारनाथ और हरिद्वार में मंदिरों और घाटों का जीर्णोद्धार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कई धर्मशालाओं और रास्तों के निर्माण के साथ ही जनसेवा के अनेक कार्य कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने भारत में धर्मस्थलों का पुनर्निर्माण कर भारत की सांस्कृतिक आत्मा को पुनर्जीवित करने का कार्य किया। उन्होंने संपूर्ण भारत की सनातन संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। उन्होंने उस कालखंड में नारी सशक्तिकरण की ऐसी अनुपम मिसाल प्रस्तुत की, जिसकी कल्पना कर पाना भी उस समय कठिन था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण के अमृत काल में प्रवेश कर चुका है। वर्षों तक उपेक्षित रहे हमारे गौरवशाली इतिहास, महान राष्ट्र नायकों के योगदान और सांस्कृतिक विरासत को आज न केवल पुनर्स्थापित किया जा रहा है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय चेतना का आधार भी बनाया जा रहा है।

**तीक्ष्ण सोच और स्वत:स्फूर्त शासक थी अहिल्याबाई: तावड़े**

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर देहराद.ून के मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महारानी अहिल्याबाई प्रसिद्ध सूबेदार मल्हारराव होलकर के पुत्र खंडेराव की पत्नी थी। अहिल्याबाई किसी बड़े राज्य की रानी नहीं थी। उनका कार्यक्षेत्र अपेक्षाकृत सीमित था।

**अहिल्याबाई उत्तराखंड से भी है बड़ा गहरा रिश्ता: भट्ट**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि महारानी अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मंदिर बनवाए, घाट बंधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए-सुधरवाए, भूखों के लिए अन्नक्षेत्र खोले, प्यासों के लिए प्याऊ बनाये मंदिरों में विद्वानों की नियुक्ति की।

इस अवसर पर भाजपा महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक शैलेन्द्र सिंह बिष्ट गढ़वाली, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत भारद्वाज सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले समाजसेवी, दायित्वधारी सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धामी सरकार लाएगी दवाओं के सुरक्षित निस्तारण की क्रांति

# उत्तराखंड में लागू होंगे केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के दिशा-निर्देश

■ राज्य की 25वीं वर्षगांठ पर 'हरित स्वास्थ्य प्रणाली' की ओर एक ऐतिहासिक पहल

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार राज्य में दवाओं के वैज्ञानिक, सुरक्षित और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से जिम्मेदार निस्तारण के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। धामी सरकार ने केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के जारी दिशा-निर्देशों को राज्य में लागू करने की दिशा में कार्य आरंभ कर दिया है। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि उत्तराखंड को देशभर में "हरित स्वास्थ्य प्रणाली" का मॉडल राज्य बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी पहल है।

स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त एफडीए डॉ. आर. राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के दिशा निर्देशों के बाद हम इसे राज्य में लागू करने जा रहे हैं। आयुक्त एफडीए डॉ. राजेश ने कहा कि एक्सपायर्ड और अप्रयुक्त दवाओं के निस्तारण को लेकर अब तक एक स्पष्ट और सुसंगत प्रणाली का अभाव रहा है। उत्तराखंड जैसे पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील राज्य में यह चुनौती और गंभीर हो जाती है। अब हम इसे एक सुनियोजित प्रणाली के तहत नियंत्रित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन दिशा-निर्देशों में दवाओं के जीवनचक्र निर्माण से लेकर उपभोग तक और फिर उचित निस्तारण तक के हर चरण को ध्यान में रखकर प्रक्रिया तय की गई है।

### हरित स्वास्थ्य प्रणाली की ओर कदम

स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त एफडीए डॉ. राजेश ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी की घोषित "स्वस्थ नागरिक, स्वच्छ उत्तराखंड" मिशन के तहत यह पहल राज्य को एक हरित और सतत स्वास्थ्य सेवा मॉडल की ओर ले जाएगी। इस निर्णय से प्रदेश को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरणीय जिम्मेदारी और स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने की संभावनाएं भी प्रबल हो गई हैं। इस पूरी प्रक्रिया से जुड़े सभी पक्षों, नीति निर्धारकों, व्यवसायिक संगठनों और आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता ही इस मिशन को सफल बना सकती है।

### ड्रग टेक-बैक साइट्स की होगी स्थापना

आयुक्त एफडीए डॉ. आर. राजेश ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की योजना के अनुसार उत्तराखंड के शहरी, अर्ध-शहरी और पर्वतीय इलाकों में चरणबद्ध ढंग से "ड्रग टेक-बैक साइट्स" स्थापित की जाएंगी। यहां आम नागरिक अपने घरों में पड़ी अप्रयुक्त, एक्सपायर्ड या खराब हो चुकी दवाएं जमा करा सकेंगे। इन केंद्रों से दवाओं को वैज्ञानिक ढंग से संग्रह कर विशेष रूप से अनुमोदित प्रोसेसिंग यूनिट्स में निस्तारित किया जाएगा।

### सभी की जवाबदेही तय की जाएगी :जग्गी

अपर आयुक्त एफडीए व ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी ने कहा राज्य में दवाओं के निस्तारण को लेकर अब तक जो कार्यप्रणाली थी, वह बिखरी हुई और असंगठित थी। अब हम इसे एक 'थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग सिस्टम' और स्थानीय ड्रग इन्फोर्समेंट यूनिट्स के माध्यम से नियंत्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्माता कंपनियों, थोक और खुदरा विक्रेताओं, अस्पतालों व उपभोक्ताओं, सभी के लिए जवाबदेही तय की जाएगी। हम इस दिशा में जन-जागरूकता के व्यापक अभियान भी चलाएंगे ताकि आम नागरिक भी इस व्यवस्था में भागीदार बनें।

## वात्सल्य योजना के तहत 3 करोड़ 23 लाख खातों में ट्रांसफर




■ महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने डीबीटी किया दो महीने का पैसा

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने शनिवार को मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के तहत लाभार्थियों को 3 करोड़ 23 लाख रुपए से ज्यादा की धनराशि जारी की।

कैंप कार्यालय पर धनराशि लाभार्थियों की खातों में डीबीटी करने के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस योजना में प्रदेश सरकार 2020 से ही कोरोना महामारी के समय अभिभावकों को खो देने वाले बेसहारा बच्चों को प्रति माह 3000 रू. की सहायता राशि देती है। इस योजना के तहत मार्च 2025 तक का धन पहले ही जारी कर दिया गया था।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि अप्रैल में 5415 लाभार्थियों को कुल 1 करोड़ 62 लाख 45 हजार रुपए शनिवार को जारी किए गए हैं। जबकि मई महीने के लिए कुल 5358 लाभार्थियों के 1 करोड़ 60 लाख 74 हजार रुपए की धनराशि जारी की गई है। इस योजना के तहत लाभार्थी के 21 वर्ष के हो जाने या बालिका लाभार्थियों के विवाह या लाभार्थी के सेवायोजित हो जाने के बाद वह योजना से बाहर हो जाते हैं।

इस अवसर पर सीपीओ अंजना गुप्ता और डिप्टी सीपीओ राजीव नयन आदि उपस्थित रहे।

## दून शहर को जल्द मिलेगी तीन नई ओटोमेटेड पार्किंग: डीएम

■ अंतिम चरण में है परेडग्राउंड, तिब्बती मार्केट, कोरोनेशन आटोमेटेड पार्किंग निर्माण कार्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** शहर में निर्माणाधीन स्मार्ट ऑटोमेटेड पार्किंग का कार्य को लेकर मुख्यमंत्री के निर्देश व जिलाधिकारी सविन बंसल के सतत प्रयासों से जनपद देहरादून आधुनिक सुविधायुक्त आटोमेटेड पार्किंग निर्माण कार्य युद्धस्तर पर अग्रसर है। इसी श्रृखला में शहर में शुरूआती चरण में तीन आटोमेटेड पार्किंग कार्य अपने अंतिम चरण हैं। यह आधुनिक सुविधा जल्द ही आमजन को उपलब्ध होने जा रही है। इस अत्याधुनिक पार्किंग से तिब्बती मार्केट के सामने, परेड ग्राउंड, तथा कोरोनेशन अस्पताल परिसर में पार्किंग की समस्या काफी हद तक कम होगी साथ ही जनमानस को सुरक्षित व सुविधाजनक वाहन पार्किंग की मिलेगी।जिलाधिकारी के अभिनव पहल से एक ओर जहाँ कोरोनेशन अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ अब भौतिक ढांचे को भी स्मार्ट बनाया जा रहा है।

## जखोली के जयंती गांव में गुलदार ने महिला को बनाया निवाला

■ ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** विकासखण्ड जखोली के कई गांवों में गुलदार का आतंकी दहशत कम होने का नाम नहीं ले रही है। जैसे ही स्थिति सामान्य होने की ओर आती है, वैसे ही एक और घटना से क्षेत्र में चारों ओर दशहत फैल रही है। बीते दिन की घटना से एक बार फिर जखोली में गुलदार के आतंक का भय बढ़ गया है।

बता दें बीते दिन जखोली ब्लॉक के ग्राम पंचायत बरसिर के डांडा चमसारी तोक में 59 वर्षीय रूपा देवी पत्नी रमेश थपलियाल को सांय पांच बजे खेत में काम करते हुए गुलदार ने हमला कर निवाला बना दिया। बताया जा रहा है कि गुलदार महिला को 20 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। महिला के गले में गहरे घाव कर गुलदार ने खून चूसकर महिला को मौत के घाट उतार दिया। महिला अकेले ही खेत में काम कर रही थी। देर सांय तक जब महिला घर नहीं लौटी तो खोजबीन शुरू की गई और गांव के पास ही खेतों में महिला का खून से सना शव बरामद हुआ।



सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम रात को ही गांव में पहुंच गई। जबकि शनिवार को डीएफओ कल्याणी, एसडीओ दिवाकर पंत एवं देवेंद्र पुंडीर, रेंजर हरीश थपलियाल मौके पर मौजूद रहे। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया। इधर, वन विभाग ने मृतका को छः लाख का मुआवजा देने की कार्यवाही शुरू कर दी है, जबकि क्षेत्र में 20 वन कर्मियों की टीम तैनात कर दी गई है। लोगों को अकेले में न जाने के लिए फिर से वन विभाग जागरूक कर रहा है। दक्षिण जखोली रेंज के रेंजर हरीश थपलियाल ने बताया कि क्षेत्र में 10 कैमरा ट्रेप लगा दिए गए हैं। 20 वन कर्मी तैनात हैं। चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन से दो पिंजरा लगाने की अनुमति मांगी है, जो क्षेत्र में लगाए जाएंगे। वहीं दूसरी ओर घटना के बाद ब्लॉक प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल ने वन विभाग की टीम के साथ क्षेत्र का दौरा कर पीड़ित परिवार को सांत्वना दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में गुलदार के आतंक से ग्रामीण भयक्रांत हैं और वन विभाग ठोस कार्यवाही करने में नाकाम दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को जखोली क्षेत्र के लिए गंभीर होने की जरूरत है। वन विभाग को सख्त निर्देश देते हुए आदमखोर गुलदार को मारने के निर्देश दिए जाने चाहिए।

## सूचना विभाग में कार्यरत गोवर्धन दास हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** सूचना एवं लोक संपर्क विभाग में कार्यरत गोवर्धन दास आज अपनी अधिवर्षिता आयु पूर्ण कर वाहन चालक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इस अवसर पर सूचना विभाग में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि अपर निदेशक आशीष कुमार त्रिपाठी द्वारा पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।



अपर निदेशक त्रिपाठी ने कहा कि गोवर्धन दास द्वारा अपने सेवाकाल में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निवर्हन किया गया। कार्यक्रम में व्यवस्थाधिकारी, रामपाल सिंह रावत, फोटो फिल्म अधिकारी शेखर चन्द्र जोशी द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये। विदाई सम्मान समारोह में सूचना कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कैलाश रावत द्वारा गोवर्धन दास के सम्मान में सम्मान पत्र पढ़ा गया। संघ के महामंत्री अंकित कुमार, उपाध्यक्ष संजय कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार धीवान, संयुक्त मंत्री पारूल चौधरी, संगठन मंत्री सतेन्द्र बिजल्वाण, संयोजक अरुण कुमार द्वारा संघ का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला, रणजीत सिंह बुदियाल, जगदीश पटवाल, संघ के पूर्व महामंत्री सुरेश चंद्र भट्ट सहित सूचना विभाग के सभी कार्मिक उपस्थित रहें।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स हमारी नींव के पत्थर: महाराज



■ उत्तराखंड डिप्लोमा इंजी. नियर संघ के द्वादश सम्मेलन में बोले लोनिवि मंत्री विभाग की आवश्यकतानुसार बढ़ाये जायेंगे पद

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** हमारे डिप्लोमा इंजीनियर्स विषम भौगोलिक परिस्थितियों में प्रदेश के कोने-कोने में कार्यरत रह कर सड़कों, पुलों, जलापूर्ति, सिंचाई, भवन निर्माण एवं अन्य कई विकास कार्यों में नीव के पत्थर की तरह काम करते हैं। उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजी. नियर्स संघ, लोनिवि ने जो 12 सूत्रीय मांग पत्र दिया है उस मांग पत्र की सभी न्योचित मांगो पर सरकार सकारात्मक रूप से विचार करेगी।

उक्त बात प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र नींबूवाला गढ़ीकैंट में उत्तराखंड डिप्लोमा इंजी. नियर संघ, लोक निर्माण विभाग के द्वादश सम्मेलन में प्रदेश के कोने-कोने से आये डिप्लोमा इंजी. नियर्स को वर्चुअल संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विभाग द्वारा शासन को प्रेषित किये जा रहे विभागीय पुनर्गठन ढ़ांचे के प्रस्ताव में विभाग की आवश्यतानुसार कनिष्ठ अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं उच्चतर पदों को बढ़ाये जाने की कार्यवाही गतिमान है, जिसे शीघ्र अन्तिम रूप दिया जायेगा।

चारधाम जैसी महत्वपूर्ण परियोजना पर आपने काम किया है, जिससे चारधाम की सड़कें सुगम और सुरक्षित बनी हुई हैं। उनकी मेहनत और लगन को देखते हुए निश्चित रूप से उन्हें उचित सम्मान, सुविधा और संसाधन मिलने चाहिए ताकि विकास के कार्यों की बात गुणवत्ता और गति दोनों बनी रहें। इसी भावना को देखते हुए हमारी सरकार अभियन्ताओं की सेवा शर्तों, पदोन्नति, वेतनमान और तकनीकी प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर गम्भीरतापूर्वक कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों में तकनीकी गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को बनाए रखें। आपकी कार्यशैली ही सरकार और समाज के बीच विश्वास की कड़ी बनती है। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता राजेश कुमार शर्मा, मुख्य अभियंता दयानंद, लोनिवि के तकनीकी सलाहकार सी.एम. पाण्डेय, उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लो०नि०वि० के प्रान्तीय अध्यक्ष इं० आर०सी० शर्मा, प्रान्तीय महामंत्री इं० सी०डी० सैनी, संघ के संरक्षक इं० यू०एस० महर, मुख्य संयोजक इं० दिवाकर धस्माना सहित अन्य घटक संघों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### अभियंताओं को मिली पदोन्नति

महाराज ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में कुल 90 कनिष्ठ/अपर सहायक अभियन्ताओं की पदोन्नति सहायक अभियन्ता के पद पर की गई है। इसके अलावा वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कुल 172 प्रभारी सहायक अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता के 20 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण करने पर एम०ए०सी०पी०एस० (संशोधित सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन स्कीम) की व्यवस्था के अन्तर्गत ग्रेड वेतन 6600 की स्वीकृति दी गई है। वर्ष 2024-25 में कुल 243 अपर सहायक अभियंताओं को 10 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण करने पर एम०ए०सी०प.ी०एस० (संशोधित सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन स्कीम) की व्यवस्था के अन्तर्गत ग्रेड वेतन 5400/- स्वीकृत किया गया है।

## राष्ट्रीय पिट्ठू प्रतियोगिता के लिए 23 खिलाड़ियों का चयन

■ 18 से 20 जून तक देहरादून में आयोजित होंगी राष्ट्रीय पिट्ठू प्रतियोगिता



शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गढ़वाल विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में शनिवार को जूनियर राष्ट्रीय पिट्ठू प्रतियोगिता का ट्रायल लिया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए 56 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कर खिलाड़ियों के द्वारा अपने खेल कौशल एवं शरीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया। जिनमें से 23 का चयन प्रदेश टीम के लिए किया गया।

आगामी 18 से 20 जून तक देहरादून में राष्ट्रीय पिट्ठू प्रतियोगिता आयोजित होगी। चयन प्रक्रिया के दौरान प्रतिभागियों ने तकनीकी दक्षता, टीम भावना, एवं रणनीतिक कौशल का परिचय दिया। चयनकर्ता के रूप में जितेंद्र लिंगवाल एवं रितिक भट्ट ने दोनों वर्गों की टीम का गठन किया। परंपरागत खेल एसोसिएशन उत्तराखंड के अध्यक्ष मनीष कोठियाल ने कहा कि बालिका वर्ग में कनिका, सानिया नेगी, दिया, सोनाली, शालिनी, साक्षी, शांभवी, आरुषि, मानवी भट्ट, नंदिनी चौहान, तेजस्वी और बालक वर्ग भविष्य पाल, हरिओम, पीयूष उनियाल, प्रिंस फर्सवान, अमन सिंह कनिष्क, अनीश, प्रिंस राणा, ऋषभ, कृष, हर्षित, आयुष रावत का चयन किया गया। कहा कि चयनित खिलाड़ियों को राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। उपाध्यक्ष मनिंदर सिंह लडोला ने कहा कि पारंपरिक खेलों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

बताया कि 18 जून से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पिटठू प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 22 टीमेंप्रतिभाग करेंगी। कहा कि इस तरह के खेलों को मुख्यधारा में शामिल करने से जहां परंपरागत खेलों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं नये खेलोंमें करियर बनाने का भी युवाओं को मौका मिलेगा। इस मौक पर उत्तराखंड पिट्ठू संगठन के जिलाध्यक्ष सतीश कंडारी, उमा रौथाण, वर्षा कंडारी, विकास शाह, विकास घिल्डियाल सहित आदि मौजूद थे।

## इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क निर्माण कार्य में अनियमिता की शिकायत

**श्रीनगर ( शाह टाइम्स )।** नगर निगम क्षेत्रांर्गत कमलेश्वर बागवान में न्यू कमलेश्वर में चल रहें निर्माण कार्य पर पार्षद ने अनियमिताओं का आरोप लगाया है। शनिवार को कमलेश्वर के पार्षद सूरज नेगी ने महापौर आरती भंडारी को निर्माण कार्यों में हो रही अनियमिताओं को लेकर शिकायत दर्ज की। पार्षद सूरज नेगी ने कहा कि वर्तमान में न्यू कमलेश्वर में इंटरलॉक टाइल्स सड़क के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। बताया कि बिना सड़क खोदे इंटरलॉक टाइल्स को निर्माण किया जा रहा है। जिससे बरसात का पानी उनके घरों के अंदर घुस सकता है। उन्होने निर्माण कार्य के सम्बंधित ठेकेदार से वार्ता कर निर्माण कार्यों में हो रही अनियमिताओं को ठीक करने की मांग की है।

## चुन्नी-नौड़ा-धोलियाणा-तेगड़ मोटरमार्ग का निर्माण कार्य अधर में

■ 8 साल बाद भी नौडा, धौलियाना नहीं पहुंच पाई सड़क

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत नौडा, धौलियाना के ग्रामीणों 13 वर्षों के बाद भी अभी तक कोई मोटरमार्ग का सुख नहीं देख पाएं है। गांव सड़क से न जुडने से ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की राह ताक रहें ग्रामीण बिमार लोगों को 6 किमी दूर चुन्नीखाल तक कुर्सी और पलकी के जरिये ले जाना पड़ता है। साथ ही सड़क न होने से गांव में 70 प्रतिशत से अधिक पलायन भी हो चुका है।

हाल ही में धौलियाना, दुग्ड, नौडा, चौनी गांव में 700 से अधिक लोग निवासरत है। बताते चले कि वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने चुन्नी-नौड़ा-धोलियाणा-तेगड़ मोटरमार्ग के निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की थी, लेकिन 7 साल बाद भी मोटरमार्ग का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। ग्रामीण गंभीर सिंह जायड़ा ने बताया कि विगत सात सालों से चुन्नी- नौड़ा-धोलियाणा-तेगड़ मोटरमार्ग को लेकर विभागीय अधिकारी केवल कोरे आश्वासन दे रहें है, लेकिन अभी तक ग्रामीणों को मोटरमार्ग की सुविधा नहीं मिलने से ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि इससे पहले भी कई बार वन विभाग के ओर से मोटरमार्ग को लेकर सर्वे कर चुका है, बावजूद भी अभी तक कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। कहा कि यदि जल्द से मोटरमार्ग को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो ग्रीमण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इधर, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता धिरेंद्र कुमार ने बताया कि पहले हुए सर्वे में बांज के जंगल आने के कारण वन विभाग से मोटरमार्ग को स्वीकृति नहीं मिल पाई थी। बताया कि विधायक विनोद कंडारी की पहल पर लोनिवि विभाग और वन विभाग के अधिकारियों ने मोटरमार्ग को लेकर दूसरी जगह से सर्वे किया गया है।

## पुरानी पेंशन बहाली से जुड़े कर्मचारियों ने शासन के रवैये पर किया रोष व्यक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार ।** पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन से जुड़े कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के संबध में शासन के रवैये पर रोष व्यक्त किया है और इस संबध में शीघ्र निर्णय न लेने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

इस संबध में शनिवार को कर्मचारियों की पौड़ी जिला कार्यकारिणी की राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में पूर्व से ही जन विरोधी कानूनों के खिलाफ आवाज उठती रही है। कहा कि एनपीएस व यूपीएस भी ऐसी नीतियां हैं, जिसका सभी विभागों के शिक्षक व कार्मिक विरोध कर रहे हैं। मंच के जिलाध्यक्ष अनूप जदली ने कहा कि सरकार कार्मिकों के ऊपर जबरदस्ती एनपीएस व यूपीएस जैसी पेंशन योजना सौंप रही है, जिसमें कार्मिकों को ठगा जा रहा है। शिक्षक मुकेश रावत ने कहा कि सांसद व विधायक खुद तो पुरानी पेंशन ले रहें हैं और कार्मिकों को न्यू पेंशन स्कीम व यूनिफाइड पेंशन स्कीम का झुनझुना पकड़ा रहे हैं, अगर यह पेंशन स्कीम सही है तो वे इसे खुद पर लागू क्यों नहीं करते। संरक्षक मनमोहन चौहान ने कहा कि अब पुरानी पेंशन बहाली के लिए सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने का समय आ गया है। बैठक में अरविंद निराला, संयुक्त कर्मचारी परिषद के कोटद्वार शाखा अध्यक्ष मुकेश रावत, शेखर जोशी, सुरेंद्र चौहान सहित अन्य विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

## छात्रों को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ दिलाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** पीएम श्री राजकीय आदर्श कीर्ति इंटर कॉलेज उत्तरकाशी में आयोजित समर कैंप के दौरान छात्र छात्राओं ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ दिलाई।




विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जनजागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें ब्राह्मकुमारी संस्थान जोशियाडा से होते हुए मुख्य बाजार, बस स्टैंड, विश्वनाथ चौक, चाणक्यपुरी से राजकीय कीर्ति इंटर कॉलेज तक बैनर, तख्तीयों, नारों और गीत के माध्यम से स्थानीय युवाओं और नागरिकों एवं यात्रियों को तम्बाकू से दूर रहने हेतु जागरूक किया गया । जागरूकता रैली में प्रजा. पिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उत्तरकाशी की ब्राह्मकुमारी बहिन शशि थपलियाल, रेखा असवाल, रजनी चौहान स्वाति रावत तथा ब्राह्मकुमार भाई जयराम रावत, पवनदेव थपलियाल,सतवीर रावत आदि ने सहयोग किया। रेली के बाद राजकीय कीर्ति इंटर कॉलेज के सभाकक्ष में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी में तंबाकू और नशा छोड़ कर योग ध्यान की प्रक्रिया को अपनाने पर बल दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकेन्द्र सिंह परमार द्वारा छात्र छात्राओ को धूम्रपान, तंबाकू सेवन एवं नशीले पदार्थो से होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में बताया गया तथा छात्रों से तम्बाकू मुक्त और नशा मुक्त रहने की अपील की । इस अवसर पर सेवानिवृत प्रिंसिपल बिजेंद्र राणा सहित विद्यालय के शिक्षक प्रभाकर सेमवाल, अतोल सिंह महर, संजय कुमार जगूड़ी, पंचम सिंह राणा, सुनील सेमवाल आदि ने भी छात्रों को संबोधित किया।

## तंबाकू से होने वाली हानियों के प्रति किया जागरूक

**लैंसडौन ।** जयहरीखाल विकास खंड के अंतर्गत राइंका मठाली में जारी समर कैंप में शनिवार को तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू से होने वाली हानियों के प्रति जागरूक किया गया। कैंप का शुभारंभ संस्कृत वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात सूर्य नमस्कार, संस्कृत एवं अंग्रेजी वार्तालाप का अभ्यास कराया गया। वैज्ञानिक गतिविधियों में वायु दाब एवं द्रव चालित लिफ्ट के कार्यकारी माडल के द्वारा पास्कल के नियम को समझाया गया। साथ ही विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर छात्रों को तंबाकू से होने वाली हानियों पर जानकारी देने सहित पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

**एक नजर .......**

### पुरोला में तीन जून को आयोजित होगा तहसील दिवस

**उत्तरकाशी ( शाह टाइम्स )।** पुरोला में तहसील में आगामी तीन जून को तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी डॉ.मेहरबान सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आगामी 3 जून (मंगलवार) को प्रात: 11 बजे तहसील पुरोला में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को विभागीय सूचनाओं सहित स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी आम जनता को प्रदान करने एवं मौके पर प्राप्त शिकायतों/समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे।

### नागरिक मंच ने रिक्त पदों पर चिकित्सकों की तैनाती मांग की

**कोटद्वार( शाह टाइम्स )।** नागरिक मंच ने गढ़वाल क्षेत्र के राजकीय बेस चिकित्सालय में चिकित्सकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति न होने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि इस कारण अस्पताल रेफर सेंटर बनकर रह गया है। इस संबध में मंच अध्यक्ष सीपी नैथानी व महासचिव अतुल भट्ट की ओर से शनिवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया । ज्ञापन में कहा गया है कि गढ़वाल क्षेत्र के प्रमुख अस्पताल बेस अस्पताल में चिकित्सकों व अन्य स्टाफ के कई पद रिक्त चल रहे हैं, जिसके कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि अस्पताल के कुछ विभाग तो केवल संविदा चिकित्सकों के भरोसे चल रहे हैं। उन्होंने शीघ्र ही बेस चिकित्सालय कोटद्वार में रिक्त पड़े पदों पर चिकित्सकों की तैनाती की मांग की है ।

### एलयूसीसी ठगी पीड़ित महिलाएं आज करेंगी देहरादून कूच

**श्रीनगर ( शाह टाइम्स )।** द लोनी मल्टी थ्रिप्ट-कोओपरेटिव सोसायटी (एलयूसीसी) ठगी पीड़ित महिलाएं रकम वापसी की मांग को लेकर आज (कल) देहरादून में प्रदर्शन करेंगी। महिलाओं का कहना है कि जब तक जमा रकम वापस नहीं लौटाई जाती देहरादून में प्रदर्शन जारी रहेगा। शनिवार को धरना स्थल पर आंदोलित महिलाओं ने देहरादून कूच को लेकर अंतिम रूप रेखा तैयार की। इस दौरान महिलाओं ने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आंदोलन को उग्र करने की बात कही। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वह पूर्व में भी चेतावनी दे चुके थे कि अगर 31 मई तक रकम वापस नहीं की जाती है तो सभी महिलाएं देहरादून कूच कर सीएम आवास घेराव करेंगी। बताया कि कुछ महिलाएं धरना स्थल पर भी धरना देंगी, नगर क्षेत्र में धरना निरंतर जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में शारदा देवी, लक्ष्मी देवी, शशि रावत, रेखा गोस्वामी, बीना भंडारी, आस्था पंवार, पूनम पंत, दीप्त, जानकी आदि मौजूद रहे।

## अब रेटिना, फिंगरप्रिंट और ओटीपी से होगा राशन वितरण

■ लंबगांव में 60 राशन डीलरों को ई-पास मशीनें वितरित की



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** सरकारी सस्ता गल्ला वितरण प्रणाली को आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग ने अब राशन कार्ड धारकों को ई-पास हाईटेक मशीनों के माध्यम से राशन वितरण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शनिवार को लंबगांव, भैतलाखाल और ओनालगांव गोदाम से जुड़े कुल 60 राशन डीलरों को ई-पास मशीनें वितरित की गईं।

खाद्य आपूर्ति निरीक्षक नरेश चौहान ने खाद्य आपूर्ति कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राशन डीलरों को मशीनें वितरित करते हुए बताया कि अब तक डीलर ऑनलाइन वितरण प्रणाली के तहत राशन का वितरण कर रहे थे, लेकिन अब इस प्रणाली को और अधिक आधुनिक बनाते हुए रेटिना स्कैन, फिंगरप्रिंट और ओटीपी आधारित सत्यापन के माध्यम से राशन वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर राशन डीलर चंदन सिंह बगियाल, गुड्डू प्रसाद सेमवाल, अब्बल सिंह रावत, महादेव सिंह, बचन सिंह, नत्था सिंह, प्यार सिंह, राम सिंह सहित अन्य डीलर भी मौजूद रहे।

## पुराना विकास भवन में दिया जाएगा ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण

**रुद्रप्रयाग( शाह टाइम्स )।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से पुराना विकास भवन में पांच दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों का मार्ग-दर्शन किया जाएगा। जानकारी देते हुए ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक केएस रावत ने बताया कि उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय ब्यूटी पार्लर तीन से सात जून तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से उक्त आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रतिभाग कर प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन करने की अपील की है।

## तेज बारिश से वाल्मीकी कॉलोनी में जलभराव

■ प्रशासन ने राहत कार्यों में दिखाई तत्परता

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** बीते 27 मई को हुई तेज बारिश ने टिहरी गढ़वाल मुख्यालय स्थित मोलधार की वाल्मीकी कॉलोनी को प्रभावित किया, जहां कई घरों में पानी और मलबा घुस गया। इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में तहसील प्रशासन और नगरपालिका द्वारा त्वरित राहत एवं पुनर्वास कार्य शुरू कर दिए गए।

तहसीलदार टिहरी मो. शादाब ने जानकारी दी कि कॉलोनी में जलभराव की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू कर दिए। प्रभावित घरों से पानी और मलबा निकाला गया तथा पूरी बस्ती में सफाई कराई गई। प्रशासन द्वारा आपदा पीड़ितों को राहत राशन किट और कंबल वितरित किए गए। विशेष रूप से पांच अत्यधिक प्रभावित परिवारों को नगर पालिका के सामुदायिक भवन में बनाए गए राहत शिविर में सुरक्षित रूप से स्थानांतरित किया गया, जहां उन्हें तीन दिन तक आवश्यक सुविधाएं जैसे भोजन, बिस्तर, बिजली, पानी और शौचालय उपलब्ध कराए गए।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी का आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

■ मनी वैरिफिकेशन के नाम पर की 1.15 लाख रूपये की धोखाधड़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने मनी वैरिफिकेशन के नाम पर 1 लाख 15 हजार रूपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले एक ओर आरोप को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेजा दिया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि बीते 28 नवम्बर 2024 को सुदामा प्रसाद निवासी श्रीकोट ने कोतवाली श्रीनगर में शिकायती पत्र देते हुए कहा कि लॉन्ड्रिग और वैरिफिकेशन के नाम पर झासां देकर 1 लाख 15 हजार 244 रूपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई है। शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने कोतवाली श्रीनगर में मामला पंजीकृत किया। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को तलाश के लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्रीनगर जयपाल नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गयी। पुलिस ने संदिग्ध बैक खातों, बैंक डिटेल व मोबाईल लोकेशन, सीडीआर के सम्बन्ध में जानकारी जुटाते हुए दीपक निवासी-अजीतनगर फालन्सर को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया।

## धामी सरकार ने दिए मानसून पूर्व आपदा तैयारियों को तेज करने के निर्देश

■ आपदा प्रबंधन कार्यशाला में विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी मानसून सीजन को देखते हुए समस्त विभागों को आपदा राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी प्रतिबद्धता, ईमानदारी और टीम भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में शनिवार को टिहरी जनपद में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में एक मानसून पूर्व तैयारी कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई और आगामी चुनौतियों से निपटने की रणनीति तय की गई।



जिलाधिकारी ने कार्यशाला के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मानसून से पहले जनहित से जुड़े समस्त कार्य पूर्ण किए जाएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम विजय सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को कठोर कारावास

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** एक व्यक्ति के साथ घर में घुसकर मारपीट, गाली गलौच व धमकी देने के तीन आरोपियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक-एक हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

राज्य सरकार की ओर से मामले की पैरवी कर रहे अभियोजन अधिकारी प्रमोद चन्द्र आर्य ने बताया कि जनपद के ग्राम वनथापला निवासी वादी बृजमोहन सिंह ने कोतवाली रुद्रप्रयाग में बीते वर्ष छ: सितम्बर को एक तहरीर दी कि अभियुक्त भगत सिंह, मातबर सिंह व जगमोहन सिंह उनके घर में आए और उनके साथ मारपीट की। गाली-गलौच करने के साथ ही धमकी देने लगे। इस दौरान उन्हें चोटे भी आई, जबकि बीच-बचाव करने आई वादी की पुत्री को भी उक्त घटना में चोटें आई।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया। साथ ही मामले की विवेचना भी शुरू की गई। अभियुक्तों के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। जिसके बाद न्यायालय में अभियुक्तों के विरूद्ध आरोप विरचित किए गए और विचारण किया गया। विचारण के बाद शनिवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार सैनी अभियुक्त भगत सिह को धारा 333 भारतीय न्याय संहिता 2023 में दोषसिद्ध पाते हुए दो वर्ष का कठोर कारावास की सजा तथा 1000 रुपये जुर्माना, धारा 115 (2), 351 (2) भारतीय न्याय संहिता 2023 में दोषसिद्ध पाते हुए तीन माह का कठोर कारावास व एक-एक हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

## दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**रुद्रप्रयाग ( शाह टाइम्स )।** विगत माह 27 मई को बरसिल तथा 28 मई को चमसिल में दुर्घटनाग्रस्त हुए वाहनों की मजिस्ट्रीयल जांच उप जिला मजिस्ट्रेट रुद्रप्रयाग कर रहे हैं। वहीं, 30 मई को कुंड काकड़ागाड़ के समीप हुई वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच उप जिला मजिस्ट्रेट ऊखीमठ कर रहे हैं। उक्त वाहन दुर्घटनाओं से संबंधित जानकारी रखने वाले व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट को मौखिक अथवा लिखित रूप में जानकारी दे सकते हैं। उप जिला मजिस्ट्रेट रुद्रप्रयाग आशीष चंद्र घिल्ड़ियाल ने बताया कि तहसील रुद्रप्रयाग के अंतर्गत चमसिल, सारी सणगू में वाहन संख्या-यूके 13 टीए-0899 तथा बरसिल, क्यूरी तिराह में वाहन संख्या-यूके04सीसी/2037 दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे, जिसकी जांच उनके स्तर से की जा रही है।

## मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

■ स्थानीय उद्यमियों के विकास और नवाचार को मिलेगा संस्थागत समर्थन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना (पूर्व नाम रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर) के अंतर्गत शुक्रवार को विकास भवन सभागार, नई टिहरी में एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों, विशेषज्ञों और उद्यमिता क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाना, स्थानीय संसाधनों पर आधारित व्यवसायों को विकसित करना और उन्हें नवाचार से जोड़कर विपणन के लिए सक्षम बनाना रहा।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा देना विकास की रीढ़ है और इसके लिए विभागीय समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों को परस्पर सहयोग की भावना के साथ कार्य करते हुए उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और लखपति दीदियों के व्यवसायों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण, विपणन, वित्तीय सहयोग एवं तकनीकी मार्गदर्शन जैसी सुविधाएं देकर ग्रामीण आजीविका को नई दिशा दी जा सकती है।

कार्यशाला के दौरान पर्यटन, उद्यान, उद्योग, कृषि, मत्स्य पालन, पशुपालन समेत सभी आजीविका आधारित क्षेत्रों में इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर समय-समय पर इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित की जाएं, जिससे उद्यमियों को नवाचार, विपणन और उद्यम प्रबंधन से जुड़ी नई जानकारियां और प्रशिक्षण मिल सके।

## कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विकसित कृषि संकल्प अभियान का किया शुभारंभ

■ ग्रामीणों ने पारंपरिक अंदाज में कृषि मंत्री का भव्य स्वागत भी किया

■ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विद्यालय परिसर में बांज का पौधा रोपा



शाह टाइम्स संवाददाता

**थत्यूड़।** टिहरी क्षेत्रांगत नैनीबाग में 31 मई को प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अपने दिन दिवसीय जनपद टिहरी और उत्तरकाशी के भ्रमण के दौरान आज टिहरी जिले के नैनबाग स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने पारंपरिक अंदाज में कृषि मंत्री गणेश जोशी का भव्य स्वागत भी किया।

शुभारंभ से पूर्व मंत्री जोशी ने नैनबाग के संस्थापक स्व. सरदार सिंह रावत को श्रद्धांजलि अर्पित कर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत विद्यालय परिसर में बांज का पौधा रोपा। उन्होंने कृषि यंत्रों व स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को एनआरएलएम के तहत ঘ1.50 लाख के चेक वितरित किए। अपने संबोधन में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान की शुरुआत उत्तराखंड में 29 मई को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दौरान गुनियाल गांव से की गई थी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 29 मई से 12 जून तक देशभर में 2000 से अधिक वैज्ञानिक दल 700 जिलों में डेढ़ करोड़ किसानों से सीधे संवाद करेंगे। उत्तराखंड में हर जिले में प्रतिदिन 3 टीमें काम करेंगी, जो रोजाना लगभग 600 किसानों से संपर्क करेंगी।

कृषि मंत्री ने कहा कि यह पहली बार है जब वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं से निकलकर सीधे खेतों तक जाकर किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी देंगे। इससे फसल उत्पादन और उत्पादकता में बड़ा बदलाव आएगा। कृषि मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र का भ्रमण करें, किसानों के साथ समन्वय बनाएं और उन्हें योजनाओं की जानकारी देकर लाभ दिलाएं। उन्होंने कहा कि राज्य की डबल इंजन सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है और लगातार योजनाएं लागू कर रही है।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक प्रीतम सिंह पंवार, ब्लॉक प्रमुख सीता रावत, अपर कृषि निदेशक परमाराम, बागवानी मिशन निदेशक महेंद्र पाल, सीडीओ टिहरी करुणा अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष नरेश पंवार, मंडल महामंत्री सुनील सेमवाल, मुन्ना पंवार, राजेश सजवाण, समीर पंवार, जयप्रकाश सहित स्थानीय लोग एवं स्थानीय किसान उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव ने बिजली विभाग के तीनों कॉरपोरेशन के कसे पेंच

## सस्ती, सुलभ और विश्वसनीय ऊर्जा पहुंच सुनिश्चित करें ऊर्जा विभाग: वर्धन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** जनता को बिजली की सही एवं सस्ती उपलब्धता और बिजली योजनाओं के कार्यों को लेकर मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने अफसरों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए बिजली विभाग के पेंच कसे हैं। मुख्य सचिव आनंद वर्धन की अध्यक्षता में जीएमएस रोड स्थित उत्तराखंड जल विद्युत निगम के सभागार में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में यूजेवीएनएल, पिटकुल और यूपीसीएल के तीनों कारपोरेशन के गतिमान कार्यों, उनकी वर्तमान स्थिति, उनकी प्रगति, भविष्य की रणनीतियों तथा लोगों को स्वच्छ, सुलभ और विश्वसनीय ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श किया गया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि किसी भी प्रोजेक्ट को बनाते समय उसके तकनीकी, आर्थिक और व्यावसायिक सभी पहलुओं को ध्यान में रखें। साथ ही प्रशासनिक, पर्यावरणीय, वित्तीय और तकनीकी सभी तरह की महत्वपूर्ण स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही निविदा प्रक्रिया प्रारंभ करें। ताकि बाद में परियोजनाओं को पूरा करने में किसी भी अवरोध का सामना न करना पड़े। इस दौरान ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम, अपर सचिव ऊर्जा रंजना राजगुरु, प्रबंध निदेशक उत्तराखंड जल विद्युत निगम संदीप सिंहल, उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड अनिल कुमार व पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड पीसी ध्यानी सहित ऊर्जा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



**तीनों कॉरपोरेशन देंगे दूरगामी एजेंडा**

यूपीसीएल, यूजेवीएनएल एवं पिटकुल यानी तीनों कॉरपोरेशन आगामी 5 वर्ष, 10 वर्ष, 15 वर्ष और 25-30 वर्षों का विस्तृत एजेंडा आगामी बैठक में प्रस्तुत करेंगें। इस एजेंडा में भविष्य में ऊर्जा जरूरत को ध्यान में रखते हुए कारपा. ेरेशन के क्या-क्या प्लान हैं, क्या टारगेट रहेंगे और उनको कैसे अचीव किया जा सकता है इनका विस्तृत विवरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

**यूपीसीएल को महत्वपूर्ण निर्देश**

तराई वाले जनपदों के खंडवार विद्युत लॉस का विवरण उपलब्ध कराएं। स्मार्ट मीटर के प्रोजेक्ट के कार्यों में तेजी लाएं और उसको समय से पूरा करें। उद्योग और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में प्राथमिकता से विद्युत मीटर के कार्यों को पहले पूरा करें। भूमिगत लाइनों के प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए जिला प्रशासन तथा संबंधित विभागों से नियमित समन्वय कर डे बाय डे प्रगति बढ़ाएं।

**पिटकुल को महत्वपूर्ण निर्देश**

भारत सरकार के केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण से राज्य के पारेषण तंत्र का विस्तृत अध्ययन कराया जाए ताकि पारेषण तंत्र में सुधार लाया जा सके। विद्युत लॉस को रोकने तथा सुरक्षा की दृष्टि से हाईटेंशन लाइन का नियमित निरीक्षण करें तथा इसके लिए नई तकनीक को भी आत्मसात करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ट्रांसमिशन के विस्तारीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण के मुआवजे की धनराशि को बढ़ाने पर भी विचार करने के निर्देश दिए।

**यूजेवीएनएल को महत्वपूर्ण निर्देश**

राज्य में न्यूक्लियर पावर प्लांट की संभावना की स्टडी करें। निर्माणाधीन लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना के कार्यों में तेजी लाएं। सभी विकासशील परियोजनाएं कब से शुरू हुई, वर्तमान में किस स्तर पर हैं तथा कब तक पूर्ण होंगी इसका विस्तृत विवरण प्रस्तुत करें।

### निर्धारित समयावधि में पूरा करें प्रोजेक्ट

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट को पूरा करने की जो अवधि निर्धारित की जाती है उसी अवधि में प्रोजेक्ट पूरा करें। प्रोजेक्ट को तेजी से पूरा करने के मार्ग में जो भी अवरोध सामने आते हैं चाहे केंद्र सरकार के किसी मंत्रालय से संबंधित हो अथवा राज्य सरकार के किसी विभाग अथवा एजेंसी से संबंधित उन संबंधित पक्षों से बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए उन मुद्दों का समाधान तलाशें जिससे प्रोजेक्ट समय से पूरे हो सकें।

### रिवाइज इस्टीमेट सहित मांगा विवरण

निर्देशित किया कि ऊर्जा विभाग के तीनों कॉरपोरेशन अपने-अपने प्रोजेक्ट का इस संदर्भ में विस्तृत विवरण प्रस्तुत करें कि प्रोजेक्ट की शुरुआती लागत क्या थी और किसी तरह के विलंब के चलते उसकी अंतिम लागत कितनी बढ़ी तथा उसके पीछे क्या कारण रहे।

# लापरवाही के चलते डीएम ने एमडीडीए के अधिकारियों को लगाई फटकार

■ प्लान में यूपीसीएल, लोनिवि, एनएच, पुलिस, परिवहन विभाग के अधिकारियों को करें शामिल:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में शहरी पुर्नविकास, पार्क योजना के सम्बन्ध में बैठक ली। इस दौरान एमडीडीए, स्मार्ट सिटी द्वारा तैयार किए गए प्लान को प्रजेंनशन के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। बैठक में मौहब्बेवाला से राजपुर रोड एवं धूलकोट से कुंआवाला कॉरिडोर योजना के सम्बन्ध में समीक्षा की। 4 वर्ष पुराने प्रजेन्टेंशन पर डीएम की एमडीडीए के अधिकारियों को फटकार, लगाते हुए विभागों से समन्वय कर व्यवहा. रिक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि विभागों में आपसी गैप न रहे इसके लिए एमडीडीए को प्लान में यूपीसीएल, लोनिवि, एनएच, पुलिस, परिवहन विभाग के अधिकारियों को शामिल करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के सुगम सुरक्षित यातायात के संकल्प, शहर सुगम यातायात के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध जिलाधिकारी प्रत्येक शनिवार अपने स्तर पर करेंगे समीक्षा। डीएम ने जिले के मोबिलिटि-रि-डेवलपमेंट प्लान हो व्यवहारिक; भविष्य की जरूरत के दृष्टिगत तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं 04 वर्ष पुराने प्रजेन्टेंशन पर डीएम की एमडीडीए के अधिकारियों को फटकार, विभागों से समन्वय कर व्यवहारिक प्लान तैयार करने के निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर का हर मेजर जंक्शन, क्रासिंग व ऑन स्ट्रीट, ऑफ स्ट्रीट, मल्टीलेवल आटोमेटेड या सिविल पार्किंग निरंतर बढाना है, इसके लिए प्रभावी प्लान तैयार करें। उन्होंने कहाकि धनराशि मुहैया करानी मेरी जिम्मेदारी विभाग प्राथमिकता से डीपीआर तैयार करें इसके लिए एसई लोनिवि को डीपीआर तैयार करते हुए समिति को अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्लान में यूपीसीएल, लो. निवि, एनएच, पुलिस, परिवहन विभाग के अधिकारियों को शामिल करने को निर्देशित किया। विभागों को हर हफ्ते की प्रगति गूगलसीट पर अद्यतन करने को भी निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी न्याय को निर्देशित किया कि गूगलसीट बनाने हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारी अपने प्लान के सम्बन्ध में जो भी अद्यतन किया जाना है स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को निर्देशित किया स्मार्ट सिटी के 10 प्राथमिकता वाले जंक्शन को इस प्लान में शामिल किया जाए।बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के मिश्रा, उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी, एमडीडीए से गौरव चटवाल, संभागीय परिवहन अधिकारी दीपक सैनी, अधीशासी अभिंयता लोनिवि जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी, पुलिस विभाग से अरविन्द कुमार सहित एमडीडीए के अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** किसानों की अच्छी आय और खरीफ फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कृषि मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 15 दिवसीय 29 मई से 12 जून तक देशव्यापी विकसित संकल्प कृषि अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत ब्लॉक कालसी में पिछले तीन दिनों से कृषि विज्ञान केंद्र, ढकरानी, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन एवं अन्य विभागों द्वारा किसानों के बीच पहुंचकर सीधा संवाद किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक विकासखण्ड कालसी के कूल नौ ग्राम सभाओं धोईरा, पंजिया, चापनू, चिबा. ेऊ, सलगा, कोठा, पूरानी कालसी, हरीपूर और व्यासभूड में वैज्ञानिक दल एवं रेखीय विभागों के अधिकारीयों ने पहुंचकर किसानों को महत्वपूर्ण आधुनिक तकनीक और नई उन्नत किस्मों, फसल सुरक्षा, विभिन्न योजनाओं आदि से संबंधित जानका. रियां दी। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र से वैज्ञानिक डा. भूपेंद्र सिंह, डा. कांती कूमार, फकीर चंद, कृषि विभाग से कृषि अधिकारी मनोज कुमार व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अब राज्य स्तर पर पदक जीतने वालों को भी मिलेगा नौकरी में आरक्षण

■ कहा -खेलों को लेकर युवाओं में और ज्यादा रुचि जागृत होगी ■ सरकार के शासनादेश में संशोधन का नोटिफिकेशन जारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून** । अब उत्तराखंड में आयोजित विभिन्न प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भी सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। इस बारे में सरकार द्वारा किए गए अध्यादेश संशोधन को अंतिम मंजूरी मिल गई है।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि अभी तक ओलंपिक, कॉमनवेल्थ गेम, एशियाई चौंपियनशिप, राष्ट्रीय खेलों जैसी नेशनल और इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को ही चार फीसदी आरक्षण का लाभ मिल पाता था। सरकार ने इसके लिए अध्यादेश में संशोधन किया था जिसे विधानसभा से मंजूरी भी मिल गई थी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि नए नियमों का गजट नोटिफिकेशन बीते दिवस जारी कर दिया गया है। इसके मुता. बिक अब उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता, विभिन्न राष्ट्रीय खेल संघ द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य स्तरीय खेल संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तर की प्रतियोगिता, युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता व इसके साथ ही विद्यालयी शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किसी भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों को भी सरकारी नौकरियों में 4 फीसदी आरक्षण मिल सकेगा।



खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि विभाग की इस मांग पर तेजी से निर्णय लेने के लिए वे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की आभारी हैं।

खेल मंत्री ने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जीतने पर नौकरी में आरक्षण मिलने के निर्णय से निश्चित रूप से खेलों को लेकर युवाओं में और ज्यादा रुचि जागृत होगी।

# बडनू, दातनू में आयोजित किसान गोष्ठी में उन्नत कृषि तकनीकों पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून द्वारा केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की पहल पर न्याय पंचायत उद्पाल्टा के ग्राम पंचायत बडनू, दातनू में 15 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिकों और किसानों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ, जिससे ग्रामीण किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों व सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई।

गोष्ठी में भाग लेते हुए प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जे.एम.एस. तोमर ने किसानों को मक्का, मिर्च, बीन्स, अदरक और अरबी जैसी फसलों की उन्नत किस्मों तथा उनके उत्पादन बढ़ाने की तकनीकों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने खेती को लाभकारी बनाने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत सदस्य बबीता चौहान ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में कृषि और बागवानी की प्रगति के लिए इस प्रकार की गोष्ठियाँ अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही हैं।गोष्ठी में किसानों को कृषि, सिंचाई योजनाओं, बागवानी, ई-मार्केटिंग और एफ.पी.ओ. (किसान उत्पादक संगठन) से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान कांती चौहान, अनिल तोमर, अजब सिंह चौहान, कलम सिंह चौहान, बीरेंद्र सिंह चौहान, दिनेश चौहान, प्रदीप चौहान सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रैली निकालकर नशा मुक्त समाज बनाने को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** विश्व तंबाकू दिवस पर शनिवार को हरबर्टपुर और विक. ासनगर में रैली निकालकर लोगों को तंबाकू और अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाली नुकसानों को लेकर जागरूक किया।

विकासनगर में रोटरी दून विकास श्री गुरुद्वारा सिंह सभा में रैली का शुभारंभविधायक मुन्ना सिंह चौहान ने किया। रैली विकासनगर के मुख्य मार्गों से होते मुख्य बाजार स्थित एक होटल में संपन्न हुई। रैली के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक समेत एथलेटिक क्लब विकासनगर के संस्थापक सरदार प्रभजोत सिंह, पहाड़ी पेडलर्स के संस्थापक गजेन्द्र रमोला और कर्नल अनिल गुरुंग ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। क्लब द्वारा सभी प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र दिए गए। रैली में नगर पालिकाध्यक्ष धीरज बॉबी नौटियाल, सुरेश रावत, संजय गुप्ता, डॉ. हेमांग कोहली, डॉ. दिनेश भंडारी, नितेश अरोड़ा, प्रदीप पोत्रा, अनिल जैन, सतीश जायसवाल, दीपक मित्तल, मयंक जैन, तरुण अरोड़ा, जीवन सजवाण आदि शामिल रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम सहायक पीतांबर सिंह तोमर, मोहन बिष्ट, मोहन तोमर, तथा सभी कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहे।

# डाकपत्थर महाविद्यालय में कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन

**विकासनगर ( शाह टाइम्स )।** वीर शहीद केसरी चन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डाकपत्थर विकास नगर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में, इन्फोसि कंपनी गीत के अंतर्गत 'लर्नट स्किल्स फॉर लाइफ' कार्यक्रम के तहत 45 बच्चों को ट्रेनिंग सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मधुकर शर्मा, हेड ऑफ मोबिलाइज. ेशन, इन्फोसि कंपनी गीत उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप सिंह नेगी ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

# स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने पर दिया गया जोर

**विकासनगर ( शाह टाइम्स )।** देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय देहरादून एवं उत्तराखंड को-ऑपरेटिव रेशम फेडरेशन लिमिटेड के द्वारा सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित 'परिधानम' कार्यक्रम में सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य रेशम उद्योग और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देना था। विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने रेशम कीट पालन को लेकर राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी साझा की और बताया कि किस प्रकार यह योजना प्रदेश की महिलाओं और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इस अवस अमन बंसल, प्रदीप कुमार, प्रो. आरके त्रिपाठी, आनंद एडी शुक्ला, प्रो. रितिका मेहरा और डॉ. भावना गोयल आदि उपस्थित रहे।

# टिहरी और कोटेश्वर बांध की सुरक्षा का सीआईएसएफ महानिरीक्षक ने लिया जायजा

■ राष्ट्रहित से जुड़ी परियोजनाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: नवज्योति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) उत्तरी खंड दिल्ली के महानिरीक्षक नवज्योति गोगोई (आईपीएस) ने शनिवार को टिहरी और कोटेश्वर बांध परियोजनाओं का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि टिहरी बांध देश की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और रणनी. तिक परियोजना है, जिसकी सुरक्षा सीआईएसएफ के लिए एक अत्यंत गंभीर और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है। उन्होंने बल के जवानों से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक और पूर्ण मनोयोग से निर्वहन करें।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अधिशासी निदेशक एल.पी. जोशी ने महानिरीक्षक को टिहरी बांध परियोजना की व्यापक जानकारी दी। उन्होंने विद्युत उत्पादन की क्षमताओं से लेकर अन्य तकनीकी और संरचनात्मक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी साझा की। जोशी ने वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए बांध की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर सीआईएसएफ के कमांडेंट गौरव तोमर ने कोटेश्वर और टिहरी दोनों परियोजनाओं की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी तकनीकी जानकारियां प्रस्तुत कीं। उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के परिप्रेक्ष्य में सुरक्षा के स्तर को और भी अधिक कड़ा किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। निरीक्षण के बाद महानिरीक्षक नवज्योति गोगोई ने ग्रीन इंडिया अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उप कमांडेंट दुर्गेश चंद्र शुक्ला, सहायक कमांडेंट मोहम्मद यूनुस समेत अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# वन विभाग के कार्मिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** वन मुख्यालय के अधिकारियों/कार्मिकों के लिए वेलमेड हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की ओर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार को वन विभाग के कर्मचारियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुये उनकों आवश्यक चिकित्सा प्रदान करने के लिए वन मुख्यालय देहरादून में वन अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए वेलमेड हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ0 निलेश चन्द्र पाण्डे, हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा विभाग के 85 अधिकारियों/कर्मियों के स्वास्थ्य की व्यापक जांच यथा ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, इसीजी आदि की गयी। इस पहल से कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने और समय पर उपचार प्राप्त करने का अवसर मिला। शिविर में जानकारी दी कि वेलमेड हॉस्पिटल, देहरादून राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना के पैनल में भी शामिल है तथा वेलमेड हॉस्पिटल द्वारा राजकीय कर्मचारियों व पेंशनरों को गोल्डन कार्ड से इलाज पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर चिकित्सा जांच की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। स्वास्थ्य शिविर में बी0पी0 गुप्ता, प्रमुख वन संरक्षक, प्रशासन व विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगणों व वन मुख्यालय स्थित अन्य सभी कार्यालयों के अधिकारियों/कार्मिकों कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सुगंधित और आकर्षक तंबाकू उत्पादों के जाल में ना फंसें युवा:डॉ. मनोज

■ जिला कारागार देहरादून में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित की गई कार्यशाला ■ सीएमओ देहरादून हुए कार्यक्रम में शामिल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून** । विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला कारागार में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। न्दडोंपदह जीम 'चचमंसः म्ेचवेपदह पदकनेजतल जंबजपबे वद जवइंबबव 'दक दपबव. जपदम चतवकनबजे थीम पर आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य





जेल बंदियों को धूम्रपान एवं तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर जेल बंदियों द्वारा तम्बाकू निषेध विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया तथा तम्बाकू छोड़ने वाले बंदियों द्वारा अपने अनुभव भी साझा किये गये।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि तम्बाकू उत्पाद बनाने वाली कंपिनियों द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक फ्लेवर का उपयोग करते हुए तम्बाकू उत्पादों को आकर्षक एवं सुगंधित रूप में बेचा जाता है। तम्बाकू का उपयोग नहीं करने वाले व्यक्ति सुगंधित तम्बाकू उत्पादों के प्रति आकर्षित होते हैं तथा इसका सेवन शुरू करते है। जिसका परिणाम यह होता है कि धीरे धीरे उपयोगकर्ता इसके आदी होने लगते हैं। डॉ शर्मा ने कहा कि आवश्यकता है कि हम तम्बाकू उत्पाद बनाने वाली कंपनियों की इस रणनीति को समझें तथा इस आकर्षक और सुगंधित उत्पादों के जाल में ना फंसें। साथ ही इसकी सच्चाई को अन्य लोगों तक भी पहुंचायें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जेल प्रशासन की भी प्रशंसा की गयी। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन के सहयोग से ही यह संभव हो पाया कि कई बंदियों द्वारा तम्बाकू सेवन की आदत को छोड़ा गया है।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ निधि रावत ने जिला तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की ओर से संचा. लित गतिविधियों के संबंध में जानक. ारी दी। उन्होने कहा कि विगत दो वर्षों से निरंतर जेल परिसर में फोकस ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से बंदियों को धूम्रपान और तम्बाकू छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इन्हीं प्रयासों का यह सकारात्मक परिणाम है कि आज कई बंदियों द्वारा धम्रपान और तम्बाकू सेवन की आदत को त्याग दिया है। जिला सलाहकार अर्चना उनियाल ने कोटपा अधिनियम तथा इसके अंतर्गत विभिन्न प्राविधानों के बारे में जानकारी दी। मनोचिकित्सक अनुराधा द्वारा तम्बाकू उत्पादों के सेवन से शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया।

जेल निरीक्षक पवन कोठारी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग और जेल प्रशासन के संयुक्त प्रयास से जेल परिसर में तम्बाकू निषेध किया गया है। बंदियों से मिलने वाले परिजनों द्वारा परिसर में तम्बाकू लाने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

समय समय पर जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा जिला कारागार में फोकस ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से काउंसलिंग की जाती रही है। जिसके परिणामस्वरूप कई बंदियों द्वारा धूम्रपान एवं तम्बाकू छोड़ दिया गया। कार्यशाला में ऐसे व्यक्तियों द्वारा अपने अनुभव साझा किये गये। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बंदियों को विभाग की ओर से पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये।

कार्यशाला में उपकारापाल विवेक शुक्ला, प्रकाश सिंह मेहता, डॉ अंकित गुसाईं, डॉ मोहम्मद हसन, रेखा उनियाल, अनुराग उनियाल, मोहन सिंह दानू, मोहन सिंह शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### एसएसपी एसटीएफ ने उप निरीक्षक यादविंदर बाजवा व आशीष गुसाईं को पहनाया तीसरा स्टार

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** पुलिस मुख्यालय द्वारा शनिवार के दिन मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में अलग-अलग जनपदों में सेवाएं दे रहे नागरिक पुलिस के 58 उप निरीक्षकों के निरीक्षक पद पर प्रमोशन किए गए हैं। वहीं पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी निरीक्षकों के पद पर पदोन्नति आदेश पर एसटीएफ में नियुक्त उपनिरीक्षक यादविंदर बाजवा और उप निरीक्षक आशीष गुसाईं को निरीक्षक पद पर स्टार लगाकर तरक्की प्रदान की गई है। एसटीएफ कार्यालय में आयोजित पीपिंग सेरेमनी के कार्यक्रम में एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर द्वारा निरीक्षक पद पर पदोन्नत यादविंदर बाजवा और आशीष गुसाईं को पुलिस उपाधीक्षक अंकुश मिश्र एवं अन्य ऑफिसर्स की मौजूदगी में स्टार पहनाए गए। पुलिस विभाग में तैनात 58 दरोगाओं की पदोन्नति के बाद पुलिस विभाग में खुशी की लहर उत्पन्न है।

### तंबाकू निषेध दिवस पर 100 टीबी मरीजों को पीएम योजना के तहत भोजन के पैकेट बांटें

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** रोटरी क्लब देहरादून ने हिमालय वेलनेस कंपनी देहरादून इकाई के सहयोग से नूर-ए-रशीद हॉल, देहरादून में 100 टीबी मरीजों को 100 पोषक तत्वों के पैकेट वितरित किए। यह कार्यक्रम पिछले दो वर्षों से रोटेरियन डॉ. एस फारूक वी.पी. आर.सी.डी. के संरक्षण में जारी है। इस अवसर पर डॉ. आरके बख्शी अध्यक्ष आर.सी.डी. भी उपस्थित थे। डॉ. एस फारूक ने मरीजों और उनके परिवार के सदस्यों को न केवल स्वयं के लिए बल्कि उनके संपर्क में आने वाले परिवार के सदस्यों के लिए भी एहतियात बरतने की सलाह दी। डॉ. मनोज कुमार डी.टी.ओ. दून मेडिकल अस्पताल देहरादून ने भी अपने फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए नियमित जांच और दवाएं और पौष्टिक भोजन लेने की सलाह दी।

### शहीदी दिवस पर छबील व लंगर लगाया

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** दून के राजपुर रोड़ दिलाराम चौक में गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस के पर्व पर राज प्लाजा एसोसिएशन के साथियों की ओर से छोले व मिट्ठे पानी का छबील लंगर का लगाया गया, जिसमें सभी सदस्यों प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर ने राज प्लाजा एसोसिएशन के सदस्यों के साथ छबील का लंगर बांटा। कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव थापर ने कहा कि सिख धर्म हमको संघर्ष , एकता और सेवा की सीख देता है और सदा बिना किसी जाती-धर्म का भेदभाव या अमीर गरीब का फर्क किये बिना समाज की सेवा में आगे बढ़कर कार्य करते हैं। सिखों के पंचम गुरु अर्जन देव जी के शहीदी पर्व में हम सब छबील का लंगर में सेवा करके, उनको याद कर नमन करते हैं। लंगर में कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव थापर, राज प्लाजा एसोसिएशन के सदस्यगण हरदीप सिंह , बलदेव सिंह , राजन कपूर , तरुण कुमार , अशोक नारंग व सभी साथियों ने आमजन की छबील व छोले का प्रसाद वितरण कर सेवा करी।

### दरोगा खिलानन्द चिलकोटी हुए रिटायर्ड

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** पिछले काफी समय से पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र कार्यालय देहरादून में सेवारत गोपनीय सहायक उपनिरीक्षक केएन चिल्कोटी 31मई 2025 को अपनी सेवा पूर्ण करने के उपरान्त अधिवर्षता सेवा. निवृत्त हुए। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल राजीव स्वरूप द्वारा पुलिस परिवार एवं परिक्षेत्र कार्यालय की तरफ से उनके स्वास्थ्य दीर्घायु एवं पारिवारिक सम्पन्नता की कामना की गयी। बताया गया है कि खिलानन्द चिलकोटी 5 फरवरी 1997 को पुलिस विभाग में उनि (एम) आशुलिपिक के पद पर भर्ती हुए तथा पूरे सेवाकाल में जनपद बरेली (उप्र), उत्तराखण्ड पुलिस मुख्यालय, तथा जनपद देहरादून, एंव वर्तमान में गढवाल परिक्षेत्र कार्यालय में नियुक्त रहते हुये गोपनीय सहायक से सम्बन्धित महत्वपूर्ण कार्यों का ईमानदारी व जिम्मेदारी से निर्वहन किया गया। चिलकोटी द्वारा अपने 28 वर्ष 3 माह 26 दिवस के कार्यकाल में अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया गया।

### लाइनमैन के पद पर तैनात स्वराज सिंह को दी गई विदाई

**सहिया ( शाह टाइम्स )।** विधुत विभाग सहिया में सेल्फ हेल्प ग्रुप से कार्यरत लाइनमैन के पद पर तैनात स्वराज सिंह को बिजली विभाग में 13 साल लम्बी सेवा के बाद सेवानिवृत्त पर सहिया बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वराज सिंह के विभाग में कार्यों की सराहना की। इस दौरान बिजली घर सहिया में स्वराज सिंह के सेवानिवृत्त की कर्मचारियों ने भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर विधुत विभाग चकराता के उपखंड अधिकारी अशोक कुमार, जेई परम सिंह, अश्विनी कुमार, मेंहद्र कुमार, विष्णु प्रसाद, शांति प्रसाद, संजय वर्मा, शेर सिंह, नरेंद्र खन्ना, मनमोहन चमोली, संदीप नौटियाल, दिनेश खन्ना, दिनेश संदीप कुमार, दिगंबर, अनुज, दासूराम, मीरू, मिक्की, सरफ सिंह, बैशाकू, सहित समाजिक कार्यकर्ता भीम दत्त वर्मा, रविन्द्र पाल सिंह, अमर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

### बंद घर में चोरी करने का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**सेलाकुई।** थाना सेलाकुई क्षेत्र में पिछले साल नवंबर में बंद घर में हुई चोरी की घटना में शामिल एक और आरोपी को शनिवार को पुलिस ने चोरी की ज्वेलरी के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। जिस पर पांच हजार का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी के एक साथी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। सेलाकुई थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि 11 नंवबर 2024 को संजय शर्मा पुत्र अतुल शर्मा निवासी सेलाकुई के बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी, ज्वेलरी और अन्य सामान चोरी कर लिया था। शिकायत के बाद चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई। जिसके बाद घटना में शामिल एक आरोपी मारूफ शाह निवासी लखीमपुर खीरी यूपी को चोरी की ज्वेलरी व अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में उनसे एक अन्य आरोपी अरमान खान का नाम लिया था। जिसके बाद से पुलिस लगातार उसके ठिकाने पर दबिश दे रही थी। लेकिन वह फरार चल रहा था।

### 18 से 19 वर्ष आयु के युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए

# सार्वजनिक स्थलों एवं खेल स्टेडियम में लगाए जाए क्यूआर कोड : डा. विवेक जोशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचे भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त डॉ विवेक जोशी ने आज राज्य अतिथि गृह में जनपद में किए जा रहे निर्वाचन कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए निर्वाचन संबंधित कार्यों की जानकारी ली।

बैठक में निर्वाचन आयुक्त ने उपस्थित बीएलओ से उनके द्वारा किए जा रहे निर्वाचन से संबंधित कार्यों की जानकारी ली, उन्होंने उपस्थित बीएलओ से कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में बीएलओ को महत्वपूर्ण भूमिका होती है तथा सभी बीएलओ अपने कार्यों का निर्वाहन संवेदनशीलता से करे उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी मतदाता का मतदाता सूची में नाम दर्ज करने से वंचित नहीं रहना चाहिए तथा किसी भी मतदाता की मृत्यु होने या दूसरे स्थान पर निवास करने की स्थिति में उसका नाम मतदाता सूची से हटवाने के लिए त्वरित एआरओ को सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और किसी भी मतदाता का दो स्थानों में नाम नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए है कि युवा मतदाताओं जितनी आयु 18 से 19 वर्ष की हो गई है ऐसे मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए स्पेशल कैंप लगाए जाने के साथ साथ सार्वजनिक स्थानों, बस स्टेशनो, रेलवे स्टेशनों और खेल स्टेडियम में क्यूआर कोड लगाए जाए जिससे अधिक से अधिक युवा मतदाता अपना ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सके।



उन्होंने निर्देश दिए है कि किसी व्यक्ति के जन्म एवं मृत्यु के संबंध में पूर्ण विवरण रखने के भी निर्देश दिए, मतदाता की मृत्यु होने की दशा में उसका नाम मतदाता सूची से तत्काल पृथक किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जो भी शिकायतें निर्वाचन से सम्बंधित मेल एवं ऑफ लाइन प्राप्त होती है तो उनको गम्भीरता से लेते हुए उनका निस्तारण तत्परता से किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए है कि बीएलओ के लिए संबंधित क्षेत्र के कार्मिक की ही नियुक्ति की जाएं जिससे कि सम्बन्धित कार्मिक को अपने क्षेत्र के मतदाताओं के संबंध में पूरी जानकारी रह सके, उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्थानीय कलाकार या प्रतिष्ठित व्यक्ति का सहयोग लेते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने जनपद में निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी, उन्होंने निर्वाचन आयुक्त को आश्वस्त किया है कि उनके द्वारा जो भी सुझाव एवं दिशा निर्देश दिए गए है उनका संबंधित अधिकारियों से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, एचआरडी सचिव मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी हरिद्वार जितेंद्र कुमार, रूड़की उप जिलाधिकारी लक्ष्मी राज चौहान, लक्सर उप जिलाधिकारी सौरभ असवाल, भगवानपुर उप जिलाधिकारी अजयवीर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आशुतोष भंडारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अरुणेश पैन्यूली, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी देवेन्द्र अधिकारी सहित सम्बंधित बीएलओ आदि मौजूद रहे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्र-छात्राओं ने किया नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर केयर कालेज ऑफ नर्सिंग एवं पैरामेडिकल साइंस के छात्र-छात्राओं ने बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को तंबाकू सेवन से स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों ने सरल और प्रभावी ढंग से संदेश दिया कि तंबाकू न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। नाटक में धूम्रपान और गुटखा सेवन के स्वास्थ्य जोखिमों को रोचक और प्रेरक अंदाज में प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों, राहगीरों और यात्रीयों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और छात्रों के प्रयास की जमकर सराहना की। कालेज के निदेशक राजकुमार शर्मा और प्रीतशिखा शर्मा ने लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुउ कहा कि तंबाकू को परिवार और समाज से पूरी तरह दूर रखें। न तो स्वयं इसका सेवन करें और न दूसरों को करने दें। कालेज की एडिशनल डायरेक्टर शुभांगिनी ने भी नुक्कड़ नाटक की सराहना की और विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ कालेज के फैकल्टी सदस्य प्रतीक, अंश, अनु, ऋतु, मीनांजलि, कौशल, राखी, शिवानी, आकांक्षा और डा.कपिल भी शामिल रहे।




# यूपी सिंचाई विभाग ने बैरागी कैंप से हटाया से अतिक्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा बैरागी कैंप में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए भूमि कब्जाने की नीयत से लगाये गए पिलरों को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। अधिशासी अभियंता विकास त्यागी के निर्देशन में सहायक अभियंता भारत भूषण, उपराजस्व अधिकारी मुनेश कुमार, जिलेदार देवेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता दिनेश वर्मा ने शनिवार को बैरागी कैंप में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान बैरागी कैंप की मेला आरक्षित भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण को हटवा दिया। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने दोबारा अतिक्रमण किए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। सहायक अभियंता भारत भूषण ने कहा कि बैरागी कैंप मेला आरक्षित भूमि है। जिस पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा।

# नहीं बदला गया स्टेडियम का नाम, न फैलाए किसी प्रकार का भ्रम : वंदना कटारिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारतीय महिला हॉकी की स्टार खिलाड़ी वंदना कटारिया ने उनके नाम पर रखे गए वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम के नाम पर फैलाई जा रही भ्रांति पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से 30 मई को देहरादून में मिली हैं और इस प्रकार का कोई शासनादेश या आदेश जारी नहीं हुआ है, जिससे कि स्टेडियम का नाम बदला जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी स्वयं खेलों को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी पूर्व कप्तान वंदना कटारिया ने बताया कि कुछ लोगों ने वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम का नाम बदलने की बात बताई थी। इसे लेकर वे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिली तो पूरी स्थिति स्पष्ट हो गई है।




केवल परिसर का नाम योगस्थली रखा गया है। स्टेडियम के नाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेल का आयोजन किया। खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए तमाम योजनाएं भी संचालित की जा रही है। उन्होंने स्टेडियम के नाम पर बेवजह राजनीति न करने की सलाह भी दी। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि कुछ लोग अपने नाम चमकाने के लिए मुद्दाविहीन राजनीति कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिस स्टेडियम का नाम स्वयं रखा हो उसे कैसे बदलवा सकते हैं। कहा कि प्रदेश में खेल नीति बनाकर खिलाड़ियों के लिए तमाम छात्रवृत्तियां लागू कराकर खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में एससी, एसटी वर्ग के मंत्री, सांसद, विधायक के साथ जनप्रतिनिधि भाजपा के हैं। कांग्रेस ने तो बाबा साहेब डा.भीमराव आंबेडकर को सांसद तक नहीं बनने दिया, वे कहते थे कि किसी को कांग्रेस का सदस्य तक नहीं बनना चाहिए। वंदना कटारिया के रिश्तेदार मास्टर सत्यपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वंदना कटारिया के नाम पर स्टेडियम का नाम रखकर खिलाड़ियों को बढ़ावा देने का काम किया। दर्जाधारी देशराज कर्णवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने स्टेडियम हो या सड़क, या अन्य योजनाओं के नाम अपने नेताओं, नेहरू, गांधी परिवार के नाम पर ही रखे। आज उसी पार्टी के नेता तुच्छ राजनीति कर रहे हैं। प्रैसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, विजयपाल सिंह, राजपाल सिंह, सुशील पेगोवाल, सतीश कुमार, किशोर पाल आदि भी मौजूद रहे।

# छबील लगाकर श्रद्धालुओं को वितरित किया ठंडा शर्बत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शहीदों के सरताज पांचवे गुरु गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर भेल स्थित गुरु नानक दरबार गुरुद्वारे में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगत ने गुरुद्वारे पहुंचकर श्री गुरु ग्रन्थ साहिब के आगे माथा टेका और आशीर्वाद लिया। इस दौरान छबील लगाकर श्रद्धालुओं को ठंडा शर्बत वितरित किया गया। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सुदीप सिंह सलूजा ने बताया कि 20 दिन लगातार श्री सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। जिसके उपरांत शहीदी दिवस पर छबील लगाकर ठंडा शरबत वितरित किया गया। शाम को विशेष दीवान सजाया गया और रात तक रहिरास साहिब का पाठ, हजूरी रागी भाई गुरमीत सिंह, भाई निकुल सिंह ने शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जुन देव महान शिक्षाविद थे। जिन्होंने अपनी शिक्षा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। उनके द्वारा अनेक महान कार्य किए गए। उन्हें शहीदों का सरताज भी कहा जाता है। शहीदी दिवस पर गोल गुरुद्वारे में



भी शब्द कीर्तन, सुखमनी साहिब पाठ और ठंडा शरबत वितरित कर शहीदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उज्जल सिंह सेठी, हरभजन सिंह, बलदेव सिंह, निर्मल सिंह, अमरदीप अरोड़ा, जसविंदर सिंह, विक्रम सिंह, संतोख सिंह, जसप्रीत सिंह, हरजीत सिंह, लखविंदर सिंह, सोनू सिंह, मंजीत सिंह, रोहताश सिंह, मनदीप सिंह, अनूप सिंह सिद्धू, गुरविंदर सिंह, राजिंदर सिंह, गगनदीप सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# देश की एकता अखंडता में अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : कौशिक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक के संयोजन में हरकी पैड़ी पर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर ने महिलाओं को सम्मान देने का काम किया। देश की एकता अखंडता में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। महिलाओं को देवी का रूप दिया जाता है। महिलाओं का सम्मान करते हुए देश की तरक्की में अपना योगदान दें। पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर महिलाओं के लिए प्रेरणा थी। महिलाओं के सम्मान और उत्थान के लिए उन्होंने कई कदम उठाए। सभी को जीवन से प्रेरणा लेते हुए महिलाओं के संरक्षण संवर्द्धन में योगदान करना चाहिए। इस दौरान कुलदीप शर्मा, सागर तिवारी, शीतल उपाध्याय, संजू अग्रवाल, मनोज ठाकुर, निधि कौशिक, उमेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# संशाधनों के साथ अतिशीघ्र प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर कम किया जा सकता है आपदा से होने वाले नुकसान को : डा. नरेश चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जलवायु परिवर्तन से बढ़ रही आपदाओं का न्यूनीकरणएवं आपदा के बाद आपदा प्रभावित क्षेत्र में पुनर्वास विषय पर उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी नैनीताल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में उत्तराखण्ड रेडक्रास के चेयरमेन प्रोफेसर डा.नरेश चौधरी ने रेडक्रास और उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए विशेष व्याख्यान दिया। कार्यशाला में सम्पूर्ण भारत के विभिन्न आपदा प्रभावित राज्यों के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डा.नरेश चौधरी ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं को रोका नहीं जा सकता। परन्तु वर्तमान में सभी कार्यदायी विभागों द्वारा स्थानीय समुदायों को साथ लेकर आधुनिक संशाधनों के साथ अतिशीघ्र प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर आपदा से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। डा.नरेश चौधरी ने कहा कि अर्ली वार्निंग सिस्टम से उत्तराखण्ड के साथ देश के अन्य आपदा प्रभावित राज्यों में भी आपदाओं से होने वाले नुकसान का न्यूनीकरण हुआ है। आपदा के बाद किस प्रकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय निवासियों को विश्वास में रखकर पारदर्शिता के साथ पुनर्वास किया जाये पर भी प्रतिभागियों को अपने अनुभवों से अवगत कराते हुए डा. नरेश चौधरी ने कहा कि इंडियन रेडक्रास विश्व में सबसे अधिक स्वयं सेवकों को समर्पित स्वयंसेवी संस्था है। जिसका लाभ आपदाओं के प्रति जागरूकता अभियानों में स्थानीय प्रशासन को लेना चाहिये। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि उत्तराखण्ड के सभी 13 जनपदों में प्राकृतिक आपदाओं के साथ मानव जनित आपदाओं वनाग्नि, सड़क दुर्घटनाएं, जैविक आपदायें, भीड वाले क्षेत्रों में भगदड़ आदि के प्रति भी आमजन को जागरूक करने के लिए सभी स्वयंसेवी संस्थाओं को साथ लेकर उत्तराखण्ड रेडक्रास अग्रणीय भूमिका का निर्वहन करेगा। उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर डा.नरेश चौधरी को सम्मानित भी किया गया।



उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी की ओर से महानिदेशक बी.पी. पाण्डेय के निर्देशन में अपर निदेशक आर.के. पालीवाल, संयुक्त निदेशक डा.महेश कुमार, उप निदेशक सुधीर कुमार, आपदा प्रकोष्ठ प्रभारी एवं कोर्स निदेशक डा. ओमप्रकाश, कार्यशाला संयोजक डा. मंजू पाण्डे, उत्तराखण्ड आपदा अनुसचिव जे.एस. त्रिपाठी ने सराहनीय सक्रिय सहभागिता की। कार्यशाला में पदमश्री प्रो.शिखर पाठक, कल्याण सिंह रावत, अनूपशाह, यूकोस्ट के महानिदेशक दुर्गेश पंत, आईआईएसएसएम. के सीईओ प्रो. संतोष कुमार, एनडीएमए के संयुक्त निदेशक डा.पवन कुमार सिंह, एनआईडीएम के प्रो. सूर्यप्रकाश, पूर्व एडीजीएम आनन्द शर्मा, यूएलएमएमसी निदेशक डा. शान्तुन सरकार एवं विभिन्न विभागों से आये वैज्ञानिकों ने कार्यशाला को संबोधित किया। उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरुण त्रिपाठी, कुलसचिव रामजी शरण शर्मा एवं हरिद्वार के जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने डा. नरेश चौधरी को राष्ट्रीय कार्यशाला में विशेष व्याख्यान एंव उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी नैनीताल द्वारा सम्मानित किये जाने पर बधाई दी।

# पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कालेज में आयोजित समर कैंप संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कालेज ज्वालापुर में आयोजित समर कैंप का शनिवार को समापन हो गया। कैंप के पांचवे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम व योगासन सत्र का आयोजन किया गया। योगासन सत्र में छात्राओं ने विभिन्न योग मुद्राओं का प्रदर्शन कर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का संदेश दिया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने नृत्य, गीत व सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रैंप वॉक का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्रा वंशिका मिस समर चुनी गयी। विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम राणा ने कैंप का आयोजन करने वाली सभी अध्यापिकाओं को प्रमाण पत्र व प्रोत्साहन पुरस्कार देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधानाचार्य पूनम राणा ने कहा कि समर कैंप के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्वयं को अभिव्यक्त करने का अवसर मिलता है। जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक कदम है।


# भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया रानी अहिल्याबाई होलकर का 300वां जन्मदिवस

## महिला सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर संवेदनशील थी रानी अहिल्याबाई होल्कर : रंजीता झा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं जिला मीडिया प्रभारी, महिला मोर्चा रंजीता झा ने कहा कि महिला सम्मान और सशक्तिकरण देवी अहिल्याबाई नारी सम्मान और सुरक्षा को लेकर अति संवेदनशील थीं। उन्होंने गांव में नारी सुरक्षा टोलियां स्थापित की थी। महिलाओं की एक सैन्य टुकड़ी भी गठित की थी। महिलाओं के सामाजिक सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिये कुछ क्रांतिकारी निर्णय लिये। महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, विधवा को दत्तक पुत्र लेने का अधिकार तथा विधवा पुनर्विवाह के अधिकार प्रदान किए। सनातन परंपरा को पल्लवित करने का काम किया। हिन्दुत्व के स्वाभिमान को जगाने के लिए टूटे हुए मंदिरों को पुर्ननिर्माण कराया और 250 मंदिर बनवाये। देवी अहिल्याबाई होल्कर ने पूरे देश के द्वादस ज्योर्तिलिंग और चारों धाम के मंदिरों का पुर्ननिर्माण विकास कर आध्यात्मिक और सनातनी धर्म का संरक्षण किया।देवी अहिल्याबाई होल्कर को समाज ने पुण्य-श्लोका, लोकमाता, मातोश्री, न्यायप्रिया, प्रजावत्सला, राजमाता, आदि से संबोधित किया।

बताते चलें कि 31 मई से पूरे देश में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के बाद जयंती वर्ष के रूप में पूरे साल मनाया जा रहा है। इस कड़ी में शनिवार, 31 मई को भाजपा महिला मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी रंजिता झा के संयोजन में रामधाम कालोनी, बहादराबाद के शिव मंदिर में पंडित कमलाकर शास्त्री के सानिध्य में रुद्राभिषेक कर याद किया गया। इस मौके पर रंजीता झा ने कहा देवी अहिल्याबाई होलकर का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए हमेशा से समर्पित रहा। मालवा क्षेत्र की महारानी देवी अहिल्याबाई होलकर ने शिव भक्ति की आराधना में लीन होते हुए शासक के रूप में कुशल रणनीति और कुशल कूटनीति का उत्कृष्ट उदाहरण दिया। इतिहास में देवी अहिल्याबाई होलकर अकेली महिला शासक रही, जिन्होंने 28 सालों तक शासन करते हुए अपने राज्य में एक भी युद्ध नहीं होने दिया और ना ही उनके शासन काल में कभी अकाल पड़ा। कार्यक्रम में जिला सदस्य सुधा राठोर, संगीता बंसल, अर्चना झा, विनीता चौहान, तीला देवी खुशबू और स्थानीय मातृ शक्ति उपस्थित रही।



# श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण और मनन से होता है कल्याण का मार्ग प्रशस्त: साधनानंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भूपतवाला स्थित झालावाड़ आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी साधनानंद ने कहा कि गंगा तट पर संत महापुरूषों के सानिध्य में परम् कल्याणकारी श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का अवसर सौभाग्य से प्राप्त होता है। सौभाग्य से प्राप्त होने वाले इस अवसर को कभी गंवाना नहीं चाहिए। लेकिन कथा श्रवण का लाभ तभी है। जब कथा से मिले ज्ञान को आचरण में धारण किया जाए। स्वामी साधनानंद ने कहा कि साक्षात श्री हरि की वाणी श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण और मनन से कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। जीवन भवसागर से पार हो जाता है। परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है। कथाव्यास राजेश भाई भट्ट ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान का भंडार है। कथा से मिले ज्ञान को जीवन में धारण करने से भगवान श्रीकृष्ण की अपार कृपा प्राप्त होती है। कथा के मुख्य जजमान हार्दिक भाई ने परिवार सहित संत महापुरूषों का फूलमाला पहनाकर स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी दिनेश दास, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी ज्योर्तिमयानंद, स्वामी विपनानंद, स्वामी नागेंद्र महाराज आदि ने भी श्रद्धालु भक्तों को आशीर्वचन प्रदान किए।



# धार्मिक अनुष्ठान से होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार : साध्वी शरण ज्योति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** देश की खुशहाली और तरक्की के लिए आयोजित जय मां मिशन की अध्यक्ष साध्वी शरण ज्योति मां का 40 दिवसीय विशेष अनुष्ठान 26वें दिन मे प्रवेश कर गया। साध्वी शरण ज्योति मां ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जिससे समाज में सद्भाव और समरसता का वातावरण बनता है और देश प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि देश और समाज के कल्याण के लिए जय मां मिशन द्वारा निरंतर धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। हरिद्वार सहित देश भर में स्थित मिशन की सभी शाखाओं में किए जा रहे धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हो रहे हैं। साध्वी जीवन ज्योति मां ने कहा कि जय मां मिशन ने हमेशा ही राष्ट्र की एकता अखंडता को बनाए रखने में योगदान दिया है। ब्रह्मलीन चक्रवर्ती महामंडलेश्वर उषा माता महाराज एवं उनके परम शिष्य ब्रह्मलीन म.मं. स्वामी महादेव द्वारा देश भर में स्थित जय मां मिशन सेवा और संस्कृति का प्रमुख केंद्र है। इस दौरान साध्वी पूजा ज्योति मां, साध्वी शीतल ज्योति मां, स्वामी रविदेव शास्त्री, पंडित महेश भट्ट, जगदीश चावला, पंडित गणेश, स्वामी दिनेश दास, स्वामी गोपाल, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि आदि संत जन मौजूद रहे।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मेरा पुत्र सुहैल व उसकी पत्नी श्रीमति मुस्कान गलत संगत के कारण हमारे कहने सुनने में नही है तंग आकर इनको समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नही होगी। मौ. वसीम पुत्र हकीमुल्ला निवासी ग्राम इब्राहिमपुर, भगतनपुर, आबिदपुर उर्फ इब्राहिम थाना-पथरी, जिला हरिद्वार।

# नौगांव से कृषि मंत्री जोशी ने किया 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का शुभारंभ

## प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 विजन को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम: जोशी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उत्तरकाशी/ नौगांव।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज उत्तरकाशी जनपद के रवाई घाटी अंतर्गत नौगांव स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने कृषि मंत्री गणेश जोशी का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का कृषि मंत्री ने अवलोकन किया और किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं व तकनीकी जानकारियों की सराहना की। अपने संबोधन में मंत्री जोशी ने कहा कि यह अभियान किसानों के लिए एक ऐतिहासिक पहल है, जिसके माध्यम से वैज्ञानिक सीधे खेतों में जाकर किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में यह राष्ट्रव्यापी अभियान 29 मई से 12 जून तक आयोजित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में इस अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा देहरादून के गुनियाल गांव से की गई। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक जिले में प्रतिदिन तीन टीमें काम करेंगी, जो प्रतिदिन लगभग 600 किसानों से सीधा संवाद करेंगी। मंत्री श्री जोशी ने विश्वास जताया कि यह अभियान कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देगा और फसल उत्पादन एवं उत्पादकता में अभूतपूर्व वृद्धि का कारण बनेगा। इस अवसर पर पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल, जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, पूर्व विधायक माल चन्द, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, वैज्ञानिकों, कृषकों तथा युवाओं की बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## डिप्रेशन के आकर युवक ने जान दी

**बागेश्वर।** डिप्रेशन में आकर युवक ने खुदखुशी की। परिजनों ने जब उसका कमरा खोलकर देखा तो वे दंग रह गए। आनन फानन में उन्होंने युवक को फंदे से उतारकर उसे उठाने की कोशिश की। लेकिन तबतक उसको मौत हो चुकी थी। जिसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया, शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से चार किमी दूर द्वारसों निवासी 24 वर्षीय सौरभ मेहरा पुत्र स्व. पूरन सिंह मेहरा ने शुक्रवार की रात में अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

सुबह जब घर वाले युवक को उठाने के लिए उसके कमरे में गए तब उन्हें इस बात का पता चला। बताया जा रहा है कि सौरभ दिल्ली में नौकरी करता था। जो पिछले कुछ महीनों से घर में ही था। नौकरी की कमाई व लगभग रूल चुका था। पिछले कुछ दिनों से सौरभ डिप्रेशन में था। अंतत: उसने खुद खुशी का रास्ता चुना। उधर घर में मृतक की मां छोटा भाई व दादा जी है। घटना केबाद से सभी परिजन सदमे में है। शनिवार को जिल अस्पताल में शव का पीएम हुआ।

# विकसित भारत के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करें छात्र : डाबर

## जीआरडी कॉलेज के दो दिवसीय अंतरया-2025 का धूमधाम से आगाज

## छात्र-छात्राओं ने नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स एवं मॉडल्स किए प्रस्तुत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजधानी के प्रतिष्ठित मैनेजमेंट एवं इंजीनियरिंग कॉलेज गुरु राम दास इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी देहरादून के वार्षिक उत्सव अन्तरया-2025 का 31 मई को धूम धाम से शुभारम्भ हुआ।

वार्षिक उत्सव के पहले दिन छात्र छात्राओं ने नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स एवं मॉडल्स प्रस्तुत किये वही शिक्षा, खेलकूद,एवं सांस्कर्तिक कार्यकर्मो में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने वाले लगभग 600 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया ! साथ ही सरकारी नौकरी पाने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को भी सम्मानित किया । प्रात: समारोह का शुभारम्भ उत्तराखंड सरकार के राज्य मंत्री एवं अवस्थापन अनुश्रवण विभाग के उपाध्यक्ष डॉ. विश्वास डाबर, बिगशिप टेक्नोलॉजी के संस्थापक अंकित जैन, संस्थान के वाइस चेयरमैन सरदार इंदरजीत सिंह, डॉली ओबेराय, प्रबजी ओबेराय, संस्थान के महा निदेशक डॉ. पंकज चौधरी ने दीप प्रज्वलित करके किया। छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए डॉ. विश्वास डाबर ने




बताया कि वर्तमान सरकार निष्पक्ष तरीके से युवाओ को रोजगार दे रही है ! उन्होंने छात्र छात्राओं के नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स एवं मॉडल्स के सराहना की एवं सस्थान के पर्यासो की प्रशंशा की।

पुरुस्कार पाने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए अपने ज्ञान का उपयोग मानव कल्याण के लिए करने, भारत को विश्वगुरु बनाने एवं 2047 तक विकसित भारत के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने का आह्वान किया।

संस्थान के वाइस चेयरमैन सरदार इंदरजीत सिंह ने सफल आयोजन के लिए शिक्षकों का धन्यवाद किया एवं कहा की सस्थान मेधावी छात्रों की प्रतिभा को निखारकर उनको राष्ट्रीय एवं अंतर राष्ट्रीय अवसर प्रदान करने के लिए दृढ़ सकल्प है। शाम को छात्र-छात्राओं के नृत्य, सिंगिंग, स्कीट आदि सांस्कर्तिक कार्यकर्मो ने सबको मन्त्र मुगध कर दिया ! इस अवसर पर सभी शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुरोला में अष्टादश महापुराण ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए जोशी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उत्तरकाशी / पुरोला** ।प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज अपने तीन दिवसीय टिहरी और उत्तरकाशी जनपद भ्रमण के अंतर्गत उत्तरकाशी के पुरोला स्थित खेल मैदान में आयोजित श्री अष्टादश महापुराण ज्ञान यज्ञ में प्रतिभाग किया। इस धार्मिक आयोजन में उन्होंने 41 देव डोलियों और 31 व्यास गणों का आशीर्वाद प्राप्त कर समस्त प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्थानीय जनता और श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की तथा इस आध्यात्मिक अनुष्ठान को देवभूमि उत्तराखंड की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक बताया। कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति, देव आस्था और अध्यात्म में गहराई से रची-बसी है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान और मजबूत होती है। इस अवसर पर पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल, जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान भी उपस्थित रहे।

फोटो डी-८

# कृषि मंत्री जोशी ने नौगांव में सुनी किसानों की समस्याएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उत्तरकाशी/नौगांव।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को अपने तीन दिवसीय टिहरी और उत्तरकाशी जनपद भ्रमण के दौरान नौगांव स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें।

कृषि मंत्री ने किसानों से कहा कि सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है और केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी किसान भाइयों से इस राष्ट्रव्यापी अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक दुर्गेश्वर लाल, जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान भी उपस्थित रहे।

# मोरी पहुंचने पर कृषि मंत्री जोशी का भव्य स्वागत



## कार्यकर्ताओं से की मुलाकात,उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना

**उत्तरकाशी/मोरी** । कृषि मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को अपने तीन दिवसीय टिहरी और उत्तरकाशी जनपद भ्रमण के दौरान जनपद उत्तरकाशी के पुरोला और मोरी पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों उनका पारंपरिक रीति-रिवाजों और पुष्प मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया।

अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भेंट की तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा के साथ करें, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में विधायक दुर्गेश्वर लाल, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट बुनकरों को स्टडी टूर पर भेजेगा रेशम फेडरेशन

## 5000 लखपति दीदी बनाएगा रेशम फेडरेशन,दून सिल्क प्रमुख शहरों में खोलेगा 13 आउटलेट: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष में शनिवार को देहरादून के सहसपुर देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी में दून सिल्क के धागे सहकारिता के साथ भविष्य निर्माण थीम पर परिधान फैशन शो कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत एवं सहसपुर के विधायक सहदेव पुंडीर प्रबंध निदेशक रेशम फेडरेशन आनंद शुक्ल,द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। परिधान फैशन शो में देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने रेशम फेडरेशन के परिधान पहनकर रैंप वॉक कर कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों से खूब तालियां बटोरी , अपने संबोधन में सहकारिता मंत्री डॉ रावत ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय के गठन के पश्चात सहकारिता विभाग देश और प्रदेश में बहुत ही तेजी से कार्य कर रहा है , प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय सहकारिता मंत्री के विशेष प्रयासों से पूरे विश्व भर में यह वर्ष अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है जिसके तहत




आज पूरे प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की थीम पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम, सहकारिता गोष्ठी और सहकारिता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में रेशम बुनकरों में 5000 लखपति दीदी बनाई जाएगी, इसके साथ ही अच्छे रेशम बुनकरों को रेशम उत्पादित विभिन्न राज्यों का अध्ययन भ्रमण कराया जाएगा जिससे वह अच्छी गुणवत्ता के रेशम इकाइयों का अध्ययन कर अन्य रेशम बुनकरों को भी प्रशिक्षित कर सकें। डॉ रावत ने कहा कि आज उत्तराखंड में रेशम फेडरेशन का दून सिल्क एक ब्रांड बन रहा है वर्तमान में अभी दून सिल्क के अभी चार आउटलेट संचालित हैं जल्द ही प्रमुख शहरों में 13 आउटलेट खोले जाएंगे, फेडरेशन से जुड़े 50 से अधिक रेशम धागा बुनकरों को इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ रावत द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर आनंद शुक्ल अपर निबंधक सहकारिता/प्रबंध निदेशक रेशम फेडरेशन, प्रदीप कुमार, निदेशक, जिला सहकारी बैंक टिहरी के पूर्व अध्यक्ष सुभाष रमोला, विनोद तिवारी सहायक निदेशक, मातवर कंडारी प्रबंधक रेशम फेडरेशन, अमन बंसल, वॉयस प्रेसिडेंट डॉ भावना गोयल, विनोद कुमार, प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** राज्य स्तरीय जलागम परिषद के उपाध्यक्ष शंकर कोरंगा ने शनिवार को विकास भवन, बागेश्वर में मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों की जानकारी साझा की। साथ ही जलागम में चल रहे प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी।

कोरंगा ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक अभियान छेड़ा है। अब तक करीब 150 लोगों को जेल भेजा गया है। आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 1905 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन संचालित की जा रही है, जिसे लोगों से व्यापक समर्थन मिल रहा है। सरकार की शून्य सहिष्णुता नीति से प्रदेश में पारदर्शिता को बढ़ावा मिला है और भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड का सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। प्रदेश में हेलीपैड और रेल संपर्क को मजबूत करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। बागेश्वर जिले को रेलवे से जोड़ने की दिशा में अहम कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे आवागमन और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में यूसीसी, भू कानून, नकल विरोधी कानून, धार्मिक स्थलों का विकास, पर्यटन स्थलों का विकास, जैसे महत्वपूर्व कदम उठाए है।

इसी क्रम में उन्होंने बताया कि जल संरक्षण को लेकर प्रदेशभर में बांज के पेड़ लगाने का विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिससे जल स्रोतों का पुनर्जीवन संभव होगा। साथ ही, वैज्ञानिक शोध और विश्लेषण के आधार पर चीड़ के पेड़ों को हटाने का अभियान भी प्रारंभ किया जाएगा, ताकि वर्षा जल संचयन एवं भूजल स्तर में वृद्धि हो सके। जंगली जानवरों का आवासीय जगहों पर न आने हेतु जंगलों में फलदार वृक्ष लगाए जाएंगे।

# बाथरूम में गिरने से महिला की मौत

**बागेश्वर।** कठायतबाड़ा निवासी अधेड़ महिला बाथरूम में फिसलने से घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लाए। यहां डाक्टरों ने जांच कर महिला को मृत घोषित कर दिया। जैक बाद से पूरे परिवार में शोक की लहर छा गई। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम दीपा देवी पत्नी गंगा सिंह कोरंगा उम्र 50 वर्ष निवासी बडेत कपकोट हाल निवासी कठायतबाडा बागेश्वर शुक्रवार देर शाम अपने घर के अंदर बाथरूम में फिसल गई। महिला की चीख सुनकर घर में मौजूद बहु मौके पर पहुंचे। उन्होंने अपने सास को जमीन में बेहोशी की हालत में पड़े हुए देखा। जिसके बाद बहु ने आस पड़ोस से लोगों को बुलाकर दीपा देवी को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतका पति गंगा सिंह कोरंगा सेना से रिटायर्ड है।

## सूचना

यह कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नंबर - UK-15 2005 0043929 में मेरा नाम INDRA MOHAN व मेरे पिता का नाम SHRI DHERAJ SINGH भूलवश दर्ज हो रखा है। जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा सही नाम INDER MOHAN SINGH व मेरे पिता का सही नाम DHIRAJ SINGH दर्ज है।

## बेदखली सूचना

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र दूहित कनौजिया व पुत्र बहू श्रीमती उजाला सैनी पत्नी दूहित कनौजिया मेरे कहने सुनने में नही हैं मैंने इन दोनो को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद इन के द्वारा किया गया किसी भी तरह का लेन देन व कृत्य के ये दोनो स्वयं जिम्मेदार होंगे आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का इन दोनो से कोई वास्ता नही है।

**शपथकर्ता :** मोहन लाल
पुत्र श्री श्याम लाल
निवासी - 18 अधोईवाला रोड करनपुर, देहरादून,उत्तराखण्ड

## न्यायालय श्रीमान असिस्टेन्ट कलेक्टर प्र0श्रेणी श्रीनगर गढवाल

**रा0वाद संख्या:**-04 **सन** 2024-25

**वादी**

श्री संजय कुमार जैन उम्र 55 वर्ष पूत्र स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद जैन निवासी ग्राम भलगांव, पटटी कटूलस्यूँ निकट जी०जी०आई०सी० रोड अपर मार्केट श्रीनगर गढ़वाल जिला पौड़ी गढ़वाल।

**बनाम**

**प्रतिवादीगण:**- 1.गिरधारी लाल पुत्र पातीराम 2.वसन्त लाल पुत्र पाती राम 3.राम लाल पुत्र पाती राम 4.गणेशी लाल पुत्र पाती राम 5.किशोरी लाल पुत्र पाती राम 6. सुरेन्द्र सिंह पुत्र नरेन्द्र सिह 7.कन्हैया सिह पुत्र मंगल सिंह 8.गबर सिंह पुत्र मंगल सिह 9.गोकुला नन्द पुत्र दया नन्द 10.राधा कृष्ण पुत्र दमन दास 11.ओम प्रकाश पुत्र दमन दास 12.चन्द्रप्रकाश पुत्र दमन दास 13.मुताडू पुत्र थेपड़ 14.गोविन्द पुत्र वेलम् 15.विमल रावत पुत्र माधों सिंह 16.अमित रावत पुत्र माधों सिह निवासीगण ग्राम भलगावं, पटटी कटूलस्यूँ तहसील श्रीनगर, जिला पौड़ी गढ़वाल।

अन्तर्गत धारा 229बी उ०प्र०ज०वि० एंव भू० व्यवस्था अधिनियम।

चुंकि वादी द्वारा ग्राम भलगावं पटटी कटूलस्यूँ तहसील श्रीनगर जिला पौड़ी गढ़वाल खाता संख्या 65 खेत संख्या 190 रक्बा 0.0425 हे० भूमि धारा 229 बी ज०वि० एंव भू०व्यवस्था अधिनियम का एक घोषणात्मक वाद प्रस्तुत किया है जिसमें दिनांक 05/06/2025 की तिथि आपकी उपस्थिति हेतु नियत है।

अत: आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 05/6/2025 को स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाबदावा प्रस्तुत करें। ऐसे करने में त्रुटि न हो अन्यथा मामले मे एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 26/5/2025 को न्यायालय की आज्ञा व मुद्रा से जारी।

असिस्टेन्ट गलेक्टर प्रथम श्रेणी
श्रीनगर गढ़वाल।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मुनिकीरेती-ढालवाला टिहरी गढ़वाल

पत्रांक 225 / पार्किंग-तहबाजारी उपविधि / 2025-26 दिनांक 31/05/2025

### सार्वजनिक सूचना

नगर पालिका परिषद,मुनिकीरेती-ढालवाला सीमान्तर्गत पार्किंग एवं तहबाजारी शुल्क वसूली हेतु नगर पालिका अधिनियम (म्यूनिसिपलिटीज एक्ट) 1916 (उत्तराखण्ड) की धारा 298 (2) जे०डी० जैसा कि नगर पालिका परिषद्, मुनिकीरेती-ढालवाला पर प्रवृत्त होती है, की अपेक्षानुसार नगर पालिका परिषद् मुनिकीरेती-ढालवाला अपनी सीमान्तर्गत पार्किंग स्थल/तहबाजारी स्थल सम्बन्धित जिसे नियमावली संशोधन करने का प्रस्ताव करती है, उनका निम्नलिखित प्रारूप उक्त ऐक्ट की धारा 301 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार सगरत सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचना के लिए और उसके सम्बन्ध में आपत्तियाँ तथा सुझाव आमन्त्रित करने के उद्देश्य से प्रकाशित की जाती है।

1. प्रस्तावित नियमावली के सम्बन्ध में समस्त आपत्तियों एवं सुझाव अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला को सम्बोधित और लिखित रूप से प्रेषित किये जाने चाहिए, केवल उन्हीं आपत्तियों एवं सुझावों पर विचार किया जायेगा जो इस नियमावली के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि के एक माह के अन्दर प्राप्त होगें।

2. नगर पालिका परिषद पार्किंग एवं तहबाजारी स्थल का संशोधन-उत्तराखण्ड गजट 1 फरवरी 2003 ई० नियमावली 209/ ग०पा० / 2003-सं० 05 उपविधि 2003 के साथ प्रकाशित नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती-ढालवाला जनपद-टिहरी गढवाल में पार्किंग स्थल व तहबाजारी नियमावली के उपनियम के नीचे स्तम्भ-1 में दिये गये नियम के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिये नियम लागू किये जायेगें, उक्त परिवर्तित स्थान शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगी ।

| पूर्व में पार्किंग का क्षेत्रफल | संशोधित पार्किंग एवं तहबाजारी का क्षेत्र |
|---|---|
| नगर पालिका परिषद,मुनिकीरेती-ढालवाला की सीमा में निम्नलिखित स्थान वाहनों के पार्किंग स्टैंड के रूप में निर्धारित किये जाते हैं-<br>1-नाव घाट मार्ग के प्रारम्भ से परमार्थ निकेतन के गोदाम तक, सड़क के दोनों ओर एवं लक्ष्मण झूला मार्ग पर पानी की टंकी तक के किनारे होते हुए खारासोत पुलिया तक के पास दोनों ओर केवल हल्के वाहन टैक्सी, कार, जीप, मोटर, स्कूटर, विक्रम, ऑटोरिक्शा तथा तांगा व सामान ढोने/उतारने के प्रयोजनार्थ हाथ ठेली।<br>2-खारासोत नाला तथा मंगलाश्रम के बीच गंगा नदी के किनारे वाली भूमि सभी प्रकार के वाहनों के लिये।<br>3-नगर पंचायत मुनिकीरेती लिखित आज्ञा अन्य किसी भी सरकारी या सार्वजनिक भूमि पर आज्ञा में उपलिखित प्रकार के वाहनो के लिए अथवा सामान्य आदेश द्वारा निर्धारित सरकारी सार्वजनिक भूमि पर आदेश में उल्लेखित वाहनो के लिए:<br>(1) खाराश्रोत नाला से शीशम बाडा तक समस्त कुम्भ मेला मैदान गंगा नदी के किनारे खाली भूमि सभी प्रकार के पार्किंग हेतु खाराश्रोत पुलिया से कैलाश गेट सड़क के दोनो ओर। | 1- पार्किंग प्रथम (शिवानन्द पार्किंग) का क्षेत्र पूरब में निकाय की दुकानें, पश्चिम में निकाय की दुकानें, उत्तर में बद्रीनाथ मोटर मार्ग, दक्षिण में गंगा नदी।<br>2- पार्किंग द्वितीय (कुम्भमेला पार्किंग) का क्षेत्र पूरब में शुलभ शौचालय, पश्चिम में पूर्णानन्द खेल मैदान, उत्तर में पूर्णानन्द डिग्री कॉलेज, दक्षिण में आस्था पथ।<br>3- पार्किंग तृतीय (कुट्टी माता पार्किंग) का क्षेत्र पूरब में पैट्रोल पम्प पश्चिम में वन भूमि, उत्तर में बद्रीनाथ मोटर मार्ग, दक्षिण में गंगा नदी।<br>4- पार्किंग चतुर्थ (खारास्रोत पार्किंग) का क्षेत्र पूरब में खारास्रोत नदी, पश्चिम में बद्रीनाथ बाईपास मोटर मार्ग, उत्तर में बाईपास खारास्रोत पुल, दक्षिण में निकाय की दुकाने।<br>5-तहबाजारी नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला का सम्पूर्ण क्षेत्र। |

(अंकिता जोशी)
अधिशासी अधिकारी

(नीलम बिजल्वाण)
अध्यक्ष

## यूजेवीएन लिमिटेड

मुख्यालय : 'उज्जवल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006,
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स नं0: 0135-2763508,
सी.आई.एन. सं0 - U40101UR2001SGC025866, वैबसाईट : www.ujvnl.com

प.सं. 380 **ई-निविदा निरस्तीकरण सूचना** दि0: 31.05.2025

अपरिहार्य कारणों से इस कार्यालय द्वारा आमन्त्रित ई-निविदा संख्या **26 एवं 27/अधि0अभि0(जानपद)/एमबी-I/टीएन/2024-25** को निरस्त किया जाता है।

अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **"http://uktenders.gov.in"** देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (जानपद) एम.बी.-I, मनेरी**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

## न्यायालय श्रीमान कुटुम्ब न्यायाधीश महोदय, नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल।

मू०वा०सं०-24 सन-2025

**पिटिशनर/प्रार्थिनी-** श्रीमती रचना पत्नी कुलदीप सिंह निवासी ग्राम-पर पटाला पट्टी-लोस्तु बड़ियारगढ़, जिला-टिहरी गढ़वाल उम्र-29 वर्ष।

**बनाम**

**रेस्पोन्डेन्ड/विपक्षी-** कुलदीप सिंह पुत्र गब्बर सिंह ग्राम-पर पटाला, पट्टी-लोस्तु, बड़ियारगढ़, जिला-टिहरी गढ़वाल।

**नोटिस बनाम-** कुलदीप सिंह पुत्र गब्बर सिंह ग्राम-पर पटाला, पट्टी-लोस्तु, बड़ियारगढ़, जिला-टिहरी गढ़वाल।

चूंकि प्रार्थिनी ने एक वाद विपक्षी के विरूद्ध इस न्यायालय में वादपत्र अर्न्तगत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम में संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु **दिनांक 01 माह 07 सन-2025** को दिन में नियत किया गया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप तिथि **दिनांक 01 माह 07 सन-2025** को असालतन या वकालतन **प्रातः 10:30 बजे** न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज दिनांक 31 माह 05 सन-2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

**आदेशानुसार**
**प्रबन्धक/रीडर**
**कुटुम्ब न्यायालय**
**टिहरी गढ़वाल**

## न्यायालय श्रीमान परगना मजिस्ट्रेट नगीना महोदय जनपद-बिजनौर

**तारीख पेशी:** 12.06.2025

धारा: 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006

**मौजा-रायपुर सादात**
**क्षेत्र परगना व तहसील नगीना**
**जिला बिजनौर**

अरविन्द चौधरी पुत्र रामस्वरूप सिंह निवासी ग्राम रायपुर सादात परगना व तहसील नगीना जिला बिजनौर हाल निवासी आर्य नगर देहरादून-**वादी।**

**बनाम**

1. अजय कुमार, 2. अरुण कुमार, 3. आनन्द कुमार पुत्रगण स्व0 रामस्वरुप सिंह मूल निवासीगण ग्राम रायपुर सादात परगना व तहसील नगीना जिला बिजनौर हाल निवासीगण सिद्धार्थ बिहार पोस्ट कन्डोली देहरादून उत्तराखण्ड, 4. अनुज कुमार पुत्र रामस्वरुप सिंह मूल निवासी ग्राम रायपुर सादात परगना व तहसील नगीना जिला बिजनौर हाल निवासी 87 डी०एल० रोड पोस्ट रिस्पना देहरादून उत्तराखण्ड, 5. ग्राम पंचायत/ग्राम सभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम रायपुर सादात परगना व तहसील नगीना जिला बिजनौर-**प्रतिवादीगण।** चूंकि वादी आपके विरुद्ध उपर्युक्त संस्थित वाद/प्रार्थना पत्र 116 यू.पी.आर.सी. के लिये दाखिल किया गया है। अत: आपको एतदद्वारा स्वंय उपस्थित होने अथवा प्लीडर द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 12.6.2025 को समय 10 बजे इसका उत्तर देने के लिये सम्मनित किये जाते है जिसमें असफल होने पर वाद/प्रार्थना पत्र एक पक्षीय निस्तारित कर दिया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के अन्तर्गत आज दि. 30.5.2025 को जारी किया गया।

**पेशकार**
**उपजिलाधिकारी नगीना-**
**जनपद बिजनौर।**

## शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बीवी के प्रेमी का सिर पत्थर से कुचला

## सोते समय दिया वारदात को अंजाम, हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बीते शुक्रवार की रात्रि बनभूलपुरा क्षेत्र के गौजाजाली वार्ड-60 में पति ने अवैध संबंध में पत्नी के प्रेमी की पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी पति ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब प्रेमी महिला के ही घर में आकर सो रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक युवक के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गौजाजाली वार्ड नंबर 60 निवासी अनिल साहू ई-रिक्शा चलाता है और उसकी पत्नी गीता साहू ब्यूटी पार्लर चलाती है। बताया जा रहा कि 14 वर्ष पहले अनिल दुर्गा मंदिर के पास साहू धर्मशाला में रहता था। बताया जा रहा पांच साल पहले वह गौजाजाली में पत्नी गीता, 13 साल के बेटे 9 साल की बेटी के साथ तब रहने आया, जब उसे अपनी पत्नी और 26 वर्षीय तरुण साहू पुत्र राधे श्याम के बीच अवैध



संबंध का पता चला, लेकिन तरुण ने पीछा नहीं छोड़ा। तरुण तिको. निया स्थित शराब की एक दुकान में कैंटीन चलाता था। जबकि अनिल ई-रिक्शा चालक था। अनिल शरीर से कमजोर, जबकि तरुण हष्ट-पुष्ट था। वह चाह कर भी उसका विरोध नहीं कर पाया। इसकी वजह उसकी पत्नी भी थी, जो हमेशा तरुण के आगे आकर खड़ी हो जाती थी। बताया जाता है कि बीते शुक्रवार रात तरुण, अनिल के घर पहुंचा। तब अनिल शराब के नशे में था। उसका तरुण से विवाद भी हुआ, लेकिन वह कुछ कर नहीं पाया। जिसके बाद वह अपने बच्चों के साथ कमरे में सोने चला गया। जबकि उसकी पत्नी गीता और तरुण बरामदे में रखे तखत में सो गए, लेकिन अनिल नहीं सो पाया। रात करीब डेढ़ बजे वह उठा और चुपचाप कमरे से बाहर आया। गीता और तरुण तब गहरी नींद में थे। अनिल एक भारी-भरकम पत्थर ले आया और सोते वक्त उसने तरुण के सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ हमले कर दिए। यह देख गीता चीख पड़ी और चीख सुन आस-पड़ोस के लोग जमा हो गए। पड़ोसियों ने ही घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची। आनन-फानन में मरणासन्न हालत में लहूलुहान पड़े तरुण को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अनिल को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में उसने अपना जुर्म भी कुबूल कर लिया है। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना स्थल पर मिले उस पत्थर के कब्जे में ले लिया गया है, जिससे हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया।

### मृतक के पिता की तहरीर पर दंपति पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा में युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या के मामले में देर शाम शनिवार को बनभूलपुरा पुलिस ने मृतक तरुण के पिता राधे श्याम की तहरीर के आधार पर अनिल और उसकी पत्नी गीता के खिलाफ हत्या का मुक. दमा दर्ज कर लिया है। तहरीर में राधे श्याम ने आरोप लगाया कि उनका बेटा तरूण वर्तमान में दमुआढूंगा जवाहर ज्योति काठगोदाम में किराए के मकान में रहता था। 30 मई की रात रात लगमग साढ़े 11 बजे जब वह खाना खा रहा था तभी उसके मोबाइल पर गीता साहू ने फोन किया और घर बुलाया। जिसके बाद तरुण अपने साथ के लड़के को यह कहकर चला गया कि अभी आता हूं। लगभग 2 बजकर 20 मिनट पर गीता साहू ने मेरे बेटे तरूण सिंह के फोन से छोटे बेटे शिवराज सिंह को फोन किया कि अपने भाई को बचा लो। जिस पर छोटा बेटा बताए स्थान गया और राधे श्याम को सूचना दी। पुलिस ने एम्बुलेन्स से तरूण को लहूलुहान मरणासन्न हालत में सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि गीता साहू और अनिल साहू ने तरुण को धोखे से बुलाया और उसकी हत्या को अंजाम दिया। इधर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि आरोपी दंपति के खिलाफ धारा 103 (1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## बाइक सवारों ने बुजुर्ग महिला से मंगलसूत्र और युवक से झपटा मोबाइल

**हल्द्वानी।** शहर में लूट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में बाइक सवार बदमाश ने अलग-अलग स्थानों पर दिनदहाड़े दो वारदातों को अंजाम दिया। एक ओर कॉलोनी में टहल रही बुजुर्ग महिला से मंगलसूत्र लूट लिया गया, वहीं दूसरी ओर मॉर्निंग वॉक कर रहे युवक के हाथ से मोबाइल फोन झपट लिया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बीते 25 मई जब सीमेटी कॉलोनी डहरिया निवासी महेंद्र रावत की मां कॉलोनी में अन्य महिलाओं के साथ टहल रही थीं। इसी दौरान करीब शाम चार बजे एक काली बाइक पर सवार नकाबपोश युवक कॉलोनी के भीतर आया और चलते-चलते उनके गले से सोने का मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गया। महिला के चिल्लाने पर लोग इकठ्ठा हुए लेकिन तब तक आरोपी भाग चुका था। कोतवाली प्रभारी राजेश यादव ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## ढोकाने वाटरफॉल में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत

**हल्द्वानी।** नैनीताल जनपद के रामगढ़ ब्लॉक स्थित ढोकाने वाटरफॉल में शुक्रवार को नहाने गए तीन युवकों में से एक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रियांशु कनवाल (16) पुत्र गोविंद कनवाल, निवासी पहल खत्याड़ी, अल्मोड़ा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रियांशु अपने दो साथियों के साथ अल्मोड़ा से ढोकाने वाटरफॉल घूमने और नहाने के उद्देश्य से आया था। नहाते समय प्रियांशु गहराई में चला गया और पानी में डूब गया। साथियों द्वारा शोर मचाए जाने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और मदद से युवक को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना पर क्वारब पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और प्रियांशु को सीएचसी सुयालबाड़ी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्वारब पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


## ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना/ उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन

पंत्राक संख्याः-18/2025-26 दिनांक 31/05/2025

### विज्ञप्ति

जनपद देहरादून अंतर्गत उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (USRLM) के तहत गठित एवं ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना (UGVS-REAP) द्वारा सहायतित ओम महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन स्वायत्त सहकारिता,, लक्ष्य महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन स्वायत्त सहकारिता, मुन्धान, श्री राम महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन स्वायत्त सहकारिता, खाडी, शिव महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन स्वायत्त सहकारिता, डागुरा, बिसायल खत क्लस्टर लेवल फेडरेशन स्वायत्त सहकारिता, कोटी तथा देव भूमि क्लस्टर लेवल फेडरेशन स्वायत्त सहकारिता, कोरूवा में पदों का चयन किया जाना है। उक्त पदों पर चयन हेतु अर्हताएं निम्नवत् है-

| क्लस्टर लेवल फेडरेशन | पदनाम | पंदों की संख्या | मानदेय | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| शिव महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन, डागुरा। | बिजनेस प्रमोटर | 01 | 15000 | 1-किसी भी विषय में स्नातक डिग्री (BSC-Agricultre/Economics/BSW वांछनीय विषय के उम्मीदवार को वरीयता दी जायेगी।) 2-आजीविका संवर्द्धन परियोजनाओं में काम करने का न्यनतम 01 वर्ष का अनुभव। |
| श्री राम महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन, खाडी। | | 01 | 15000 | |
| लक्ष्य महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन, मुन्धान। | | 01 | 15000 | |
| ओम महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन, उत्पाल्टा। | | 01 | 15000 | |
| शिव महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन, डागुरा। | लेखाकार | 01 | 12000 | 1-इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण (वाणिज्य या गणित के उम्मीदवार को वरीयता दी जायेगी। 2-01 वर्ष का कार्य अनुभव। 3-01 वर्ष पूर्ण कम्प्यूटर डिप्लोमा। 4-कम्प्यूटर का सामान्य ज्ञान जैसे- टैली, MS Word की जानकारी। 5-हिन्दी टाइपिंग की पूर्ण जानकारी। 6-MIS की जानकारी। |
| श्री राम महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन, खाडी। | | 01 | 12000 | |
| लक्ष्य महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन, मुन्धान। | | 01 | 12000 | |
| ओम महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन, उत्पाल्टा। | | 01 | 12000 | |
| देव भूमि क्लस्टर लेवल फेडरेशन, कोरूवा | | 01 | 12000 | |
| शिव महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन, डागुरा। | ग्रुप मोबिलाईजर | 02 | 10000 | 1-इण्टरमीडिए/Economics/math विषय के उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी। 2-01 वर्ष का कार्य अनुभव। |
| श्री राम महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन, खाडी। | | 02 | 10000 | |
| लक्ष्य महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन, मुन्धान। | | 02 | 10000 | |
| ओम महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन, उत्पाल्टा। | | 02 | 10000 | |
| देव भूमि क्लस्टर लेवल फेडरेशन, कोरूवा | | 01 | 10000 | |
| बिसायल खत क्लस्टर लेवल फेडरेशन, कोटी | | 02 | 10000 | |
| | योग | 20 | | |

- आवेदन-पत्र REAP कार्यालय ब्लॉक कालसी से प्राप्त करें।
- आयु 18 से 42 वर्ष।
- उक्त वर्णित पदों के आवेदन हेतु अन्तिम तिथि दिनांक 10 जून, 2025 है। लिखित परीक्षा दिनांक 16 जून, 2025 को विकासखण्ड कालसी के ब्लॉक सभागार में आयोजित की जायेगी।
- समस्त पदों पर चयन UGVS-REAP द्वारा प्रावधानित CLF-LC कर्मचारी मार्गदर्शिका के अनुसार की जायेगी। उक्त पदों के लिए आवेदन (ऑफलाइन) होगा। समस्त आवेदकों द्वारा अपना आवेदन बायोडाटा मय शैक्षिक योग्यताओं एवं अनुभव प्रमाण पत्रों सहित उक्त वर्णित REAP ब्लॉक कार्यालय कालसी में स्वयं उपस्थित हो कर जमा करें।
- समूह सदस्यों के परिवारजनों (जो कि उक्त अर्हता रखते हों) को समूह का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने पर वरीयता दी जायेगी। उक्त पदों हेतु क्लस्टर लेवल फेडरेशन का वही पदाधिकारी आवेदन कर सकता है, जिसने विज्ञप्ति जारी होने से पूर्व अपना पद छोड़ दिया हो।
- आवदेन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु शिव महिला महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन स्वायत्त सहकारिता, डागुरा में 9412945278, ओम महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन स्वायत्त सहकारिता, उत्पाल्टा में 8439335775, लक्ष्य महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन स्वायत्त सहकारिता, मुन्धान में 7579416211, श्री राम महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन स्वायत्त सहकारिता, खाडी में 7088338888, देव भूमि क्लस्टर लेवल फेडरेशन स्वायत्त सहकारिता, कोरूवा में 7505892301, तथा बिसायल खत क्लस्टर लेवल फेडरेशन स्वायत्त सहकारिता, कोटी में 6398821465, मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता है।
- अधिक जानकारी के लिये विकासखण्ड कार्यालय में निम्न नम्बरों से सम्पर्क करें- 9410183534, 8077751803, 8433165758

अध्यक्ष शिव महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन, डागुरा | अध्यक्ष ओम महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन, उत्पाल्टा | अध्यक्ष लक्ष्य महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन, मुन्धान | अध्यक्ष श्री राम महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन, खाडी | अध्यक्ष देव भूमि क्लस्टर लेवल फेडरेशन, कोरूवा | अध्यक्ष बिसायल खत क्लस्टर लेवल फेडरेशन, कोटी


## टेनिस टूर्नामेंट शुरू, पहले दिन 16 मुकाबले खेले गए

**हल्द्वानी।** आप्टिमम टेनिस एकेडमी चूनाखान में स्व. बीएस रावत स्मृति प्रथम ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (आईटा) मैंस ओपन टूर्नामेंट-2025 का शनिवार को शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन क्वालीफाइंग राउंड के तहत कुल 16 मुकाबले खेले गए। प्रारंभिक मैच में हल्द्वानी के रजत कुमार सती ने मेरठ के दीपक कुमार को कड़े संघर्ष के बाद 5-7, 7-5, 12-10 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। एक अन्य मुकाबले में मुरादाबाद के विविध गुलाटी को सुमित से 6-2, 6-1 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, जयपुर के फरहान को यूपी के कुश कक्कर ने 4-6, 6-4, 12-10 से हराया। यह पहली बार है जब चूनाखान बैलपड़ाव स्थित आप्टिमम टेनिस एकेडमी में राष्ट्रीय स्तर की आईटा मैंस ओपन प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। विजेता खिलाड़ियों को 1 लाख की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता का आयोजन 7 जून 2025 तक जारी रहेगा। टूर्नामेंट डायरेक्टर डीएस रावत ने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना के साथ मुकाबले खेले। मैचों का संचालन मुख्य रेफरी एंटन डिसूजा (मुंबई) के निर्देशन में किया गया। टूर्नामेंट सचिव अवनीश रस्तोगी ने बताया कि इसी आयोजन के अंतर्गत अंडर-12 और अंडर-14 प्रतियोगिताएं 8 से 14 मई तक आयोजित की गई थीं। इस प्रतियोगिता का संचालन जिला टेनिस एसोसिएशन नैनीताल और फैन क्लब मुरादाबाद द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है, जबकि उत्तराखंड टेनिस एसोसिएशन, देहरादून इसके तकनीकी दिशा-निर्देशन में है। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट के अगले मुकाबले 1 जून को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होंगे।मैच के दौरान विशेष अतिथियों में डीटीए नैनीताल के सचिव हेम कुमार पांडेय, पूर्व पुलिस महानिदेशक बीएनएस बिष्ट, एसबीआई के पूर्व प्रबंधक ब्रिज मोहन सिंह बिष्ट, शंक. रदत्त सती, एसके साता, आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मंगलौर जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

पत्रांक 932 /निर्माण अनु0/ निविदा/2025-26/ दिनांक- 31/05/2025

### निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मगंलौर राज्य वित्त आयोग/15 वें वित्त / पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से नगर पालिका परिषद मगंलौर के क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु सीलबन्द निविदाएं आमन्त्रित करती है। अतः नगर पालिका परिषद मगंलौर के समस्त पर्जीकृत फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि जो फर्म/ठेकेदार निम्नलिखित निर्माण कार्य करने के इच्छुक हों, दिनांक 16.6.2025 समय सायं 4.00 बजे तक पालिका कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस मे निर्माण कार्यों के निविदा प्रपत्र कय कर सकते है। कय की गई सीलबन्द निविदाएं जिस पर फर्म/ठेकेदार का नाम व कार्य का नाम लिखा हो दिनांक 17.06.2025 मे अपरान्ह 1.00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। समय से प्राप्त निविदायें दिनांक 17.6.2025 मे अपराहन् 3.00 बजे निविदादाता एंव निर्माण कार्य हेतु गठित समिति की देख रेख में खोली जायेगीं। प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मगंलौर में निहित है। निविदा प्रपत्रों के साथ निर्धारित मूल्यों की जमानत राशि की एफ0 डी0 आर0/एन0 एस0 सी0/ बचत पत्र जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मगंलौर के पदनाम से बन्धक हो, संलग्न करनी अनिवार्य होगा। निर्माण कार्यों का विवरण निम्नप्रकार है:-

| क0सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र धनराशि + जी0 एस0 टी0 18 प्रतिशत अतिरिक्त | कार्य की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद मंगलौर के वार्ड नं0-09 मे ढिढार तालाब से सैनीपुरा से होते हुए राजवाहे की ओर नाले की सफाई का कार्य। | 57500 | 1500 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | ए |
| 2 | वार्ड नं0 07 मे सरकारी अस्पताल से मैन बाजार की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 65000 | 2000 रू0 +जी0एस0टी0 | 6 माह | ए |
| 3 | वार्ड नं0 05 मौहल्ला पठानपुरा मे मनतीक के मकान से तोहिद के मकान की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 13000 | 500 रू0 +जी0एस0टी | 6 माह | बी |
| 4 | वार्ड नं0 03 मौहल्ला मानकचौक मे बीज गोदाम से चुंगी नं0 05 की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 69000 | 2000 रू0 +जी0एस0टी0 | 6 माह | ए |
| 5 | वार्ड नं0 15 मौहल्ला पठानपुरा मे आरिफ के मकान से शमीम के प्लाट की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 17000 | 1000 रू0 + जी0 एस0 टी0 | 6 माह | बी |
| 6 | वार्ड नं0 19 जी0टी0 रोड हनीफ की दुकान से कालू मिस्त्री के मकान की ओर क्षतिग्रस्त सडक का सी0सी0 द्वारा निर्माण व नाली निर्माण आदि का कार्य। | 21500 | 1000 रू0 + जी0 एस0 टी0 | 6 माह | बी |
| 7 | वार्ड नं0 19 मौ0 टोली मे मुजफ्फर अली के मकान से जी0टी0 रोड की ओर क्षतिग्रस्त सडक का सी0सी0 द्वारा निर्माण व नाली निर्माण आदि का कार्य। | 54000 | 1500 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | ए |
| 8 | वार्ड नं0 15 मौहल्ला पठानपुरा मे तनवीर के प्लाट से मस्जिद की ओर सी0सी0 द्वारा सडक निर्माण का कार्य। | 14500 | 500 रू0 +जी0एस0टी | 6 माह | बी |
| 9 | वार्ड नं0 19 इस्लामनगर मे लियाकत के मकान से नौशाद,इन्तजार व मस्जिद तक क्षतिग्रस्त सडक आदि का भराव, सडक व पुलिया का सी0सी0 द्वारा निर्माण कार्य। | 55500 | 1500 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | ए |
| 10 | वार्ड नं0 20 मौहल्ला किला मे पप्पू नाई की दुकान से चन्दनिया कपडे वाले दुकान की ओर क्षतिग्रस्त सडक व नाली आदि का डी0बी0एम0 तथा एस0बी0सी0 द्वारा निर्माण कार्य। | 74000 | 2000 रू0 +जी0एस0टी0 | 6 माह | ए |
| 11 | वार्ड नं0 04 टाण्डा रोड पर स्थित सिचाई विभाग के नाले के पास दर्जियो वाले सार्वजनिक कब्रिस्तान की दिवार का निर्माण कार्य। | 60000 | 1500 रू0 +जी0एस0टी0 | 6 माह | ए |
| 12 | वार्ड नं0 04 मे टाण्डा रोड पर स्थित सिचाई विभाग के नाले के पास धोबियो वाले सार्वजनिक कब्रिस्तान की दीवार का निर्माण कार्य। | 40500 | 1500 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | ए |
| 13 | वार्ड नं0 04 टाण्डा रोड पर स्थित सिचाई विभाग के नाले के पास शेखजी वाले सार्वजनिक कब्रिस्तान की दिवार का निर्माण कार्य। | 66000 | 2000 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | ए |
| 14 | वार्ड नं0 05 मौहल्ला पठानपुरा मे जुल्फुकांर के मकान से सोनू के मकान की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 14500 | 500 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | बी |
| 15 | वार्ड नं0 05 मौहल्ला पठानपुरा मे बारू की दुकान से अहसान के मकान की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 8500 | 500 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | बी |
| 16 | वार्ड नं0 08 मौहल्ला बन्दरटोल मे इमामबाडे के पास शौचालय का निर्माण कार्य। | 15000 | 500 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | बी |
| 17 | वार्ड नं0 05 मौहल्ला पठानपुरा मे रसगुल्ला वाले गली के पास युसुफ के मकान फुलमिया के मकान की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 24000 | 1000 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | बी |
| 18 | वार्ड नं0 04 टाण्डा रोड पर गौर गरीबा कब्रिस्तान मे सी0सी0 सडक निर्माण आदि का कार्य। | 27500 | 1000 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | ए |
| 19 | वर्ड नं0 07 मौहल्ला इस्लामनगर मे अब्दुल खालिक के मकान से असगर के बाग की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 70500 | 2000 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | ए |
| 20 | वार्ड नं0 05 लण्ढौरा रोड से जहीर कुरैशी के गोदाम तक सडक में मिटटी भराव व सी0सी0 सडक नाली आदि का निर्माण कार्य। | 12500 | 500 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | बी |
| 21 | वार्ड नं0 15 मौहल्ला बाहरकिला समीर ट्रेडिंग कं0 से बीज गोदाम की ओर सडक मे गडढे मरम्मत आदि का निर्माण कार्य। | 20500 | 1000 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | बी |
| 22 | वार्ड नं0 16 मौ0 मलकपुरा में छोटे के मकान से अकबर के घर की ओर क्षतिग्रस्त गली का सी0सी0 द्वारा निर्माण व नाली आदि का निर्माण कार्य। | 9500 | 500 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | बी |
| 23 | वार्ड नं0 15 मौहल्ला पठानपुरा लण्ढौरा रोड से ईमामिया इण्टर कालेज की ओर क्षतिग्रस्त सडक का सी0सी0 द्वारा निर्माण व नाली आदि का निर्माण कार्य। | 31500 | 1500 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | ए |
| 24 | वार्ड नं0 18 मे शाह विलायत मजार के पास चबुतरे का सौन्दर्यकरण का कार्य। | 26000 | 1000 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | ए |
| 25 | वार्ड नं0 19 मौहल्ला टोली मे मुनफैत की दुकान से भूरे के मकान की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 21500 | 1000 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | बी |
| 26 | वार्ड नं0 02 मौहल्ला मलानपुरा में कमरू के मकान से जामा मस्जिद की ओर क्षतिग्रस्त सडक का कलर इन्टरलोकिंग टाईल द्वारा निर्माण व चैनल/नाली आदि का निर्माण कार्य। | 20000 | 1000 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | बी |
| 27 | वार्ड नं0 02 मौहल्ला मलानपुरा में सिबतैन के मकान से अकील के मकान तक कलर इन्टरलोकिंग टाईल द्वारा सडक निर्माण व चैनल व दोनो ओर नाली का निर्माण कार्य। | 12000 | 500 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | बी |
| 28 | वार्ड नं0 01 मौहल्ला लालबाडा में जल भराव से निजात हेतु गुला तालाब से पानी की निकासी हेतु पाइपलाईन बिछाये जाने आदि का कार्य। | 54000 | 1500 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | ए |
| 29 | वार्ड नं0 11 में ट्रेचिंग ग्राउंड की अस्थाई दीवार (टिन की चादरों द्वारा) का निर्माण कार्य। | 74000 | 2000 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | ए |
| 30 | वर्ड नं0 12 मौहल्ला लालबाडा मे कुर्बान के मकान से कल्लू के मकान की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 13500 | 500 रू0+जी0एस0टी0 | 6 माह | बी |

**नोट-** सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। विलम्ब से प्राप्त होने वाली किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निर्माण कार्य की शर्ते एंव अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे पालिका कार्यालय के निर्माण अनुभाग से ज्ञात की जा सकती है।

(नौशाद हसीन)
अधिशासी अधिकारी

(मोहियुद्दीन)
अध्यक्ष

# मुंबई की विरासत का मुकाबला करेंगी पंजाब

**हार्दिक के नेतृत्व में मौजूदा बल्लेबाजी लाइनअप शानदार है, पंजाब के पास मैच जिताऊ खिलाड़ियों की कमी नहीं**

**क्वालिफायर-2**



**अहमदाबाद, वार्ता।** नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की दूधिया रोशनी में रविवार को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस एक लाख से अधिक दर्शकों के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के खिताबी मुक. ाबले में जगह बनाने के लिए अपना सर्वस्व झोंकने के लिए उतरेंगे।

दोनो टीमो के बीच क्वालीफायर 2 का रोमांचक मुकाबला शाम साढ़े सात बजे से खेला जायेगा। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई को आईपीएल के मौजूदा संस्करण में लय में आने में समय लगा मगर बल्लेबाजी में गहराई और जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन ने टीम को छठे खिताब के करीब लाकर खड़ा कर दिया है। बुमराह 6.36 की कम इकॉनमी से 18 विकेट लेकर शानदार फॉर्म में हैं और उनकी यह ताकत रविवार रात क्वालीफायर 2 में अंतर पैदा कर सकती हैं। मुंबई एलिमिनेटर में गुजरात टाइटन्स पर 20 रन की शानदार जीत के बाद इस मुकाबले में बढ़त बनाए हुए है।

हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में मौजूदा इकाई की बल्लेबाजी लाइनअप शानदार है। रोहित शर्मा ने सही समय पर लय पाई और 50 गेंदों पर 81 रन बनाए, जबकि विल जैक्स के प्रतिस्थापन के रूप में आए जॉनी बेयरस्टो ने 22 गेंदों पर 47 रन बनाकर शुरुआत में ही लय पा ली। इस बीच, सूर्यकुमार यादव ने 167.83 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 673 रन बनाकर क्रिकेट के तर्क को धता बताना जारी रखा है। मध्यक्रम में तिलक वर्मा, हार्दिक और नमन धीर मजबूती प्रदान करते हैं, वहीं दीपक चाहर गेंद से शुरुआती बढ़त बनाने के लिए इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में आ सकते हैं। बुम. राह की सटीक गेंदबाजी और नई गेंद से बायें हाथ के ट्रेंट बोल्ट की लस्वग मुंबई की ताकत बनी हुयी है।

हालांकि मुंबई अभी भी अपने चौथे गें. दबाजी विकल्प को लेकर सावधान रहेगी, क्योंकि पिछले गेम में रिचर्ड ग्लीसन ने निराश किया था। दूसरी ओर पंजाब की टीम नए जख्मों से उबर रही है। लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद क्वालीफायर 1 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उनकी हार सदमे में डालने वाली थी। हालांकि पिछली हार को भुला कर पंजाब को कल ऐसे मैदान में उतरना होगा, जहां प्लेऑफ का अनुभवहीनता और स्कोरबोर्ड का दबाव टीमों को पूरी तरह से निगल सकता है। पंजाब के पास मैच जिताऊ खिलाड़ियों की कमी नहीं है। प्रभसिमरन सिंह (517) और प्रियांश आर्य (431) ने लीग की सबसे रोमांचक युवा ओपलनग जोड़ियों में से एक बनाई है जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर ने मध्यक्रम में 516 रन बनाकर अपनी खास पहचान बनाई है। हालांकि उन्हें और भी बहुत कुछ चाहिए होगा। जोश इंग्लिस, मार्कस स्टोइनिस और शशांक सिंह को मौके का फायदा उठाना होगा।

लीग चरण में एमआई के खिलाफ इंग्लिस की विस्फोटक 73 रन की पारी सबको याद होगी। अब इसे दोहराना सबसे ज्यादा मायने रखता है। अर्शदीप सिंह की अगुवाई में पंजाब के गेंदबाज विपक्षी टीम को कम स्कोर पर रोकने का पूरा प्रयास करेंगे। काइल जैमीसन ने पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन किया था मगर युजवेंद्र चहल की अनुपस्थिति अभी भी खल रही है। अगर हरप्रीत बरार और अजमतुल्लाह उमरजई टिके रहते हैं, तो पंजाब फिर से उलटफेर कर सकता है। अहमदाबाद ने अब



तक पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को फायदा मिला है। यहां सात में से छह मैच लक्ष्य निर्धारित करने वाली टीम ने जीते हैं। इसलिए दोनों कप्तानों की निगाहें टॉस पर होंगी। मौसम विभाग के अनुसार आसमान साफ रहने और शुष्क गर्मी की उम्मीद है। दोनो टीमे चार बार एक दूसरे के सामने आयी हैं जिनमें दो-दो मैच हर टीम ने जीता है। पंजाब ने अपना 26 मई को अपना सबसे हालिया मुकाबला जीता था।

# मनसुख मांडविया 'फिट इंडिया तिरंगा साइकिल रैली' करेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया राजधानी में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के 25 वां संस्करण का रविवार को नेतृत्व करेंगे जिसे पूरे देश में तिरंगा रैली के रूप में पूरे देश में मनाया जाएगा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार राजधानी में मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ-मांडविया करेंगे।

उनके साथ रैली में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में खेल जगत से ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी और पूर्व क्रिकेटर और चयनकर्ता सबा करीम शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीन जून को विश्व साइकिल दिवस से पहले होने जा रहे इस कार्यक्रम के जरिए शरीर को 'हृष्ट-पुष्ट' रखने में साइकिल चलाने की बड़ी भूमिका के संदेश देने के साथ भारत के सशस्त्र बलों के प्रति सामूहिक रूप से सम्मान का भाव भी प्रकट किया जाएगा।

राजधानी में इस कार्यक्रम में 1,200 से अधिक साइकिल चाल. कों के शामिल होने की उम्मीद है। पूरे देश में कल 2,000 से अधिक स्थानों पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भुवनेश्वर में ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। दिसंबर 2024 में शुरुआत के बाद से अब तक 5,500 से अधिक स्थानों पर इसका आयोजन हो चुका है।

**खेल विशेष**

## एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने आठ स्वर्ण सहित 24 पदक जीते

**गुमी, वार्ता।** भारत ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कुल 24 पदकों के साथ अपने शानदार अभियान का समापन किया है। भारत के कुल 24 पदकों में आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदक शामिल है। भारतीय दल पिछले सत्र में छह स्वर्ण समेत 27 पदक जीते थे। चैंपियनशिप के अंतिम दिन शनिवार को भारतीय एथलीटों ने तीन रजत और तीन कांस्य पदक अपने नाम किए। पारुल चौधरी आज महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में 15 मिनट 15:33 सेकंड (15:15:33 सेकंड) का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने इससे पहले 3000 मीटर मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था। भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85-16 मीटर तक भाला फेंका। बागपत के खेकड़ा गांव निवासी सचिन का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84-39 मीटर था। पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में अनिमेष कुजूर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20-32 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य पदक जीता वहीं अभिनया राजरा. जन, स्नेहा एसएस, श्राबनी नंदा और नित्या गंधे की चौकड़ी ने महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 43:86 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया जो इस प्रतियोगिता में भारत का आखिरी पदक रहा। महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में एशियाई खेलों की पदक विजेता विथ्या ने भारत को दिन का दूसरा कांस्य पदक दिलाया। तमिलनाडु की 26 वर्षीय एथलीट ने 56-46 सेकंड का समय लेकर पोडियम स्थान हासिल किया। पूजा ने भारत के लिए दिन का तीसरा कांस्य पदक जीता। उन्होंने महिलाओं की 800 मीटर दौड़ 2:01:89 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ पूरी करके तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं की 200 मीटर की दौड़ में ज्योति याराजी 23:47 सेकंड के समय के साथ पांचवें जबकि नित्या गंधे 23-90 सेकंड के समय के साथ सातवें स्थान पर रहीं।

# बोपन्ना-पावलसेक फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में



**बोपन्ना के अनुभव और पावलसेक की चपलता ने शुरूआती मौको का फायदा उठाया**

**पेरिस, वार्ता।** भारत के रोहन बोपन्ना और चेक जोड़ीदार एडम पावलसेक ने फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर के पुरुष युगल मुकाबले में फ्रांस के फैबियन रेबुल और सादियो डौम्बिया को 6-2, 7-6(5) से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इंडो-चेक जोड़ी ने शुरुआती सेट में दबदबा बनाया और अपनी शक्तिशाली सर्विस और रणनीतिक नेट प्ले का लाभ उठाते हुए 6-2 की बढ़त हासिल की। बोपन्ना के अनुभव और पावलसेक की चपलता ने शुरुआती मौकों का फायदा उठाते हुए फ्रांसीसी जोड़ी की सर्विस दो बार तोड़ी। घरेलू दर्शकों से उत्साहित फ्रांसीसी खिलाड़ियों ने दूसरे सेट में जबरदस्त वापसी की। डौम्बिया और रेबुल ने अपनी सर्विस गेम को कड़ा किया और रिटर्न पर दबाव बनाया, जिससे एक करीबी मुकाबला हुआ और अंत में टाईब्रेकर हुआ। गति में बदलाव के बावजूद, बोपन्ना और पावलसेक ने संयम बनाए रखा, टाईब्रेक 7-5 से जीतकर सीधे सेटों में मैच अपने नाम कर लिया। बोपन्ना और पावलसेक ने आठ ऐस दर्ज किए, जबकि फ्रांसीसी जोड़ी ने पांच ऐस दर्ज किए और उनका पहला सर्व जीत प्रतिशत 68 प्रतिशत की तुलना में 72 प्रतिशत रहा। दोनों टीमों ने तीन-तीन ब्रेक पॉइंट बदले, लेकिन इंडो-चेक जोड़ी की महत्वपूर्ण पॉइंट जीतने की क्षमता, खासकर टाईब्रेक में, ने अंतर पैदा किया। यह जीत बोपन्ना और पावलसेक के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनो की एक साथ पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद जारी है।


# जुमहुर की चुनौती को पार कर अल्काराज फ्रेंच ओपन के चौथे दौरे में

**तीसरे दौर के मुकाबले में अल्काराज ने 2:57 मिनट में जीत दर्ज की**

**पेरिस, वार्ता।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने शनिवार को बोस्निया और हर्जेगोविना के दामिर जुमहुर पर चार सेटों में कड़ी टक्कर के बाद फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली।

तीसरे दौर के मुकाबले में अल्काराज ने दो घंटे और 57 मिनट में 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की, जिसमें स्पेन के खिलाड़ी ने अनुभवी बोस्नियाई खिलाड़ी की मजबूत वापसी को रोकने के लिए शानदार प्रदर्शन किया।

तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज़ ने लगातार दो सेटों में शानदार जीत दर्ज की और आक्रामक रिटर्निंग करते हुए जुमहुर की सर्विस पर दबाव बनाए रखते हुए तीन बार ब्रेक किया। हालांकि, शीर्ष 100 से बाहर की रैंकिंग वाले जुमहुर ने तीसरे सेट में वापसी की, अल्काराज की तीव्रता में कमी का फायदा उठाया और अपने 12 ब्रेक प्वाइंट अवसरों में से एक को भुनाया। चौथे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआत में ही ब्रेक का आदान-प्रदान किया, इससे पहले कि अल्काराज ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली, एक समय पर लगातार पांच गेम जीत लिए और कुल 139 अंकों के साथ समाप्त किया, जबकि जुमहुर के 118 अंक थे। चौथे दौर में उनका मुकाबला इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी से होगा।



# झेंग समेत कई शीर्ष खिलाड़ी फ्रेंच ओपन के अंतिम 16 में पहुंचे

**पेरिस, वार्ता।** पेरिस ओलंपिक चैंपियन चीन की झेंग किनवेन दूसरी बार फ्रेंच ओपन के महिला एकल के अंतिम 16 में पहुंचीं। उनके अलावा कई शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनायी। आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी झेंग ने शुक्रवार को 90 मिनट से कम समय में 18 वर्षीय कनाडाई क्वालीफायर विक्टोरिया मोबो. को को 6-3, 6-4 से हराया।

झेंग ने मैच के बाद कहा कि मेरा जन्म चीन में बहुत गर्म जगह वुहान मेंर हुआ था। इसलिए मैंने गर्म मौसम को काफी अच्छी तरह से संभाला है। पिछले साल, जब मैंने ओलंपिक खेला, तो यह इससे भी अधिक गर्म था। इसलिए वास्तव में मुझे यह स्थिति पसंद है, लेकिन मैं उन सभी दर्शकों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने आज मेरे साथ धूप में कष्ट झेला। झेंग ने अपनी युवा प्रतिद्वंद्वी की भी तारीफ करते हुये कहा कि मैं मोबोको को बधाई देना चाहती हूँ। मुझे लगता है कि उसने वाकई बहुत अच्छा खेला, और हमने एक-दूसरे को अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने के लिए प्रेरित किया। कभी-कभी हमारे पास वाकई अच्छे अंक होते थे। यह कोई आसान मैच नहीं था। बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने भी सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच पर 6-2, 6-3 से जीत हासिल करके लगातार तीसरे साल टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। पोलैंड की चार बार की विजेता इगा स्वियाटेक ने रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन की चुनौती को सीधे सेटों में पार करते हुए टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिल. सिला 24 मैचों तक बढ़ाया। उन्होने कहा कि मैं खुश हूं कि मैंने आखिरी गेम में शानदार प्रदर्शन किया और कोई भी मुफ्त अंक नहीं दिया। यह एक शानदार मैच था और मुझे लगता है कि यह काफी मनो. रंजक था। हम दोनों ने अच्छा खेला। मैं खुश हूं कि मैं आगे बढ़ गई हूं और अपने प्रदर्शन से खुश हूं। पिछले साल की फाइनलिस्ट इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने यूक्रेन की लकी लूजर यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-4, 6-1 से हराकर क्ले पर अपनी नौवीं लगातार जीत दर्ज की। पाओलिनी ने कहा कि पहले कुछ गेम कठिन थे। मुझे परिस्थितियों के साथ थोड़ा सा तालमेल बिठाना पड़ा, लेकिन फिर मैं कोर्ट पर बेहतर महसूस करने लगी।

# अमेरिका डोपिंग रोधी प्रणाली की खामियों को उजागर करना जारी रखूंगा: विटोल्ड

**वाडा के अध्यक्ष बांका ने डोपिंग रोधी प्रणाली की खामियों के बारे में जोर तरीके से बात की**

**वारसॉ, वार्ता।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के अध्यक्ष विटोल्ड बांका ने अमेरिकी डोपिंग रोधी प्रणाली में गंभीर खामियों के बारे में जोरदार तरीके से बोलना जारी रखने की कसम खाई है। उन्होने वैश्विक निगरानी संस्था के प्रमुख के रूप में अपने तीसरे और अंतिम कार्यकाल के लिए फिर से चुने जाने के बाद यह कसम खाई।

पूर्व पोलिश धावक और खेल एवं पर्यटन मंत्री बांका, चीन के पूर्व शीतकालीन ओलंपिक चैंपियन यांग यांग के साथ गुरुवार को वर्चुअल फाउंडेशन बोर्ड की बैठक के दौरान फिर से चुने गए। अमेरिकी डोपिंग रोधी एजेंसी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसे 'अंतिम 'बैट एंड स्विच' कहा। शुक्रवार को, वाडा के अध्यक्ष ने यूएसएडीए की आलोचना का जवाब दिया और कहा कि मुझे विशेष रूप से आश्चर्य नहीं है कि ऐसे शब्द यूएसए में कहे गए। पोलिश आउटलेट स्पोर्टोवे फैक्टी से उन्होने कहा कि इस देश के प्रतिनिधियों ने वास्तव में वाडा में मेरे नेतृत्व को कमज़ोर करने की कोशिश की। अमेरिकी सरकार ने वाडा में अपना योगदान बंद कर दिया, हमारी संस्था के बोर्ड में एक प्रतिनिधि खो दिया और अंततघ चुनावों पर भी प्रभाव डाला। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिकी एंटी-डोपिंग सिस्टम की कमियों के बारे में बेबाकी से बोलना जारी रखूंगा। बड़े और अत्यधिक विकसित पश्चिमी देश हम सभी को व्याख्यान देना पसंद करते हैं। उन्हें इस बारे में बात करना पसंद है कि एंटी-डोपिंग सिस्टम कैसा दिखना चाहिए, लेकिन जब हम उनके समाधानों को देखते हैं, तो पता चलता है कि सबसे बड़ी समस्या उनके साथ है। उदाहरण के लिए, यह अमेरिका पर लागू होता है, लेकिन जर्मनी पर भी। जब हमारे पास 23 चीनी तैराकों का मामला था, तो वे सबसे ज़्डादा शोर मचा रहे थे, लेकिन वे इस बात पर ध्यान नहीं देते कि उनकी अपनी राष्ट्रीय प्रणालियों के साथ उनकी कितनी बड़ी समस्या है। बांका और यांग को मूल रूप से 2019 के खेल में डोपिंग पर विश्व सम्मेलन में वाडा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया था। दोनों का नया कार्यकाल तीन साल का होगा जो एक जनवरी, 2026 से शुरू होगा और वे 31 दिसंबर, 2028 तक सेवा करेंगे।

# गिगांटे को हराकर बेन शेल्टन फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

**पेरिस, वार्ता।** 13वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने शनिवार को कोर्ट सिमोन-मैथ्यू में इटली के माटेओ गिगांटे को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन ने बड़ी सर्विस और आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक का बेहतरीन मिश्रण दिखाते हुए गैरवरीय गिगांटे को दो घंटे से भी कम समय में 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार रोलांड गैरोस के दूसरे सप्ताह में प्रवेश किया। 21 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने 10 ऐस लगाए और अपने पहले सर्व पॉइंट में से 79 प्रतिशत जीते, 11 मौकों में से पांच बार गिगांटे को तोड़ा। शेल्टन के बेहतरीन बेसलाइन प्ले ने उन्हें रिटर्न पर 44 पॉइंट जीतने में मदद की, जबकि इतालवी खिलाड़ी ने 25 पॉइंट जीते। गिगांटे ने तीसरे दौर तक जोशपूर्ण प्रदर्शन किया था, अपने प्रतिद्वंद्वी की ताकत और सटीकता से मुकाबला करने में संघर्ष करते रहे। सम्मानजनक 57 प्रतिशत प्रथम सर्व दर और नौ सर्विस गेम रखने के बावजूद, इटालियन लगातार दबाव में थे और चार ब्रेक पॉइंट में से केवल एक को ही बदल पाया।



# टेस्ट सीरीज से पहले नायर ने दिखाए तेवर

**लंदन, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज करुण नायर ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले गैर आधिकारिक टेस्ट के पहले दिन भारत ए के लिए नाबाद 186 रन बनाकर अपने इरादे जाहिर कर दिये हैं। 33 वर्षीय करुण नायर ने 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 303 रन बनाए थे, लेकिन छह मैचों के बाद उन्हें तीन टेस्ट मैचों के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था। नायर ने अपने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच के बाद से नॉर्थम्पटनशायर के लिए काउंटी क्रिकेट खेला है। उन्हे आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शुक्रवार को सरफराज खान के साथ 181 और ध्रुव जुरेल के साथ 177 रन की अटूट साझेदारी की। टेस्ट टीम में जगह बनाने से चूके सरफराज ने 92 रन बनाए जबकि टेस्ट टीम में शामिल जुरेल ने दिन का खेल समाप्त होने तक नाबाद 82 रन बनाए थे। टेस्ट सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हैम्पशायर के तेज गेंदबाज एडी जैक की गेंद पर 24 रन बनाकर कैच आउट हो गए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, लायंस के गेंदबाजों में बाएं हाथ के जोश हल सबसे आगे रहे। उन्होंने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पदार्पण किया था। उन्होंने भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन को आठ रन पर एलबीडब्लू आउट किया और सरफराज को लेग साइड में कैच कराया। चार दिवसीय मैच का शनिवार को आखिरी दिन है। इसके बाद 6 जून से नॉर्थम्प्टन में दूसरा अनौपचारिक टेस्ट खेला जाएगा। इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स और भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल दूसरे मैच के लिए अपनी-अपनी टीमों में शामिल हैं।

# उज्बेकिस्तान के खिलाफ लड़कर हारी भारतीय टीम

**डायोरखोन ने 56वें मिनट मैच का एकमात्र गोल करके टीम को जिताया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिलर टीम को यहां पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में फीफा इंटरनेशनल फ्रेंडलीज के पहले मैच में उज्बेकिस्तान के हाथों 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार रात को पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद, डायोरखोन खाबीबुल्लाएवा ने 56वें मिनट मे मैच का एकमात्र गोल करके उज्बेकिस्तान को जीत दिलाई। भारत के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने टीम में कुछ नए खिलाड़ियों को शामिल किया और मजबूत उज्बेकिस्तान की टीम के खिलाफ तीन खिलाड़ियों को पदार्पण कराया।

अटैकर मनीषा नाइक और मालविका ने शुरुआती एकादश से पदार्पण किया, जबकि मिडफील्डर प्रियदर्शिनी ने दूसरे हाफ में अपना पहला मैच खेला। मैच की बराबरी की शुरुआत में भारत ने कुछ कॉर्नर अर्जित किए, जबकि गोलकीपर पंथोई चानू ने शुरुआती दौर में उज्बेकिस्तान के हमलावरों को दूर रखने में अच्छा प्रदर्शन किया। खेल के आगे बढ़ने के साथ भारत ने अधिक संयम हासिल करना शुरू कर दिया जबकि उज्बेक ने हमले बनाने शुरू कर दिए। काउंटर पर सौम्या गुगुलोथ ने डांगमेई ग्रेस को पास दिया, जो उज्बेकिस्तान की बैक लाइन से आगे निकल गई थी, और उसे केवल गोलकीपर को चकमा देना था। हालांकि, मफ्तुना जोनिमकुलोवा अपनी लाइन से बाहर निकली और भारत की फॉरवर्ड के पैरों से गेंद छीन ली।

इस बीच भारत के कोच छेत्री ने मनीषा नाइक की जगह स्ट्राइकर प्यारी ज़ाक्सा को खेल में शामिल किया। यह कदम दूसरे हाफ के शुरुआती चरणों में कारगर साबित हुआ, क्योंकि भारत ने उज्बेकिस्तान के हाफ में लंबे समय तक गेंद को अपने कब्जे में रखना शुरू कर दिया। 56वें मिनट में, बाएं किनारे से माफ्तुना शोइमोवा ने भारत के बॉक्स में एक सटीक क्रॉस भेजा, जिसे दियोराखोन ने नज़दीकी रेंज से टैप करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। दियोराखोन को एक घंटे के बाद बढ़त को दोगुना करने का मौका मिला जब उन्होंने एक और क्रॉस वॉली करने की कोशिश की, इस बार बाईं ओर से, लेकिन फॉरवर्ड गेंद को कनेक्ट नहीं कर सके, क्योंकि पंथोई ने इसे हवा से छीन लिया। भारत ने बराबरी के लिए प्रयास किया मगर असफल रही। दोनों टीमें तीन जून को पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में दूसरे फीफा इंटरनेशनल फ्रेंडली में भिड़ेंगी।

## युद्धवीर सिंह होंगे भारतीय टीम के मैनेजर

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के निदेशक रह चुके युद्धवीर सिंह भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे में मैनेजर की भूमिका निभायेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने शनिवार को बताया कि सिंह को इंग्लैंड दौरे के लिये भारतीय टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। भारतीय टीम इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी जिसका पहला मैच 20 जून से लीड्स में शुरू होगा। इस दौरे में टीम की कमान शुभमन गिल को सौंपी गयी है जबकि ऋषभ पंत उपकप्तान बनाये गये हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के जरिये

# पहलगाम के गुनाहगारों से तुरंत लिया बदला: अजय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजय कुमार ने कहा कि देश की सेना ने दिखा दिया है कि भारत किसी भी विदेशी चुनौती से मुकाबला करने के लिए हर समय तत्पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पहलगाम के गुनाहगारों का फोरन बदला ले लिया है।

वरिष्ठ भाजपा नेता तथा पूर्व राज्य मंत्री पंडित मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट के आवास पर प्रदेश महामंत्री (संगठन) ने कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को उसके घर में घुसकर ही नहीं मारा बल्कि आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद भी कर दिया,जो अपने आप में सेना की वीरता और शौर्य का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और सैनिक शक्ति को देखकर विस्तारवादी सोच रखने वाले देश घबरा गए हैं।उन्होंने कहा कि जल्द ही हम प्रधानमंत्री के



संकल्प के अनुरूप पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर को अपने कश्मीर में मिलाएंगे।कहा कि कुछ लोग आज भी राजनीतिक लाभ के चलते सेना के पराक्रम पर सवाल उठाते हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा की जिलाध्यक्ष डॉक्टर मधु सिंह ने कहा की पंडित मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट एक समाजसेवी के साथ-साथ एक महान शिक्षाविद के रूप में पूरे क्षेत्र

**❖भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार का पूर्व राज्य मंत्री मनोहर लाल शर्मा के आवास पर स्वागत**

**❖पीएम के नेतृत्व में विदेशों में भी बढ़ा भारत का दबदबा : मनोहर लाल**

में अपनी पहचान रखते हैं। उन्होंने कहा कि पंडित मनोहर लाल शर्मा के सानिध्य में भाजपा को बहुत बल मिला है। डॉक्टर मधु सिंह ने कहा पंडित मनोहर लाल शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में जो कीर्तिमान स्थापित किए हैं, उनकी सराहना हर जगह की जाती है।इस अवसर पर पंडित ममतेश शर्मा एडवोकेट, रजनीश शर्मा एडवोकेट, पंकज शर्मा एडवोकेट, पूर्व प्रधानाचार्य आरडीएस कपिल, प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक, विकास धीमान संजीव कुमार, विनय कुमार आदि ने महामंत्री (संगठन) अजय कुमार का फूल मालाओं और पुष्पगुच्छ से देकर गर्म जोशी से स्वागत किया ।पंडित मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट ने प्रदेश महामंत्री संगठन का शाल ओढ़कर अभिनंदन किया।

# पुलिस ने 30 लीटर अवैध शराब व भट्टी उपकरण के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**लक्सर।** खानपुर पुलिस के द्वारा एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 30 लीटर अवैध कच्ची शराब भट्टी शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। 1000 लीटर लहन भी वहीं पर नष्ट कर दिया गया है।

खानपुर थाना प्रभारी रविंद्र शाह ने जानकारी दी की एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में नशीले पदार्थो की अवैध तस्कारी बिक्री पर अंकुश लगाये जाने के लिए निर्देशित किया है जिसमें अलग-अलग पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबीर की सूचना पर छापेमारी करते हुए गोवर्धनपुर क्षेत्र ग्राम सहीपुर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अवतार सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी ग्राम सहीपुर खाना खानपुर जनपद हरिद्वार बताया। उसके कब्जे से 30 लीटर अवैध कच्ची शराब गैस भट्टी व शराब बनाने के वीभिन्न उपकरण बरामद हुए उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में गोवर्धनपुर पुलिस चौकी प्रभारी समीप पांडे कांस्टेबल अरविंद रावत बलवीर सिंह रितिक कुमार शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# जमीन बेचने के नाम पर स्टांप विक्रेता से दो लाख हड़पे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जमीन बेचने के नाम पर स्टांप विक्रेता से दो लाख रुपये हड़प लिए जाने का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार जमीन बेचने के नाम पर स्टांप विक्रेता से दो लाख रुपये हड़प लिए जाने का मामला सामने आया है। लक्सर कोतवाली के प्रतापपुर गांव निवासी पंकज कुमार की ओर से न्यायालय को दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया गया कि वह लक्सर तहसील में स्टांप विक्रेता है। उसे कृषि के लिए भूमि की आवश्यकता थी। इस दौरान तहसील में ही काम करने वाले रकम सिंह के जरिए उसका परिचय आरोपी प्रमोद कुमार व मनोज कुमार निवासीगण ग्राम महाराजपुर कलां से हुआ। उन्होंने उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से कराई जिसका नाम उन्होंने सुमित कुमार निवासी महाराजपुर कलां बताया। उन्होंने सुमित कुमार की गांव में कृषि भूमि होने और उसे दिलाने की बात कही। पंकज के अनुसार, 13 फरवरी को दो लाख रुपये लेकर सुमित ने अपनी 0.1854 हेक्टेयर भूमि की रजिस्ट्री उसके नाम कर दी। इसी बीच 28 फरवरी को उसे पता लगा कि आरोपियों ने संपत्ति के असली मालिक सुमित कुमार के फर्जी दस्तावेज तैयार कर किसी अन्य व्यक्ति को सुमित कुमार दर्शाते हुए भूमि का बैनामा कर उससे दो लाख रुपये हड़प लिए हैं। असली सुमित कुमार ने कोई जमीन बेची ही नहीं है। उसने आरोपियों से शिकायत की तो उन्होंने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने पुलिस को शिकायत की लेकिन पुलिस के कोई कार्रवाई नहीं करने पर उसने न्यायालय की शरण ली।

वहीं मामले को लेकर इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# सिख गुरु अर्जन देव की शहादत को समर्पित कीर्तन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गुरु नानक सत्संग सभा, गुरुद्वारा नेहरू स्टेडियम रुड़की द्वारा सिखों के पाँचवें गुरु, श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण कीर्तन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अमृतसर से विशेष रूप से आमंत्रित रागी जत्थे ने गुरबाणी की मधुर एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों से वातावरण को गुरुमयी बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत शबद कीर्तन से हुई, जिसमें "तेरा किया मीठा लागे" और "सिर दिया पर सास न दी" जैसे शबदों ने संगत को गुरु अर्जन देव जी की बलिदान भावना से जोड़ दिया। रागी जत्थे की आवाज में श्रद्धा, समर्पण और आस्था की झलक स्पष्ट रूप से दिखी। गुरुद्वारा सभा के प्रधान सरदार सुरेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि गुरु अर्जन देव जी का बलिदान केवल सिख समुदाय ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा है। उन्होंने शांतिपूर्वक अत्याचारों का सामना करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया, जिससे धर्म और सच्चाई की रक्षा हुई। सभा के वरिष्ठ सदस्य तिलकराज नंदा ने सिख धर्म के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सेवा, समर्पण और परोपकार सिख पंथ के मूल स्तंभ हैं। गुरु अर्जन देव जी ने हर धर्म और जाति के लोगों के लिए "हरमंदिर साहिब" का निर्माण कर समरसता का संदेश दिया। सरदार तरनजीत सिंह और पूजा नंदा ने भी गुरु जी के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाओं को साझा किया और बताया कि कैसे उन्होंने आध्यात्मिक शक्ति और सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन अरदास और गुरु का लंगर वितरण कर हुआ। गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल श्रद्धांजलि का अवसर रहा, बल्कि गुरु अर्जन देव जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का एक सार्थक प्रयास भी सिद्ध हुआ। इस अवसर पर सरदार वीर सिंह, मनोज मेहरा ,पंकज नंदा, राजकुमार शर्मा, अवनीश त्यागी, अमित सोई ,सरदार सतपाल सिंह, सरदार हरचरण सिंह, सरदार जसवीर सिंह , सरदार सतनाम सिंह, सरदार अमरजीत सिंह, सरदार इंद्रजीत सिंह, सरदार कुलदीप सिंह, सरदार सतबीर सिंह, इकबाल सिंह, प्रभजोत सिंह, दीपक अरोड़ा, चरणप्रीत सिंह, सरदार जसप्रीत सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और गुरु की वाणी में डूबकर आत्मिक शांति का अनुभव किया। गुरुद्वारा परिसर में अटूट लंगर की भी व्यवस्था की गई थी, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# पिता-पुत्री पर घर में घुसकर हमला, फायरिंग का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** आपसी विवाद में कुछ लोगों ने एक ग्रामीण पर घर में घुसकर फायरिंग कर दी। हमलावरों ने ग्रामीण और उसकी बेटी के साथ मारपीट करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लक्सर कोतवाली के मखियाली कलां गांव निवासी संतु ने पुलिस को बताया कि वह दिव्यांग है। 24 मई की शाम को वह और उसकी बेटी दोनों घर में मौजूद थे। इस बीच आरोपी बिजेंद्र निवासी मखियाली कलां और लाखन निवासी रायसी अपने पांच साथियों के साथ लाठी-डंडे और तमंचे लेकर उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने उनके और उनकी बेटी पर हमला करते हुए मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से उनपर तमंचे से फायरिंग की। इसमें वह बाल-बाल बच गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए। लोगों के आने पर आरोपी फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि तहरीर पर दो नामजद और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही ह।

# आर्मी पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन अंतरिम कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 रुड़की में शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास हेतु छह दिवसीय अंतरिम कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन सुबह का सत्र सहज योग से शुरू किया गया। इसमें प्रतिभागियों को उनकी आंतरिक ऊर्जा प्रणाली, भावनात्मक स्वास्थ्य और रचनात्मकता के लिए पुष्टि और ध्यान का महत्त्व सिखाया। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

जानकारी के अनुसार इस सत्र का संचालन एडवोकेट अपेक्षा ने किया, जिसके अंतर्गत बच्चों से संबंधित कानूनी प्रावधानों से शिक्षकों को अवगत कराया गया। साथ ही साथ यौन उत्पीड़न निवारण समिति (अधिनियम, 2013) पर जागरूकता सत्र का संचालन अधिवक्ता अपूर्वा ठाकुर द्वारा किया गया। जिसमें इसके कानूनी ढाँचे, परिभाषाएँ, नियोक्ताओं की जिम्मेदारियाँ और समाधान शामिल थे। इस श्रृंखला में सबसे महत्वपूर्ण एमएच रुड़की के कमांडेंट ब्रिगेडियर विशाल विष्णु तिवारी, लेफ्टिनेंट कर्नल कुसुम खाती और विशेषज्ञ टीम द्वारा चिकित्सा आपात स्थितियों में तैयारी और त्वरित कार्रवाई के महत्व को रेखांकित करते हुए सीपीआर कार्यशाला का आयोजन



किया गया जिसमें हृदयाघात के संकेतों को पहचानना और सीपीआर को प्रभावी ढंग से लागू करना सिखाया गया। कार्यशाला में हरिद्वार विश्वविद्यालय रुड़की की कुलपति प्रोफेसर डॉ रमा भार्गव द्वारा अच्छे शिक्षक के गुणों पर गहन चर्चा की गई जिससे शिक्षकों को अपने शिक्षण पर विचार करने और सुधार के क्षेत्र को पहचानने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यशालाओं की कड़ी में 21वीं सदी के कौशल विकसित करने हेतु पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर प्रदीप कुमार ने वैश्विक परिदृश्य में एक शिक्षक के लिए आवश्यक कौशलों पर प्रकाश डाला।

विद्यालय के विशिष्ट शिक्षक श्री गौतम जायसवाल के नेतृत्व में भारतीय सांकेतिक भाषा (आईएसएल) कार्यशाला में संचार में समावेशिता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रतिभागियों ने विशिष्ट बालकों की सहायता के लिए आवश्यक आईएसएल संकेत, सांकेतिकभाषा में राष्ट्रगान तथा अन्य आवश्यक अभिव्यक्तियाँ सीखीं। प्रत्येक दिन अंतिम सत्र में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी तथा रोचक बनाने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। जिनमें वैदिक गणित, दैनिक जीवन में विज्ञान, हिंदी संस्कृत रोचक अधिगम, योग्यता आधारित मूल्यांकन, आईसीटी, शिक्षकों के लिए अभिरुचि आधारित कार्यशालाएं भी सम्मिलित थीं जिसमें नृत्य कला संगीत तथा शिल्प आदि कौशल सिखाए गए। प्रधानाचार्या सुश्री ऋतु डोगरा तथा हेड मिस्ट्रेस सुश्री सुधा सैनी के कुशल दिशा निर्देशन में कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# संदिग्ध परिस्थिति में होटल मालिक लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** संदिग्ध परिस्थिति में होटल मालिक लापता हो गया। परिजनों ने अपने स्तर से होटल मालिक की काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। गुमशुदगी को पारिवारिक विवाद से भी जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच की तो आखिरी लोकेशन शिमला मिली।

गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी मेहरबान रामपुर में देहरादून रोड स्थित होटल राजमहल के मालिक है। 28 मई को वह डॉक्टर के पास जाने की बात कहकर घर से निकले थे। वह घर नहीं लौटे। अनहोनी की आशंका पर परिजनों ने अपने स्तर से मेहरबान की तलाश शुरू की लेकिन उसके बारे में कुछ पता नहीं चल पाया और फोन भी बंद मिला। इसके बाद बेटे कुर्बान ने गंगनहर कोतवाली पुलिस को मामले में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने होटल मालिक की गुमशुदगी दर्ज कर ली। वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय शाह ने बताया कि प्राथमिक जांच में हिमाचल प्रदेश के शिमला में लोकेशन मिली है। पुलिस की एक टीम शिमला रवाना की गई है।

## बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने वाले पर पोक्सो एक्ट में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नगर के मोहल्ला निवासी 60 वर्षीय व्यक्ति 7 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ अश्लील कर रहा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह जब मासूम बच्ची बच्चों के साथ खेल रही थी खेलते खेलते आरोपी के घर एक कुत्ता का बच्चा पकड़ने के लिए पहुंच गई इसका फायदा उठाते हुए आरोपी बच्ची को पकड़ कर उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा वही पड़ोस में रहने वाले किसी व्यक्ति ने आरोपी को यह करते हुए सब देख लिया और सूचना बच्ची के परिजनों को दी सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों को बच्ची ने सारी आप बीती बताइ जिसके बाद परिजन कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की पुलिस ने तहरीर के आधार पर मेहबूब उर्फ नानू निवासी मंगलौर के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## रुड़की पुलिस ने सत्यापन के दौरान मुजफ्फरनगर का वांटेड हिस्ट्री शीटर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने सत्यापन के दौरान एक मकान में रह रहे हैं मुजफ्फरनगर के हिस्ट्री सीटर वांटेड को दबोच लिया है और उसको बना देने वाले मकान मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है

जानकारी के अनुसार कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने सत्यापन के दौरान एक हिस्ट्री सीटर पकडा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे सत्यापन के कार्रवाई के अंतर्गत आज दि 31.05.2025 को प्रभारी निरीक्षक रुड़की द्वारा गठित सत्यापन टीम की कार्रवाई के दौरान मोहल्ला पठानपुरा में संदिग्धता के आधार पर नईम पुत्र ननुवा मोहल्ला किदवाई नगर निकट जैनलिया स्कूल थाना खालापार मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को पूछताछ हेतु थाना कोतवाली रुड़की पर लाया गया पूछताछ करने पर उक्त नईम थाना खालापार मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश में गैंगस्टर में वांटेड बताया जो काफी समय से फरार था। थाना खालापार मुजफ्फरनगर से संपर्क करने पर थाना खालापार द्वारा उक्त नईम को थाना खालापार का गैंगस्टर एक्ट का वांटेड बताया जिसे आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना खालापार मुजफ्फरनगर की पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम में अ0उ0नि0 आषाढ सिह पंवार, कोतवाली रूडकी व हेकानि0 प्रवीण कोतवाली रूडकी शामिल रहे।

## चेकिंग में 18 वाहन सीज, 42 के चालान

**लक्सर।** क्षेत्रीय परिवहन विभाग की ओर से यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। अभियान में 18 वाहन सीजकर 42 के चालान किए गए। ओवरलोड वाहनों से शहर और देहात में दुर्घटनाएं हुई हैं। इस वजह से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की टीम देर रात चेकिंग के लिए निकली। चेकिंग में ओवरलोड वाहन टीम के रडार पर रहे। इस बीच बुग्गावाला में तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रक पकड़ा गया। इसमें निर्माण सामग्री ओवरलोड थी। टीम ने सीज कर दिया। नौ चालक बिना जरूरी कागजात, बिना टैक्स के ई-रिक्शा चला रहे थे। चालान किया।

## बछड़े पर हमलाकर उठा ले गया गुलदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** एक साधू की झोपड़ी के बाहर बंधे बछड़े पर गुलदार ने हमला कर लिया। गुलदार बछड़े को उठा ले गया। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग को मामले की जानकारी दी है। साथ ही गुलदार को पकड़ने की मांग की है। क्षेत्र के तिलकपुरी गांव के पास गुलदार देखे जाने की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। ग्रामीण शिवपाल, कमल, बबलू, मांगेराम, सुशील आदि के अनुसार, भोगपुर और तिलकपुरी गांव के पास जंगल में आबादी क्षेत्र के निकट गुलदार की चहलकदमी बनी हुई है। दो दिन पूर्व गुलदार ने यहां एक साधु की कुटिया के बाहर बंधे गाय के बछड़े पर हमला करके उसे निवाला बना लिया। गुलदार की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़े जाने की मांग वन विभाग के अधिकारियों से की है। डिप्टी रेंजर संजय पंत ने बताया कि गुलदार के संबंध में जानकारी मिली है। गुलदार की मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है।

# कांग्रेसियों ने भाजपा पर लगाए विकास नहीं कराने के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के दरगाहपुर मैं एक प्रेस वार्ता कर कांग्रेस प्रदेश के पदाधिकारियों ने भाजपा पर विकास ना कराने का आरोप लगाया है। प्रदेश सचिव जिला पंचायत मेंबर संजय सैनी एडवोकेट ने कहा जिस वक्त कांग्रेस की सरकर थी सभी लोग खुशहाल थे क्योंकी उत्तराखंड में हर जगह जो सिडकुल फैक्ट्री लगाई गई है। वह पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी के टाइम में लगाई गई है जिसमें ना जाने कितने बेरोजगार नौजवानो को रोजगार मिला है। बाण गंगा व शोलानी नदी पर बांध पूर्व मुख्यमंत्री हरिश रावत के टाइम में बांधा गया है जिसकी भाजपा सरकार के द्वारा मरम्मत भी नहीं की गई। उन्होंने कहा आज पढ़ा लिखा नौजवान अपनी डिग्री लेकर नौकरी के लिए भटक रहा है फिर भी उसके पास कोई काम नहीं है। प्रदेश सचिव आरिफ प्रदान ने कहा की जितने पुल बांध स्कूल बनाए गए हैं वह सब कांग्रेस की देन है क्योंकी कांग्रेस व्यापारी नौजवान मजदूर किसान सभी के बारे में सोचाती है। उन्होंने कहा 2027 में कांग्रेस की सरकार आने वाली है कांग्रेस सरकार में सभी बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा जैसे पहले



कांग्रेस की सरकार में मिला है। मगन सिंह सैनी ने कहा की कांग्रेस के टाइम में ना जाने कितने इंटर कॉलेज एम्स एसपताल स्कूल क्षेत्र में बिरला जैसी फैक्ट्री लगाई गई है जिसमें हजारों नौजवान नौकरी कर रहे हैं और अपने परिवार का ख्याल भी रख रहे हैं। उन्होंने कहा अगर कांग्रेस की सरकार होती तो नौजवान युवाओं को भटकना नहीं पडता और किसान मजदूर व्यापारी नौजवान सभी खुशाल थे। नगर पंचायत सुलतानपुर सभासद सनव्वर राजा ने कहा की भाजपा विकास की राजनीति नहीं करती केवल लोगों में फसाद कराने की राजनीति करती है हिंदू मुस्लिम मंदिर मस्जिद की राजनीति करती है। उन्होंने कहा 2027 में कांग्रेस की सरकार आ रही है और सभी को चाहीये की कांग्रेस का दामन थामें और अपने और अपने बच्चों के अच्छे भविष्य के बारे में सोचे।

## हरिद्वार जिला प्रधानाचार्य परिषद की कार्यकारिणी ने

# बीएसएम शिक्षण संस्थान के चैयरमेन मनोहर लाल को जन्मदिन पर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रधानाचार्य परिषद जिला हरिद्वार की कार्यकारिणी द्वारा मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार अध्यक्ष बीएसएम शिक्षण संस्थान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी आफ इंडिया को उनके जन्मदिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक डॉक्टर घनश्याम गुप्ता प्रबंधक नेशनल कन्या इंटर कॉलेज खानपुर ने कहां की हरिद्वार जिले की सबसे बड़ी संस्था के अध्यक्ष का सम्मान करना हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि शर्मा जी एक महान शिक्षाविद हैं और कानून के बहुत बड़े जानकार हैं जिले के अंदर जो शिक्षा के प्रसार प्रचार के लिए जो कार्य शर्मा जी ने किए हैं वह हमेशा याद किए जाएंगे। इतनी बड़ी संस्था को चलाने वाले शर्मा जी का स्वभाव बहुत सौम्य सरल और सहज है मैं उनके उज्जवल भविष्य दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना करता हूं। इससे पूर्व बीएसएम शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट ने सभी अतिथियों का आभार और शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर



पर बी एस एम शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट निदेशक रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट प्रधानाचार्य परिषद जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा जिला मंत्री अरविंद शर्मा जितेंद्र पुंडीर जिला मीडिया प्रभारी कैप्टन अजय कौशिक डॉक्टर एन के शर्मा जयप्रकाश राठौर समय सिंह सैनी चंद्रप्रभा गुलेरिया बलराम गुप्ता सतीश सैनी प्रधान विजय कुमार संजय आर्य अश्वनी कुमार गौरी शंकर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



कोलकाता। 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' पर आयोजित रैली के दौरान मास्क पहने छात्र।

# अमेरिका-भारत के बीच सैन्य साझीदारी पर चर्चा

## विदेश सचिव मिस्री ने वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के बारे में भी की बातचीत

■ उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ दोपहर के भोजन की बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय एजेंडे के सभी आयामों की समीक्षा की

**वाशिंगटन।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अमेरिका के विदेश, रक्षा, राजकोषीय और वाणिज्य विभागों और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के शीर्ष अधिकारियों के साथ मिल कर सैन्य साझीदारी के अवसरों का विश्लेषण किया तथा वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के बारे में चर्चा की।

विदेश सचिव मिस्री ने अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के लिए 27-29, मई तक वाशिंगटन की यात्रा की। यह यात्रा 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की यात्रा के बाद हुई थी जिसके दौरान दोनों पक्षों ने 21वीं सदी के लिए भारत-अमेरिका समझौता (सैन्य साझीदारी के अवसरों का विश्लेषण, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी) का शुभारंभ किया था। उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पवन कपूर भी भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। विदेश मंत्रालय के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान विदेश सचिव मिस्री ने विदेश विभाग, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, रक्षा विभाग, राजकोषीय विभाग और वाणिज्य विभाग के समकक्षों के साथ व्यापक चर्चा की। उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ दोपहर के भोजन की बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय एजेंडे के सभी आयामों की समीक्षा की। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि प्रौद्योगिकी व्यापार और प्रतिभा 21वीं सदी में भारत-अमेरिका साझीदारी को आकार देने वाले प्रमुख स्तंभ होंगे। रक्षा उप मंत्री स्टीव फीनबर्ग और नीति सचिव एल्ब्रिज कोल्बी के साथ बैठकों में, दोनों पक्षों ने एक मजबूत और दूरदर्शी रक्षा साझीदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। चर्चा सह-उत्पादन और सह-विकास पहलों, निरंतर संयुक्त सैन्य अभ्यासों, रसद और सूचना-साझाकरण ढांचे और सशस्त्र बलों के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाने पर केंद्रित थी। राजकोष विभाग के उप मंत्री माइकल फॉकेंडर के साथ, विदेश सचिव ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में सहयोग और आगामी वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) प्रक्रियाओं में समन्वय सहित आर्थिक और वित्तीय संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। वाणिज्य उप मंत्री जेफरी केसलर के साथ अपनी बैठक में दोनों पक्षों ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर प्रगति, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग और आईटीएआर और निर्यात नियंत्रण नियमों को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता की समीक्षा की। वे जल्द से जल्द भारत-अमेरिका रणनीतिक व्यापार वार्ता की अगली बैठक बुलाने पर सहमत हुए। कॉम्पैक्ट में उल्लिखित दृष्टिकोण के अनुरूप, रक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, ट्रस्ट पहल, आतंकवाद-रोधी, हिंद महासागर रणनीतिक उद्यम और क्वाड, आई2यू2 और आईएमईईसी जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से सहयोग सहित कई रणनीतिक क्षेत्रों पर विस्तृत अंतर-एजेंसी चर्चाएं आयोजित की गईं।



## श्रीलंका में खराब मौसम के कारण 6000 लोग प्रभावित

**कोलंबो।** श्रीलंका में खराब मौसम के कारण लगभग 6,000 लोग प्रभावित हुए हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार प्रतिकूल परिस्थितियों ने 1579 परिवारों के 5974 व्यक्तियों को प्रभावित किया है, जबकि 1545 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। इस बीच, श्रीलंका के सरकारी सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (सीईबी) ने मानसून में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण शुक्रवार रात आठ बजे तक 50000 से अधिक बार बिजली कटौती की सूचना दी है। मौसम विभाग ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगले 24 घंटों तक भारी बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं। लोगों को गरज के साथ स्थानीय तेज हवाओं और बिजली गिरने से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। श्रीलंका की भौगोलीय स्थिति को देखते हुए इस तरह के खराब मौसम में ऐसी घटनाओं की आशंका अधिक रहती है। गौरतलब है कि श्रीलंका में दक्षिण-पश्चिम मानसून (मई से सितम्बर) और पूर्वोत्तर मानसून (दिसम्बर से मार्च) दो मुख्य मानसून मौसम होते हैं। इन अवधियों में अक्सर भारी वर्षा, तेज़ हवायें चलती हैं और व्यापक बाढ़ और भूस्खलन होती रहती हैं, जिसके कारण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचता है।

## इजरायल ने अमेरिकी प्रस्ताव स्वीकारने का दबाव बनाया

# हमास को विनाश की दी चेतावनी

**यरूशलम/गाजा।** इजरायल ने हमास को चेतावनी दी है कि वह पश्चिम एशिया के लिएए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से प्रस्तावित गाजा युद्ध विराम समझौते को स्वीकार करे या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार विटकॉफ के प्रस्ताव में गाजा में 60 दिनों के युद्ध विराम के बदले में दो चरणों में 10 इजरायली बंधकों रिहा करने और 18 शवों को सौंपने की बात कही गई है।

समझौते में 180 फलस्तीनियों के शवों के सौंपने के साथ 1236 फलस्तीनी बंदियों और कैदियों की इजरायल द्वारा रिहाई भी शामिल है। इजरायल के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने शुक्रवार को कहा कि इजरायली सेना ने गाजा में अपने अभियान को पूरी ताकत के साथ जारी रखा है और बड़े पैमाने पर हवाई, जमीनी तथा समुद्री हमले किए। इज़रायली सेना ने कल जारी एक बयान में कहा कि वायु सेना ने ज़मीनी बलों के साथ मिलकर गाजा पट्टी में कई ठिकानों पर हमले किए।

इस दौरान आतंकवादियों का सफाया हुआ और हथियारों को नष्ट किया गया। साथ ही, आतंकवादियों के भूमिगत ढांचे भी नष्ट हुए। इस दौरान, इज़रायली सैनिकों पर दो रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड दागे गए, जिसमें तीन सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। इज़रायली सेना के अनुसार, अक्टूबर 2023 के हमास हमले के दौरान पकड़े गए 251 बंधकों में से 57 गाजा में ही रह गए हैं, जिनमें से 34 के मारे जाने की आशंका है। दूसरी ओर इजरायली सेना ने कहा है कि पिछले सप्ताह में कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि गाजा में हमास के साथ इजरायल के चल रहे युद्ध के बीच क्षेत्र में तनाव बढ़ता जा रहा है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को कहा कि अभियान में सात हथियार और 70 लाख से अधिक शेकेल (लगभग 20 लाख अमेरिकी डॉलर) जब्त किए गए हैं। इजरायल के रक्षा मंत्रालय के अनुसार रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने उत्तरी वेस्ट बैंक में इजरायली बस्ती सा-नूर के स्थल का दौरा किया। गौरतलब है कि सा-नूर इजरायल के सुरक्षा मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित 22 बस्तियों में से एक है, जिसे इजरायल दशकों में वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों का सबसे बड़ा विस्तार बताता है। कैट्ज और वित्त मंत्री बेजेल स्मोट्रिच ने कहा है कि कई साइटें पहले से ही अनधिकृत चौकियों के रूप में मौजूद हैं और अब उन्हें इजरायली कानून के तहत कानूनी दर्जा दिया जाएगा। वहीं हमास ने कहा है कि वह पश्चिम एशिया के लिए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से पेश किए गए गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव के बारे में फलस्तीनी बलों और गुटों के साथ परामर्श कर रहा है। नाम न बताने की शर्त पर हमास के एक सूत्र ने शुक्रवार को कहा कि परामर्श का उद्देश्य प्रस्ताव के विवरण की जांच करना और अंतिम स्थिति निर्धारित करने से पहले फलस्तीनी हितों के साथ इसकी अनुकूलता सुनिश्चित करना है। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी समाचार ने बताया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार गाजा युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के लिए विटकॉफ के प्रस्ताव को स्वीकार करती है। एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी के हवाले से बताया कि प्रस्ताव में दो चरणों में 10 जिदा बंधकों और 18 शवों को सौंपे जाने के बदले में गाजा में 60 दिनों का युद्ध विराम शामिल है। इजरायल 180 फलस्तीनियों के शवों के साथ 1236 फलस्तीनी बंदियों और कैदियों को रिहा करेगा। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य बासम नैम ने एक बयान में कहा कि आंदोलन को अमेरिकी प्रस्ताव पर इजरायल की प्रतिक्रिया मिल गई है। इजरायल की स्थिति फलस्तीन की मुख्य मांगों को संबोधित करने में विफल रही है, जिसमें शत्रुता की पूर्ण समाप्ति और गाजा पर लंबे समय से चली आ रही नाकाबंदी को हटाना शामिल है।



■ 10 इजरायली बंधकों रिहा करने और 18 शवों को सौंपने का मुद्दा उठाया

■ गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव पर फलस्तीनी गुटों से परामर्श कर रहा है हमास

### दक्षिणी गाजा में इजरायली हवाई हमले में 14 फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में विस्थापित लोगों के लिएए लगाए गए एक तंबू पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 14 फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि शुक्रवार को हुए हमले में मारे गए लोगों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमले में कई अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिएए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, इजरायली सेना ने कहा है कि उसके बलों ने पिछले 24 घंटों में पट्टी भर में अभियान जारी रखा है और इस दौरान 'आतंकवादियों, सैन्य भवनों, निगरानी और स्नाइपर ठिकानों को निशाना बनाया गया है। ये वो ठिकाने हैं जो इजरायली बलों के लिएए खतरा पैदा कर रहे थे। एक अलग बयान में सेना ने कहा कि खान यूनिस क्षेत्र में काम कर रहे उसके बलों ने हमास के भूमिगत बुनियादी ढांचे की उपस्थिति के बारे में खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए लगभग एक किलोमीटर लंबी एक भूमिगत सुरंग का पता लगाया और उसे नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया कि सुरंग के मार्ग का उपयोग आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिएए किया गया था। आतंकवादियों ने क्षेत्र में नागरिक बुनियादी ढांचे का खुलेआम फायदा उठाया था। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इजरायल की ओर से 18 मार्च को दोबारा तीव्र सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद कम से कम 4058 फलस्तीनी मारे गए हैं और 11729 घायल हुए हैं।

## म्यांमार में नशीली दवाओं के बड़े पैमाने पर कारोबार का भंडाफोड़

**नेपीडॉ।** म्यांमार में अधिकारियों ने हाल के दिनों में देश के सबसे बड़े मादक पदार्थों के भंडाफोड़ में लगभग 20 लाख उत्तेजक गोलियां और 134 किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की है, जिनकी कीमत लगभग 30 लाख अमेरिकी डॉलर है। म्यांमार पुलिएस ने एक बयान में यह जानकारी दी। 'ग्लोबल लाइट ऑफ म्यांमार' की एक रिपोर्ट के अनुसार खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए, 20 मई की देर रात लेवे टाउनशिप में यह अभियान चलाया गया।

मादक पदार्थ प्रवर्तन इकाई एक संयुक्त टीम के नेतृत्व में अधिकारियों ने 20 मई की देर रात औंगनांगचो से प्यिनमाना जा रहे एक फूसो 12-पहिया ट्रक को रोका। ट्रक को ज़नि म्यो हेट आंग (उर्फ काला ले) चला रहा था और उसके साथ मिन खांट क्याव और म्यात सो ओ (उर्फ सुपर) भी थे। ट्रक में करीब दो लाख मेथामफेटामाइन की गोलियां और 134.2 किलोग्राम हेरोइन पाई गईं। इसके साथ ही दो शेवरले कारों को भी रोका गया, जो एस्कॉर्ट वाहन माने जा रहे थे। इनके चालक थुरिन को को, क्याव म्यो हलिएंग (उर्फ क्याव गी) और ने ओओ शीन को हिरासत में लिएया गया। जांच के बाद अगली सुबह और गिरफ्तारियां हुईं। पाइनमाना टाउनशिप के एक होटल में, पुलिएस ने पॉ लू (उर्फ पॉ लू चान), सो ल्विन और थीन सैन हटन (उर्फ काला ले) को पकड़ा, जिनके बारे में माना जाता है कि वे शान राज्य से मांडले तक ड्रग्स ले जाने वाले तस्करी नेटवर्क के सरगना हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू हो गई है, पुलिएस ने कहा कि बड़े पैमाने पर तस्करी के इस अभियान में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने और उन्हें हिरासत में लेने के प्रयास जारी हैं। यह नवीनतम जब्ती कुछ दिन पहले ही शान राज्य में हुई ऐसी ही एक छापेमारी के बाद हुई है, जहां अधिकारियों ने लगभग 93,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य की पांच लाख उत्तेजक गोलियां जब्त की थीं।



■ 20 लाख उत्तेजक गोलियां, 134 किलोग्राम हेरोइन जब्त

## स्टील-एल्युमीनियम पर अमेरिका में ऊंचे शुल्क से भारतीय निर्यातक चिंतित

■ ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिग निर्यात का हिस्सा है

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने अमेरिकी में स्टील और एल्युमीनियम पर आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की हाल की घोषणा पर चिंता व्यक्त की है और सरकार से भारतीय स्टील निर्यात की सुरक्षा के लिएए अमेरिका के साथ कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह किया है।


निर्यातकों का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ऐसी कार्रवाई से भारत के स्टील और एल्युमीनियम निर्यात, विशेष रूप से मूल्यवर्धित और तैयार स्टील उत्पादों और वाहनों के कल पुर्जों का निर्यात प्रभावित होगा भारत के निर्यातकों के शीर्ष मंच फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि अमेरिकी स्टील और एल्युमीनियम आयात शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि का विशेष रूप से स्टेनलेस स्टील पाइप, स्ट्रक्चरल स्टील कंपोनेंट और ऑटोमोटिव स्टील पार्ट्स जैसी अर्ध-तैयार और तैयार इस्पात उत्पादों के निर्यात पर प्रभाव पड़ेगा। ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिग निर्यात का हिस्सा हैं, और उच्च शुल्क अमेरिकी बाजार में हमारी मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता को कम कर सकते हैं। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को लगभग 6.2 अरब डॉलर मूल्य के स्टील और तैयार स्टील उत्पादों का निर्यात किया, जिसमें इंजीनियर्ड और फैब्रिकेटेड स्टील घटकों की एक विस्तृत श्रृंखला और लगभग 86 करोड़ डॉलर के एल्युमीनियम और उसके उत्पाद शामिल हैं। भारतीय स्टील निर्माताओं के लिएए अमेरिका शीर्ष गंतव्यों में से एक है, जो उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन और प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के माध्यम से धीरे-धीरे बाजार हिस्सेदारी बढ़ा रहे हैं। फियो के अध्यक्ष ने एक बयान में कहा कि हालांकि हम समझते हैं कि यह निर्णय अमेरिका में घरेलू नीतिगत विचारों से उपजा है।

## सोल में मेट्रो में लगी आग, 15 लोगों को अस्पताल में भर्ती

**सोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 8:47 बजे सबवे लाइन 5 की एक मेट्रो ट्रेन में आग लग गई, जिसमें 15 लोग झुलस गए, जिन्हें उपचार के लिएए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिएस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 60 से 70 साल का एक व्यक्ति मेट्रो में टॉर्च और जेरीकैन लेकर आया था। कथित तौर पर उसने येओइना: और मापो स्टेशनों के बीच आग लगा दी। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार आगजनी के संदिग्ध को पुलिएस ने गिरफ्तार कर लिएया है। ट्रेन में सवार यात्रियों को बाहर निकाल लिएया गया है। आग बुझाने का काम पूरा हो गया है।

## रूस-यूक्रेन वार्ता का नया दौर दो जून को होने की उम्मीद

### पुतिन ने पहले यूक्रेन को 15 मई को इस्तांबुल में बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी वार्ता फिर से शुरू करने का दिया था सुझाव





**मॉस्को/इस्तांबुल।** रूस-यूक्रेन वार्ता का नया दौर इस्तांबुल में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोआन के कार्यालय में होने की उम्मीद है। सूत्रों ने कहा कि सबसे अधिक संभावना है कि यह दौर फिर से डोलमाबाहचे में कार्यालय में होगा।

संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थाई प्रतिनिधि वसीली नेबेंजिया ने शुक्रवार को कहा कि इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ संभावित आगामी वार्ता में रूस वार्ता प्रक्रिया के लिएए दोनों पक्षों के दृष्टिकोणों पर ज्ञापनों का आदान-प्रदान करने का प्रस्ताव करता है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहले यूक्रेन को 15 मई को इस्तांबुल में बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी वार्ता फिर से शुरू करने का सुझाव दिया था। क्रेमलिएन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि यूक्रेन के साथ प्रस्तावित वार्ता का उद्देश्य संघर्ष के मूल कारणों को खत्म करना और रूस के हितों को सुनिश्चित करना है। रूसी प्रतिनिधिमंडल 15 मई को इस्तांबुल पहुंचा, लेकिन दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच कोई संपर्क नहीं हुआ। यह बैठक अगले दिन हुई और लगभग दो घंटे तक चली। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी व्लादिमीर मेडिस्की ने कहा कि दोनों देश संभावित युद्ध विराम के अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिएए सहमत हुए हैं। मेडिस्की ने यूक्रेन के साथ बातचीत जारी रखने के लिएए रूस की तत्परता भी बताई। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूसी प्रतिनिधिमंडल दो जून को इस्तांबुल में दूसरे दौर की वार्ता के दौरान यूक्रेनी पक्ष को समझौते पर एक ज्ञापन प्रस्तुत करने के लिएए तैयार है। रूस ने कहा है दो जून को इस्तांबुल में वार्ता आयोजित करने के उसके प्रस्ताव पर यूक्रेन की प्रतिक्रिया फिलहाल नहीं मिली है।

## भारतीय विद्यार्थियों को आकर्षित कर रहे रूसी विश्वविद्यालय

■ पिछले साल करीब 40000 भारतीय छात्र रूस में आए जिसे हम अपनी उपलब्धि मानते हैं

■ ये सहयोग न केवल शैक्षिक आदान-प्रदान हैं बल्कि हमारे देशों के बीच गहरी दोस्ती का प्रतीक भी है

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विदेशी विद्यार्थियों के प्रवेश पर अंकुश लगाने के ट्रम्प प्रशासन के प्रयास में रूसी विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों को नया अवसर दिख रहा है और वे भारतीय छात्र-छात्राओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के अभियान में लगे हैं।

रूसी विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थान प्रमुख भारतीय शहरों में विशेष सम्पर्क कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। रूसी संस्थान इस अभियान में अन्य बातों के साथ बता रहे हैं कि उनके यहां विशेष रूप से चिकित्सा (मेडिकल) शिक्षा का खर्च तुलनात्मक रूप से कम है और इस लिएए रूस भारतीय विद्यार्थियों के लिएए चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई का पसंदीदा स्थान बन गया है। इसी तरह के एक अभियान में शनिवार को यहां रूसी हाउस में आयोजित शिक्षा-मेले सैकड़ों विद्यार्थी और अभिभावक आए थे। मेले में रूस के प्रमुख मेडिकल विश्वविद्यालयों ऑरेनबर्ग स्टेट मेडिकल विश्वविद्यालय, पर्म स्टेट मेडिकल विश्वविद्यालय, बीबी गोरोडोविकोव कलमीक स्टेट विश्वविद्यालय , प्सकोव स्टेट विश्वविद्यालय और मारी स्टेट विश्वविद्यालय सहित कई प्रमुख रूसी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने उनके साथ संवाद किया। इस वर्ष रूसी शिक्षा मेला भारत के सात शहरों-मुंबई, त्रिवेंद्रम, कोलकाता, नई दिल्ली, पटना, अहमदाबाद, इंदौर, चंडीगढ़ और जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। दिल्ली में आज आयोजित कार्यक्रम में इन विश्वविद्यालयों ने अपने यहां प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक कार्यक्रमों, बुनियादी ढांचे, छात्रावास सुविधाओं और रूस में जीवन के बारे में जानकारी दी और इससे संबंधित प्रश्नों का समाधान किया। मेले मे मौजूद मारी स्टेट विश्वविद्यालय की कुलपति पेट्रोवा इरीना ने कहा कि हम भारतीय छात्रों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ विश्व के अन्य देशों की तुलना में मेडिकल संबधी उच्च शिक्षा को किफायती रूप में उपलब्ध कराते हैं। पिछले साल करीब 40000 भारतीय छात्र रूस में आए जिसे हम अपनी उपलब्धि मानते हैं। इस अवसर पर रूसी हाउस की निदेशक डॉ. एलेना रेमीज़ोवा ने कहा कि शिक्षा भारत-रूस सहयोग के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक है। रूसी शिक्षा मेले जैसी पहलों के माध्यम से हमारा लक्ष्य भारतीय छात्रों को रूस में विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों तक पहुंच प्रदान करना है। ये सहयोग न केवल शैक्षिक आदान-प्रदान हैं बल्कि हमारे देशों के बीच गहरी दोस्ती का प्रतीक भी हैं। अमेरिकी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में 2023-24 में 3.31 लाख छात्र-छात्राएं पढ़ रहे थे और वहां के लिएए भारत विदेशी विद्यार्थियों का सबसे बड़ा स्रोत था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने राजनीतिक निर्णयों के तहत आमेरिका में आव्रजन के नियम सख्त करने के साथ अमेरिकी विश्वविद्यालयों की विदेशी विद्यार्थियों को प्रवेश देने की क्षमता पर नियामकीय और वित्तीय अंकुश लगाने शुरू कर दिए हैं।

## पश्चिमी सूडान में ड्रोन हमले में छह की मौत, 15 घायल

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी कोर्डोफन प्रांत की राजधानी एल-ओबेद में एक अस्पताल को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले में कम से कम छह लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। स्वयंसेवी समूह इमरजेंसी लॉयर्स इनिशिएटिव ने एक बयान में कहा कि अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा शुक्रवार सुबह ड्रोन से एल-ओबेद इंटरनेशनल अस्पताल पर हमला किया।हमले में छह लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए, जिनमें मरीज, उनके साथी और चिकित्सा कर्मचारी शामिल हैं। समूह ने कहा कि हमले से अस्पताल को काफी नुकसान पहुंचा है, जिससे उसे चिकित्सा सेवाएं रोकनी पड़ी हैं। समूह ने कहा कि ड्रोन हमला उत्तरी कोर्डोफन राज्य के बारा शहर पर आरएसएफ बलों द्वारा की गई।

## नाइजीरिया में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 100 हुई



■ अगले 48 घंटों में और अधिक बारिश होने का अनुमान

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर राज्य में भारी बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 100 हो गई है।

राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनईएमए के वरिष्ठ अधिकारियों ने संवाद एजेंसी शिन्हुआ को टेलीफोन पर बताया कि आपदा वाले मोक्वा क्षेत्र का जायजा लेने गए अधिकारियों ने कल दोपहर और शव बरामद किए गए। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि फिलहाल कम से कम 100 शव बरामद किए गए हैं। गौरतलब है कि अधिकारियों ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया था कि बुधवार देर रात भारी बारिश ने मोक्वा में तबाही मचा दी जिससे 50 से अधिक मकान जलमग्न हो गए या बह गए। इन मकानों में लोग रह रहे थे। इस सप्ताह की शुरुआत में मौसम विज्ञान एजेंसी ने नाइजर सहित देश के मध्य क्षेत्र में आंधी और भारी बारिश की चेतावनी जारी की थी। अगले 48 घंटों में और अधिक बारिश होने का अनुमान है। दक्षिणी क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर भी भारी बारिश के आसार हैं। एनईएमए ने बताया कि देश भर में बाढ़ के प्रकोप से बचने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इस बीच बाढ़ की तैयारियों पर एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के दौरान एनईएमए की महानिदेशक जुबैदा उमर ने सरकार से जुड़े हर विभाग और संस्था से नदी क्षेत्रों में जल निकासी प्रणालिएयों, बांध और बाढ़-रोधी बुनियादी ढाँचे में निवेश करने का आग्रह किया।



# फिल्म सावी मेरे लिए हमेशा खास रहेगी: दिव्या खोसला



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला की फिल्म सावी के प्रदर्शन के एक साल पूरे हो गए हैं। दिव्या खोसला ने फिल्म सावी में मुख्य भूमिका निभाई थी और यह फिल्म उनके ऑन-स्क्रीन ट्रांसफॉर्मेशन की एक मजबूत मिसाल बन गई। आज इस फिल्म की रिलीज को एक साल पूरा हो गया है और दिव्या इस प्रोजेक्ट का जश्न मनाने को लेकर उत्साहित हैं। अभिनय देव के निर्देशन में बनी फिल्म सावी में दिव्या ने एक ऐसी गृहिणी की भूमिका निभाई जो अपने पति पर लगे झूठे हत्या के आरोप के खिलाफ हार नहीं मानती।

फिल्म सावी के एक साल पूरे होने पर दिव्या खोसला ने कहा, सावी मेरे दिल के बेहद करीब है और हमेशा खास रहेगी। ऐसा लग रहा है जैसे कल ही हम हर्षवर्धन राणे, अनिल कपूर और हमारे निर्देशक अभिनय देव के साथ शूट कर रहे थे। सावी का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मुझे पता था कि मुझे यह रोल करना है और एक पत्नी के उग्र रूप को सामने लाना है जो अपने पति के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

दिव्या खोसला ने कहा, मेरे लिए इससे बड़ी मान्यता कोई नहीं हो सकती थी कि मैंने ऐसा किरदार चुना जो दर्शकों से जुड़ गया और फिल्म की व्यावसायिक सफलता में योगदान दिया। मुझे खुशी है कि मैंने यह प्रोजेक्ट किया। दिव्या खोसला अब निर्देशक प्रेरणा अरोड़ा के साथ एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। फिलहाल इसका नाम सामने नहीं आया है, लेकिन दोनों की यह साझेदारी दर्शकों में उत्सुकता जगा रही है। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी जानका. रियां अभी सामने आनी बाकी हैं और आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

# कार्तिक आर्यन के इन फ्लाइट वीडियो पर विद्या ने ली चुटकी




कार्तिक आर्यन के इन-फ्लाइट वीडियो पर विद्या बालन ने की मज़ेदार प्रतिक्रिया

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने अभिनेता कार्तिक आर्यन के इन-फ्लाइट वीडियो पर मजेदार प्रतिक्रिया दी है। कार्तिक आर्यनन ने हाल ही में एक फ्लाइट से मज़ेदार वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें वह एक एयर होस्टेस से मिलते हैं जो हर तरह से उन्हें विद्या बालन की याद दिला देती हैं।

नाम से लेकर आवाज़ और ज़बरदस्त हंसी तक। मौके का फायदा उठाते हुए कार्तिक कैमरे की ओर देखकर मज़ाक में कहते हैं, हाय विद्या, बहुत दिनों बाद यह कार्तिक है और एयर होस्टेस भी उसी अंदाज़ में जवाब देती हैं, हाय विद्या यह विद्या है, लेकिन असली बाज़ी विद्या बालन ने अपनी शानदार प्रतिक्रिया से मार ली। उन्होंने कहा कि बचके रहना रूहबाबा, मैं हर जगह मिलूंगी। कार्तिक आर्यन यह एकदम चुटीला, डरावना और मज़ेदार जवाब थो जो फिल्म भूलभुलैया फ्रेंजाइजी से उनकी भूतिया भूमिका मंझुलिका की याद दिला गया। फैन्स इस मज़ेदार नोकझोंक पर फिदा हो गए।

# वरुण की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है का स्कॉटलैंड शैड्यूल पूरा





**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने अपनी आने वाली फिल्म है जवानी तो इश्क होना है का स्कॉटलैंड शैड्यूल पूरा कर लिया है। वरुण धवन इन दिनों अपने पिता डेविड धवन के निर्देशन में बन रही कॉमेडी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है की शूटिंग स्कॉटलैंड में कर रहे थे। इस फिल्म का स्कॉटलैंड शैड्यूल रैप-अप हो चुका है। वरुण धवन ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ एक खास नोट लिखा, स्कॉटलैंड में रुहै जवानी तो इश्क होना है के लिए हमारा शेड्यूल पूरा हो गया है। इतने दिनों से सभी लोग मिलकर इसे पूरा करने में लगे हुए हैं। जल्द ही आप सभी के लिए हंसी लेकर आऊंगा। अब घर वापस आ गया हूं। फिल्म है जवानी तो इश्क होना है 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टिप्स फिल्म्स के बैनर तले रमेश तौरानी इस फिल्म निर्माण कर रहे हैं।इस फिल्म में वरूण धवन के साथ मृणाल ठाकुर, पूजा हेगड़े मनीष पॉल, जिमी शेरगिल, मौनी रॉय, चंकी पांडे, राकेश बेदी और अली असगर भी हैं।

# सैयारा मेरी पसंदीदा प्रेम कहानियों को समर्पित: मोहित

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक मोहित सूरी का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म सैयारा उनकी पसंदीदा प्रेम कहानियों को समर्पित है। यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) द्वारा निर्मित और मोहित सूरी द्वारा निर्देशित सैयारा का टीज़र कल जारी होते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा चुका है। फिल्म सैयारा में अहान पांडे को एक पारंपरिक हीरो के रूप में और अनीत पड्डा (बिग गर्ल्स डोंट क्राइ फेम) को नई वाईआरएफ अभिनेत्री के तौर पर लॉन्च किया जा रहा है। मोहित सूरी ने कहा, आप कई तरह की कहानियां कह सकते हैं और लोगों को भावनात्मक यात्राओं पर ले जा सकते हैं, लेकिन रोमांस एक खास जॉनर है।

सैयारा मेरी उन प्रेम कहानियों को समर्पित है जिन्हें मैं खुद बेहद पसंद करता हूं, जिनसे मेरा जीवन कभी न कभी टकराया है। मैंने कई लोगों की असाधारण प्रेम कहानियां सुनी हैं, जो मेरे लिए प्रेरणा बनी। मोहित सूरी ने कहा, सैयारा के टीज़र को मिली एकमत प्रतिक्रिया देखकर दिल खुश हो गया। मैं अहान और अनीत के लिए बहुत उत्साहित हूं क्योंकि उन्होंने अपने अभिनय से लोगों से तुरंत जुड़ाव बना लिया। यह पल मैं अपनी टीम और वायआरएफ के साथ साझा करना चाहता हूं। आशा है कि जैसे-जैसे हम फिल्म की मार्केटिंग में इसकी अलग-अलग परतें खोलते जाएंगे, लोग उससे उतना ही जुड़ते जाएंगे। वाईआरएफ के सीईओ और निर्माता अक्षय विधानी ने कहा,रोमांस यशराज फिल्म्स की पहचान रहा है। सैयारा के माध्यम से हम प्रेम के उस पक्ष को एक्सप्लोर कर रहे हैं जो गहराई से भावुक, पर साथ ही उत्साहवर्धक भी है। दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरना हमारे लिए बेहद ज़रूरी था, खासकर तब जब हम रोमांटिक शैली में वापसी कर रहे हैं। मोहित सूरी जैसे निर्देशक के साथ काम करने का मौका पाकर हम बेहद खुश थे। उनकी संवेदनशीलता और समझ इस कहानी को एक नई ऊंचाई पर ले गई। हमें खुशी है कि दर्शकों ने इसे इतनी गर्मजोशी से स्वीकारा। सैयारा इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए हम दो प्रतिभाशाली नए कलाकारों अहान पांडे और अनीत पड्डा को लॉन्च कर रहे हैं। हमारा सपना था कि इन दोनों को एक ऐसी प्रेम कहानी में लॉन्च करें जो लंबे समय तक लोगों के दिल में रहे। फिल्म सैयारा 18 जुलाई, 2025 को दुनियाभर में रिलीज़ होगी।

# मुकेश के कहने पर अनिल विश्वास ने गाना छोड़ दिया

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा जगत के दिग्गज संगीतकार और गायक अनिल विश्वास ने पार्श्वगायक मुकेश के कहने पर गाना छोड़ दिया था। पार्श्वगायक मुकेश के रिश्तेदार मोतीलाल के कहने पर अनिल विश्वास ने मुकेश को अपनी एक फिल्म में गाने का अवसर दिया था, लेकिन उन्हें मुकेश की आवाज पसंद नहीं आई। बाद में उन्होंने यह वह गाना अपनी आवाज में गाकर दिखाया। इस पर मुकेश ने अनिल से कहा, दादा बताइए कि आपके जैसा गाना भला कौन गा सकता है यदि आप ही गाते रहेंगे तो भला हम जैसे लोगों को कैसे अवसर मिलेगा। मुक. ेश की इस बात ने अनिल को सोचने के लिए मजबूर कर दिया और उन्हें रातभर नींद नहीं आई। अगले दिन उन्होंने अपनी फिल्म पहली नजर में मुकेश को बतौर पार्श्वगायक चुन लिया और निश्चय किया कि वह फिर कभी व्यावसायिक तौर पर पार्श्वगायन नहीं करेंगे। अनिल विश्वास का जन्म सात जुलाई 1914 को पूर्वी बंगाल के वारिसाल अब बांग्लादेश में हुआ था। बचपन से ही उनका रूझान गीत संगीत की ओर था। महज 14 वर्ष की उम्र से ही उन्होंने संगीत समारोह में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था जहां वह तबला बजाया करते थे। वर्ष 1930 में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम अपने चरम पर था। देश को स्वतंत्र कराने के लिए छिड़ी मुहिम में अनिल भी कूद पड़े। इसके लिए उन्होंने अपनी कविताओं का सहारा लिया। कविताओं के माध्यम से अनिल देशवासियों मे जागृति पैदा किया करते थे। इसके कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा। अनिल वर्ष 1930 में कलकत्ता के रंगमहल थिएटर से जुड़ गए जहां वह बतौर अभिनेता,पार्श्वगायक और सहायक संगीत निर्देशक काम करते थे। वर्ष 1932 से 1934 अनिल थिएटर से जुड़े रहे। उन्होंने कई नाटकों में अभिनय और पार्श्वगायन किया। रंगमहल थिएटर के साथ ही अनिल हिदुस्तान रिकॉर्डिंग कंपनी से भी जुड़े। वर्ष 1935 में अपने सपनों को नया रूप देने के लिए वह कलकत्ता से मुंबई आ गए। वर्ष 1935 में प्रदर्शित फिल्म धरम की देवी से बतौर संगीत निर्देशक अनिल ने अपने सिने करियर की शुरुआत की। साथ ही फिल्म में उन्होंने अभिनय भी किया। वर्ष 1937 में महबूब खान निर्मित फिल्म जागीरदार अनिल के सिने करियर की अहम फिल्म साबित हुई।

# 20 जून को जी-5 पर रिलीज होगी दिलजीत दोसांझ की फिल्म






**मुंबई।** पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ की फिल्म डिटेक्टिव शेरदिल 20 जून को जी5 पर रिलीज होगी। फिल्म डिटेक्टिव शेरदिल में दिलजीत दोसांझ एक अजीबोगरीब जासूस की भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की शूटिंग बुडापेस्ट में हुई है और इसका निर्देशन रवि छाबड़िया ने किया है, जो बतौर निर्देशक उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ के साथ डायना पेंटी, बोमन ईरानी, चंकी पांडे, रत्ना पाठक शाह, बनिता संधू और सुमीत व्यास जैसे शानदार कलाकार नजर आएंगे।

फिल्म की कहानी को अली अब्बास जफर, सागर बाजाज और रवि छाबड़िया ने लिखा है। इस फिल्म का निर्माण अली अब्बास जफर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले किया है। अली इसके पहले फिल्म दिलजीत को लेकर फिल्म जोगी भी बना चुके हैं। अली अब्बास जफर ने कहा, दिलजीत के साथ जोगी में काम करने के बाद मुझे यकीन था कि हमें फिर साथ काम करना चाहिए। वह एक शानदार कलाकार हैं। यह फिल्म आपको हंसाएगी और रहस्य से भरपूर रखेगी। सह-निर्माता हिमांशु मेहरा ने भी दिलजीत की तारीफ करते हुए कहा, कम ही कलाकार हास्य और सस्पेंस दोनों को इतनी आसानी से निभा पाते हैं। दिलजीत उनमें से एक हैं। यह फिल्म परिवार के साथ देखने के लिए शानदार है।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor